राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 126
लखनऊ, मंगलवार 06 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





साइबर अपराधों के विरुद्ध सतर्कता व जागरूकता ही बड़ा हथियार : योगी 03

एचटी लाइन की चपेट में आने से दो नाबालिग मजदूर झुलसे 10


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट = | 1,38,370/ |
| 22 कैरेट = | 1,26,850/ |
| 18 कैरेट = | 1,03,820/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| = | 2,48,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### रूस तेल आयात को लेकर ट्रंप ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री ट्रंप ने कहा, श्री मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। श्री मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं।

### पात्र भारतीय, मतदाता सूची से न छूटें : मुख्य चुनाव आयुक्त

**देवघर।** झारखंड के देवघर जिले में सोमवार को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन भी किया। देवघर के तपोवन स्थित श्री श्री मोहनानंद प्लस-टू विद्यालय में आयोजित बीएलओ संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जैसे लोकतंत्र की बुनियाद शुद्ध और सटीक मतदाता सूची होती है, वैसे ही शुद्ध मतदाता सूची की नींव बीएलओ होते हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य विभिन्न चरणों में चल रहा है। हालांकि, झारखंड में अभी इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यहां के बीएलओ की तैयारियों और प्रक्रिया की स्पष्ट समझ यह दर्शाती है कि गहन पुनरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी कथित घोटाला मामले में आरोप तय करने के आदेश के खिलाफराष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने फिलहाल मुकदमे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि जांच एजेंसी के जवाब पर गौर किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से यादव की याचिका और रोक के आवेदन पर जवाब मांगा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 जनवरी की तारीख तय की। निचली अदालत ने 13 अक्टूबर, 2025 को आरोपी व्यक्तियों दृ लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और 11 अन्य के खिलाफभारतीय दंड संहिता` के तहत और आपराधिक साजिश के साथ साथ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धाराओं में आरोप तय किए थे।

# राहत : सिपाही भर्ती में अभ्यर्थियों को मिलेगी उम्र में तीन साल की छूट

▸ सीएम योगी ने सिपाही भर्ती को लेकर किया ऐलान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही भर्ती से संबंधित बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में तीन साल की छूट देनी की घोषणा की है, जिससे भर्ती में शामिल होने वाले हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी। वहीं, सीएम योगी के इस फैसले के बाद, भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अब अपनी आयु से संबंधित नियमों को लेकर कोई भी परेशानी नहीं होगी।

सीएम योगी के इस फैसले के बाद, उत्तर प्रदेश पुलिस और जेल विभाग में 32,679 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सीएम योगी का यह कदम उन हजारों अभ्यर्थियों के लिए राहत देने वाला साबित होगा जो पहले बढ़ती उम्र सीमा में अटके हुए थे। शासनादेश



जारी होने के बाद अभ यह सभी वर्गों के हित में महत्वपूर्ण फैसला साबित होगा। बता दें कि, इस निर्णय में आरक्षी, विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के पदों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही महिला बटालियन और जेल वार्डर के पदों के लिए भी अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने इस छूट को सभी वर्गों के लिए लागू करने का आदेश दिया है, जिससे प्रत्येक वर्ग के युवा अपनी उम्मीदों को पंख लगा सकेंगे। सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों को भरे जाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासनादेश के अनुसार आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुष,महिला), आरक्षी पीएसी,सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन हेतु महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) तथा जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को यह आयु शिथिलीकरण एक बार के लिए प्रदान किया जाएगा।

सरकार द्वारा यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के आलोक में लिया गया है। यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुक्रम में 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे।

योगी सरकार का यह कदम साफ संदेश देता है कि प्रदेश की सरकार युवाओं की वास्तविक समस्याओं को समझती है और समाधान के लिए ठोस फैसले लेने से पीछे नहीं हटती। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को न्यायसंगत अवसर देना, रोजगार के अधिक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराना और प्रशासनिक निर्णयों में संवेदनशीलता बनाए रखना योगी सरकार की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है।

पुलिस भर्ती में आयु सीमा शिथिलीकरण का यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं की उम्मीदों को नया बल देगा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि योगी आदित्यनाथ सरकार में युवाओं का भविष्य नीति निर्धारण के केंद्र में है।

### सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ने की थी आयु सीमा बढ़ाने की मांग

यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में सामान्य वर्ग की आयु सीमा बढ़ाने का मुद्दा सिर्फ सत्ता पक्ष तक सीमित नहीं था। राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना समेत भाजपा विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी (देवरिया सदर), दिनेश रावत (हैदरगढ़) और निषाद पार्टी के विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी (मेंहदावल) ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर सामान्य वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18-22 वर्ष से बढ़ाकर 25 वर्ष करने की मांग की थी। विधायकों का कहना था कि भर्ती में वर्षों की देरी के कारण लाखों योग्य युवा आयु सीमा पार कर चुके हैं। अनिल कुमार त्रिपाठी ने पीएसी और जेल वार्डर की भर्ती 2018 के बाद न आने और पूर्व में दिए गए आयु-छूट के आश्वासन का भी उल्लेख किया था। इस मांग को विपक्ष का भी समर्थन मिला है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही से भर्ती में देरी हुई, जिससे कई अभ्यर्थी अयोग्य हो गए। वहीं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी।

## कल्याण सिंह ने आरएसएस की पाठशाला में पढ़ा राष्ट्रवाद का पाठ : सीएम योगी

▸ योगी ने कल्याण सिंह को किया नमन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण कल्याण सिंह बाबूजी की 94वीं जयंती के अवसर पर 2 माल एवेन्यू स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह ने सत्ता नहीं बल्कि संकल्प और सिद्धांत को चुना व यही उनके सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी पहचान रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1991 में जब बाबूजी कल्याण सिंह ने उत्तर प्रदेश के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की कमान संभाली, तब राज्य अव्यवस्था, अराजकता और अपराध की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा था।

आतंकी गतिविधियां सिर उठा रही थीं और शासन की योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रहा था। प्रशासनिक तंत्र कमजोर था और कानून-व्यवस्था पर भरोसा डगमगा चुका था। ऐसे कठिन समय में बाबूजी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और प्रदेश में सुशासन की दिशा में आगे बढ़ने का विश्वास जगा। प्रत्येक प्रदेशवासी के मन में यह भावना प्रबल हुई कि उत्तर प्रदेश अब दृढ़ संकल्प के साथ विकास के नए सोपान तय करेगा। इस दौरान उनकी सरकार को अस्थिर करने के लिए राजनीतिक षड्यंत्र भी रचे गए। बाबूजी कल्याण सिंह का कार्यकाल श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के निर्णायक दौर से जुड़ा रहा। उन्होंने रामभक्तों और संत समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए आराध्य प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट आस्था को सर्वोपरि रखा। सत्ता की परवाह किए बिना कर्तव्य, सिद्धांतों के अनुरूप निर्णय लिये।



आवश्यकता पड़ने पर सत्ता त्यागने से भी पीछे नहीं हटे। बाबूजी की सरकार भले ही चली गई हो लेकिन श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं स्वीकार की और साहस के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका शासनकाल सुशासन, विकास और राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाले एक निर्णायक अध्याय के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा। किसान परिवार में जन्मे बाबूजी कल्याण सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला से राष्ट्रवाद की प्रेरणा प्राप्त की और उसे अपने जीवन का मूल मंत्र बना लिया। वे जीवनपर्यंत उसी विचारधारा के अनुरूप कार्य करते रहे और उत्तर प्रदेश की राजनीति को स्पष्ट दिशा देने का कार्य किया।इस दौरान कार्यक्रम संयोजक पूर्व सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैया' ने कहा कि बाबूजी एक विचार और एक युग थे। उन्होंने सत्ता को कभी लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि संकल्प और सिद्धांत को सर्वोपरि रखा। बाबूजी की राजनीति समाज को जोड़ने वाली थी। उन्होंने सामाजिक न्याय को नारे के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहार और नीति के रूप में स्थापित किया। पिछड़े, वंचित, किसान, नौजवान और महिलाओं को मुख्यधारा में सम्मान के साथ लाना उनके जीवन का संकल्प था। राजू भैया ने कहा कि बाबूजी ने सिखाया कि पद बड़ा नहीं होता, प्रतिबद्धता बड़ी होती हैय सत्ता अस्थायी होती है, संकल्प स्थायी होता है।

## प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में आठ जनवरी तक अवकाश

▸ शीतलहर के चलते डीएम विशाख शेखर ने जारी किया आदेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जनपद लखनऊ में शीतलहर एवं मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 08 तक संचालित सभी विद्यालयों में अवकाश रहेगा। कक्षा 09 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं प्रातः 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक संचालित की जायेंगी।

लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी पत्र में लिखा है कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समस्त परिषदीय/ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय/सहायता प्राप्त विद्यालय व समस्त बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों/कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों तथा राजकीय अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में अवकाश रहेगा।

## दिल्ली ब्लास्ट मामला : यासिर अहमद की हिरासत बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लाल किला विस्फोट मामले के आरोपी यासिर अहमद डार को एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को 11 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डार को अदालत में पेश किया गया और उसके बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने उसे 16 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने पिछले साल 26 दिसंबर को डार की एनआईए हिरासत 10 दिन के लिए बढ़ा दी थी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 18 दिसंबर को मामले में नौवें आरोपी डार को गिरफ्तार




किया था। एनआईए के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर का रहने वाला डार आत्मघाती हमलावर उमर-उन-नबी का करीबी था, जो 10 नवंबर को लाल किले के बाहर विस्फोटकों से भरी कार चला रहा था। एनआईए ने कहा कि कथित तौर पर डार ने विस्फोट की साजिश रचने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। इस मामले में अब तक डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राथेर, डॉ. शाहीन सईद समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह धमाका एक हुंडई आई 20 कार में हुआ था, जिसमें आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी ड्राइविंग सीट पर था।

## उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच मोदी से मिले योगी, भेंट की राम मंदिर की प्रतिकृति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश



विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज नई दिल्ली में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। आपका पाथेय नये उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और अधिक गति प्रदान करने हेतु सदैव नवीन ऊर्जा का संचार करता है। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने भी श्री मोदी से मुलाकात की। श्री गुप्ता ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट में लद्दाख में जन कल्याण, मुख्य विकास प्राथमिकताओं, अवसंरचना, कनेक्टिविटी, पर्यटन और समावेशी विकास पर चर्चा की।

### पंजाब के सीएम भगवंत मान को अकाल तख्त साहिब से नोटिस जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब में गुरु ग्रंथ साहिब के पावर स्वरूप के गायब होने के मामले ने सोमवार को नया मोड़ ले लिया। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडग़ज ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को नोटिस जारी कर 15 जनवरी को अकाल तख्त सचिवालय में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। अकाल तख्त साहिब सचिवालय की ओर से मुख्यमंत्री के नाम जारी पत्र में कहा गया है कि लंबे समय से चले आ रहे पंथक मामलों के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर अकाल तख्त साहिब की सिख रहित मर्यादा और उसकी सर्वोच्चता को ठेस पहुंचाई गई है।

## पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर, उत्तर प्रदेश का इटावा जिला शिमला से ज्यादा रहा सर्द

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में भी सर्दी का सितम जारी है।

सोमवार को सर्दी का आलम यह रहा कि उत्तर प्रदेश का इटावा जनपद सबसे ज्यादा सर्द रहा और शिमला और मनाली 2.6 डिग्री तापमान से भी कम 2.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके चलते यहां शीतलहर का सबसे अधिक प्रकोप देखने को मिला। इटावा के बाद बहराइच में पारा 3.0 डिग्री, गोरखपुर 5.0? डिग्री सेल्सियस,



सुल्तानपुर में 5.4 डिग्री सेल्सियस और आजमगढ़ में 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आज प्रदेश के 13 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 22 जिलों में दिन के तापमान में भारी गिरावट यानी शीत लहर होने की आशंका जताई गई है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. पांडेय ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते पश्चिम व तराई के कई जिलों में कड़ाके की सर्दी पड़ी है। इसके चलते कानपुर, कानपुर देहात, इटावा, बाराबंकी, शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई आदि जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री या इससे नीचे दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस माह शीतलहर के दिन औसत से 3 दिन अधिक रह सकते हैं।

## विधि व न्याय मंत्रालय ने नियुक्त किया जय कृष्ण को इलाहाबाद हाईकोर्ट का न्यायाधीश

▸ वर्तमान में हैं उत्तर प्रदेश सरकार के सहायक शासकीय अधिवक्ता

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने आज अधिसूचना जारी कर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता जय कृष्ण उपाध्याय को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया है। इस आशय की अधिसूचना भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के संयुक्त सचिव जगन्नाथ श्रीनिवासन ने आज जारी की है। श्री उपाध्याय इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार के सहायक शासकीय अधिवक्ता हैं।



विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने इनके नाम की सिफारिश इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज बनाये जाने को लेकर केंद्र सरकार को भेजी थी। केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश पर श्री उपाध्याय को इलाहाबाद हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है। वह शीघ्र हाईकोर्ट जज की शपथ लेंगे।

### महत्वपूर्ण कदम : दिल्ली में रेबीज होगा अधिसूचित रोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार इंसानों में होने वाले रेबीज को अब महामारी रोग अधिनियम के तहत अधिसूचित बीमारी घोषित करने जा रही है। इस संबंध में जल्द ही औपचारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। सरकार का कहना है कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य रेबीज के मामलों की प्रभावी निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग और त्वरित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि इस घातक लेकिन पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी से होने वाली मौतों को रोका जा सके। अधिसूचना जारी होते ही दिल्ली के सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए यह अनिवार्य हो जाएगा।

जलावतरण

### खोज व बचाव अभियानों, तटीय गश्त व समुद्री सुरक्षा को भी मजबूती प्रदान करेगा जहाज

## पोत 'समुद्र प्रताप' का नाम इसकी गरिमा और शक्ति का प्रतीक

एजेंसी

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा में भारतीय तटरक्षक बल के पोत 'समुद्र प्रताप' का सोमवार को जलावतरण किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'समुद्र प्रताप' का नाम ही इसकी गरिमा और शक्ति का प्रतीक है। यह जहाज न केवल प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, बल्कि खोज एवं बचाव अभियानों, तटीय गश्त और समुद्री सुरक्षा को भी मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और सैनिकों को बधाई देते हुए कहा कि वे




समय, मौसम और परिस्थितियों की परवाह किए बिना देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में जुटे रहते हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के इंजीनियरों और कामगारों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने इस विशाल पोत को तैयार किया। उन्होंने कहा कि यह भारत की पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में अब तक का सबसे बड़ा जहाज है। इसका डिस्प्लेसमेंट 4170 टन और लंबाई 150 मीटर है। इसकी अधिकतम गति 22 नॉटिकल मील प्रति घंटा होगी, जो इसकी परिचालन क्षमता को दर्शाती है। इसमें उन्नत प्रदूषण डिटेक्शन सिस्टम, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाएं और आधुनिक अग्निशमन क्षमता मौजूद है। इसमें हेलीकॉप्टर हैंगर और एविएशन सपोर्ट की सुविधा भी है, जिससे इसकी पहुंच और प्रभावशीलता कई गुना बढ़ जाती है। इन क्षमताओं के कारण यह जहाज कठिन समुद्री परिस्थितियों में भी स्थायी रहकर काम कर सकता है और वास्तविक अभियानों में अत्यंत कारगर साबित होगा। कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, दक्षिण गोवा के सांसद विरयाटो फर्नांडीस समेत कई नेता और तटरक्षक बल के अधिकारी मौजूद रहे। भारतीय तटरक्षक बल के अनुसार यह पोत उच्च सटीकता वाले अभियानों के संचालन में सक्षम है। यह चिपचिपे तेल से प्रदूषकों को पुनः प्राप्त करने, दूषित पदार्थों का विश्लेषण करने और दूषित पानी से तेल को अलग करने की क्षमता रखता है। यह पोत विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्मित दो जहाजों में से एक है और इसे अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह तेल रिसाव का पता लगाने और उससे निपटने के लिए उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर और उसके बाहर व्यापक प्रदूषण-रोधी अभियान चलाना संभव होगा।

# भारत एक सनातन व हिन्दू राष्ट्र है : संघ जिला प्रचारक

**▸ संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत ढोल कुआ मंडल में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन**

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विशेश्वरगंज खंड के ढोल कुआ मंडल के रूद्रा मैरिज लान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक अजय जी ने कहा कि पूज्य संतों की अगुवाई में देश आगे बढ़ा है। संपूर्ण दुनिया में जो गौरवपूर्ण स्थान इस देश को मिला उसके पीछे यहां की संत परंपरा है, आध्यात्मिक चेतना है, आध्यात्मिक शक्ति है। इनही पूज्य सन्तों द्वारा सनातन का धर्म का प्रचार होता है और हिंदू धर्म को परिभाषित किया जाता है, और हिंदू धर्म क्या है? हिंदू परंपरा क्या है? हिंदू संस्कृति क्या है? इसकी व्याख्या पूज्य सन्तों द्वारा बताया गया। सनातन जो पुरातन है लेकिन वास्तव में सनातन धर्म युक्त जीवन जीने की कला है। सनातन केवल एक धर्म नहीं है। सनातन धर्म जीवन जीने की शैली है। सनातन एक वृत्ति है, सनातन धर्म एक अवधारणा है। इसलिए सनातन धर्म को केवल पूजा पद्धति में व शब्दों में बांधना न्यायोचित नहीं होगा। सनातन धर्म उद्घोष करता है सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद दुख भागभवेत यह ही सनातन धर्म है। ब्रह्मांड में केवल एक ही धर्म है। बाकी सब पूजा पद्धति है पंथ है। सनातन के गहराइयों में जाएंगे तो कभी सामाजिक विषमता नहीं होगी। मन के भीतर भी नहीं होगा। जो सच्चा सनातनी है वही देश और धर्म के संरक्षण के लिये मर सकता है, मिट सकता है लेकिन सनातन को मिटने नहीं देता।

सनातन का मतलब आराधना नहीं है सनातन संस्कार है, सेवा है सनातन अनुशासन का प्रतिबिंब है, प्रतिरूप है। हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा यदि भगवान राम ने अपने जीवन में समरसता स्थापित नहीं की होती, तो लोग उन्हें भगवान नहीं मानते।लोग कहते हैं भारत के अंदर छुआछूत सामाजिक विषमता तो बहुत पहले से थी। यदि छुआछूत बहुत पहले से होती तो चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ व सुमंत एक ही गुरुकुल में नहीं पढ़ते। एक समाज के सबसे ऊंचे स्थान का व्यक्ति व एक निचले स्थान का व्यक्ति एक ही शिक्षा मंदिर में जाकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। इससे बड़ा सामाजिक समरसता का उदाहरण नहीं हो सकता। हिंदू सम्मेलन समिति के रामकृष्ण पांडे ने प्रकृति संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जैसे हम बच्चों का संरक्षण करते है, बच्चों के स्वास्थ्य की, शिक्षा की, संस्कार की वैसे ही वृक्षों की भी चिंता करनी पड़ेगी तब जाकर पर्यावरण का संरक्षण होगा। इससे पूर्व हिंदू सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष जिला प्रचारक अजय द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्चन कर हुआ। कार्यक्रम का संचालन हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक जयप्रकाश द्विवेदी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर सतीश चंद्र तिवारी, सुशीला देवी, वंदना द्विवेदी, सत्येंद्र गोस्वामी, सचिन गिरि, हर्षित, उदय, जगदंबा, चन्द्र प्रकाश तिवारी, खंड कार्यवाह विशेश्वरगंज अशोक सहित सनातन प्रेमी संत समाज, मातृ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ।

## सीएचसी में मनमानी बेनकाब, सीएमओ ने नदारद कर्मियों को किया अनुपस्थित

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज,बहराइच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशेश्वरगंज में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की खुली मनमानी उस समय बेनकाब हो गई, जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने सुबह 10.30 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश डॉक्टर, नर्स व कर्मचारी ड्यूटी से नदारद पाए गए, जिससे मरीजों की सुरक्षा और इलाज व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

सीएमओ ने ओपीडी, लेबर रूम, लैब, वार्ड, दवा वितरण कक्ष व अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। कई स्थानों पर गंदगी, अव्यवस्था और लापरवाही साफ नजर आई। उपस्थिति पंजिका के मिलान में स्टाफ की गैरहाजिरी सामने आते ही सीएमओ ने मौके पर ही सभी नदारद कर्मियों को अनुपस्थित घोषित कर दिया।

डॉ. संजय कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि सरकारी अस्पताल किसी की निजी जागीर नहीं हैं। मरीजों को समय पर उपचार, साफ-सफाई और अनुशासन देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लापरवाही बरतने वालों से स्पष्टीकरण तलब किया जा रहा है, संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई तय है। अचानक हुई इस कार्रवाई से सीएचसी परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

निरीक्षण ने न केवल अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी, बल्कि यह भी साफ कर दिया कि अब लापरवाह कर्मचारियों पर सख्ती तय है।

## 13वीं पुण्यतिथि पर महसी के पूर्व विधायक पं रामहर्ष की श्रद्धांजलि सभा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विवेकानंद के सपनों को साकार करने को महसी क्षेत्र में विवेकानंद इंटर कॉलेज स्थापित करके शिक्षा की ज्योति ,अलख और मशाल जलाई थी। संस्था प्रबंधक व कार्यक्रम अध्यक्ष पं देवेश चन्द्र मिश्र ने इस अवसर 51 पात्र बच्चों व विद्यालय के 5 रसोइयों को कंबल बांटकर संस्थापक के पग़ चिन्हों पर चलने का प्रयास किया। मुख्य अतिथि सनातन धर्म परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ स्वामी भगवताचार्य ने जहां संस्थापक ब्रह्मलीन पं रामहर्ष मिश्र को बताया राजनीति का संत वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पं रामछबीले शुक्ल व पं रामजी बाजपेई एडवोकेट ने बताया न्यायप्रिय जननेता। कार्यक्रम का संचालन साहित्यभूषण पुरस्कार प्राप्त कवि पं रामकरण मिश्र सैलानी ने किया जबकि अन्य कवियों रामसंवारे द्विवेदी चातक तथा रामधीरज शर्मा ने अपनी रचनाएं तथा पं रामहर्ष मिश्र स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा। अन्य उपस्थित अतिथियों में पूर्व प्रमुख पं कृपाशंकर अवस्थी, पं पुत्तीलाल बाजपेई,पं केदारनाथ अवस्थी, पं पुंडरीक पाण्डेय,अभय मिश्र, प्रफुल्ल चंद मिश्र, प्राचार्य यशपाल सिंह, अतुल विवेक, रणजीत सिंह कनौजिया राममहेश, शैलेष चंद्र रत्नेश,कृष्ण कुमार शुक्ल,राजेंद्र पाठक, चंद्रशेखर पाठक, नीरज पाण्डेय, सत्यम मिश्र, करुणेश त्रिवेदी, मिथलेश यादव, चंद्र प्रकाश मिश्र, सियाराम विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**बहराइच।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। वह ठंड से बचने के लिए अलाव जलाने के लिए लकड़ियां तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया। गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया। यह घटना गुलरा ग्राम में हुई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय लाला राम के रूप में हुई है। लाला राम अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ से लकड़ियां तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह जमीन पर जा गिरा। परिवार के सदस्य उसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद परिजनों में मातम छा गया। सूचना मिलने पर मोतीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## बहराइच ग्लैडिएटर्स व बहराइच थंडर के मध्य खेला गया पहला मुकाबला

**▸ मुख्य अतिथि सांसद डॉ आनंद गोंड़ व सुरेश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** इंदिरा गांधी स्टेडियम में सोमवार को ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोंड़ व सुरेश प्रताप सिंह मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामकरन टेकड़ीवाल, राहुल राय, सत्य प्रकाश सिंह सत्या, टिंकू सिंह,इशरत महमूद खान मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, फीता काटकर, व गुब्बारा छोड़कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच थंडर के कप्तान वत्सल सिंह ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बहराइच ग्लेडिएटर की टीम आल आउट होकर 124 रनों का स्कोर खड़ा किया। ग्लेडिएटर की तरफ से कप्तान दिव्यांश सिंह ने 44 एवं आर्यन क्षितिज ने 27 गेंदों में 47 रनों की बेहतरीन पारी खेली। थंडर की तरफ से असद हुसेन ने 4 एवं वत्सल सिंह ने 2 विकेट अपने नाम किए। 125 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए थंडर की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 112 रन ही बना सकी। थंडर की तरफ से मोहित मिश्रा ने 36, आकाश गोंड ने 26 एवं असद हुसैन ने 20 रनों का योगदान दिया। लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। बहराइच ग्लेडिएटर की तरफ से अनुज ठाकुर ने 2 एवं अन्य सभी गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 1-1 विकेट अपने नाम किए। बहराइच ग्लेडिएटर ने 12 रनों से यह मुकाबला जीत लिया।

शानदार प्रदर्शन करने पर अनुज ठाकुर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया एवं आर्यन क्षितिज को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आज के मैच में अम्पायरिंग की भूमिका में अकील अहमद एवं आतिफ खान रहे। स्कोरर की भूमिका गोविन्द चौहान ने निभाई। आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस अवसर पर राशिद हुसैन चांद, जुबेर फारुखी, सुनील राय, रामानंद सिंह, भूपेंद्र पांडे, आयुश चित्रांश, देवाशीष राय, प्रदीप गुप्ता,आशुतोष कैराती, तुषार सोनी, यश चौरसिया, कार्तिकेय सिंह, सारिक, कृष्णा सिंह एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे। कल टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला बहराइच हंटर्स एवं बहराइच थंडर्स के बीच खेला जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सैकड़ों संगत ने टेका माथा, फूलों से सजाई गई पालकी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में संगत ने गुरुद्वारे में मत्था टेका। गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को सफेद फूलों और पीले गेंदे से सजाया गया था, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया ।प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन दरबार सजाया गया। पटियाला से आए रागी जत्था भाई प्रिंसपाल सिंह जी और हजूरी रागी फतेह सिंह जी ने अपनी वाणी से साध संगत को निहाल किया। देहरादून गुरुद्वारे से आए रागी जत्था ने भी मधुर शबद कीर्तन प्रस्तुत किए ।इस दौरान अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं और बच्चों सहित कई सेवादारों ने अपनी सेवाएं दीं। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ की ओर से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। इसमें डॉ. आसिफ अली और डॉ. अमित पांडेय ने सिख श्रद्धालुओं की निशुल्क जांच और परामर्श दिया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष मंदीप सिंह वालिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व गुरुद्वारा परिसर में मनाया गया। मटेरा, गौरा, धनौली, निहालसिंह पुरवा, पयागपुर, श्रावस्ती और फखरपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से संगत इस पर्व में शामिल हुई। गुरुद्वारे के हेडग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह जी ने सरबत के भले के लिए अरदास की। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा संरक्षक मनजीत सिंह शम्पी, भूपेंद्र सिंह वालिया, परमजीत सिंह रम्पी, जगजीत सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, डॉ. बलमीत कौर, मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह सम्मी सहित कई प्रमुख सेवादार और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न समाधान दिवस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील दिवस में चकमार्गों पर अतिक्रमण इत्यादि के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम श्री त्रिपाठी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 02 सप्ताह के अन्दर स्थलीय जांच कर निस्तारण करा दिया जाय। डीएम ने कहा कि चकमार्गों की पैमाईश कराकर खण्ड विकास अधिकारी को लिखित सूचना उपलब्ध करा दी जाये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शरद ऋतु को देखते हुए यह सुनिश्चित करें कि गरीब, असहाय व निराश्रित व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी इस बात का प्रयास करें कि पीड़ित व्यक्ति की समस्या का समाधान कम से कम समय में हो जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 35 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 20 में 04, सदर बहराइच में प्राप्त 16 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 26 में 04, नानपारा में प्राप्त 19 में 04 तथा मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 12 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत परिजनों ने जमकर काटा हंगामा

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** महिला अस्पताल में देर रात डिलीवरी के बाद भर्ती 40 वर्षीय महिला अनसुईया की मौत हो गई, जबकि नवजात बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है। महिला की मौत से नाराज परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में करीब एक घंटे तक जमकर हंगामा किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर देवेंद्र सिंह और नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। समझाने के प्रयास के बावजूद परिजन शांत नहीं हुए और इस दौरान सीएमएस व परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

देहात कोतवाली क्षेत्र के खरगूपुर चांदपुर ग्राम पंचायत के गौड़री पुरवा गांव निवासी जिलेदार गुप्ता ने शनिवार देर रात अपनी पत्नी अनसुईया को डिलीवरी के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बड़े ऑपरेशन के जरिए महिला ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया और वह शनिवार से ही अस्पताल में भर्ती थी। रविवार देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि हालत गंभीर होने के बावजूद समय पर रेफर नहीं किया गया। बाद में जब रेफर किया गया तो अस्पताल गेट पर ही महिला की मौत हो गई। पति जिलेदार ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं सीएमएस डॉक्टर देवेंद्र सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सफल रहा था, बाद में उल्टी के दौरान श्वास नली बंद होने से मौत की आशंका है। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## तेंदुए ने बकरी पालन केंद्र में घुसकर एक दर्जन से ज्यादा बकरियों का किया शिकार

**बहराइच।** जिले में लगातार जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है कतर्नियाघाट के सुजौली रेंज के सुजौली गांव के बाहर स्थित एक बकरी पालन केंद्र में अचानक से तेदुआ घुस गया और इस दौरान तेंदुए ने करीब एक दर्जन से ज्यादा बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। जबकि आधा दर्जन बकरियां गंभीर रूप से घायल है मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है वन कर्मियों के मुताबिक आज ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। जनपद के कतर्नियाघाट के सुजौली रेंज के ग्राम पंचायत सुजौली के बाहर स्थित मनीष मौर्य के बकरी पालन केंद्र में सुबह 3.00 बजे के आसपास एक तेंदुआ घुस गया। इस दौरान तेंदुए ने बकरी पालन केंद्र में मौजूद करीब एक दर्जन से ज्यादा बकरियों को मार दिया जबकि तेंदुए के हमले में करीब आधा दर्जन से ज्यादा बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई है।

## शिक्षा माफिया व उनके सहयोगी पर लगा गैंगस्टर

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** शिक्षा विभाग में तैनात रहे पूर्व लिपिक स्वयं प्रकाश शुक्ला और उनके सहयोगी अवधेश शुक्ला पर जिला प्रशासन और पुलिस ने शि कंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी की शिकायत पर नगर कोतवाली में दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक दमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार स्वयं प्रकाश शुक्ला शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ जिले के इटिया थोक, कटरा बाजार और नगर कोतवाली में नौ करी दिलाने के नाम पर ठगी के कुल छह मुक दमे पहले से दर्ज हैं।नगर कोतवाल विवेक त्रिवे दी ने बताया कि स्वयं प्रकाश शुक्ला निवासी बेंदुली, थाना इटियाथोक, वर्तमान पता- रघुकुल हॉस्टल के सामने, सिविल लाइन और अवधेश कुमार शुक्ला निवासी-पूरे शुक्ल चरहुवा,थाना परसपुर,वर्तमान पता- सिविल लाइन ने मिलकर एक संगठित गिरोह बनाया था,यह गिरोह अंतर जनपदीय स्तर पर सक्रिय रहकर शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से मोटी रक म वसूल करता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य अभ्यस्त अपराधी हैं और लंबे समय से इस तरह की ठगी में लिप्त थे।

पुलिस के मुता बिक,रमेश कुमार मौर्य ने दो सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने नौक री दिलाने के लिए उनसे दस लाख रुपये मांगे थे जिसमे से छहलाख रुपये आरोपी के ड्राइवर उमाशंकर के सामने नकद दिए गए,जबकि चार लाख रुपये आरटीजी एस के माध्यम से ट्रांसफर किए गए थे।नौकरी न लगने पर दबाव बनाने पर आरोपियों ने केवल चार लाख रुपये लौटाए और शेष छह लाख रुपये हड़प लिए हैं।इस मा मले में थाना नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।वही एक अन्य मामले में दीपक कुमार ने एक जुलाई 2025 को पुलिस को सूच ना दी कि आरोपियों ने शिक्षक की नौकरी दि लाने के नाम पर नकद और चेक के माध्यम से कुल सोलंह लाख रुपये लिए थे। नौकरी न मिल ने पर जब दीपक ने पैसे वापस मांगे तो आरोपि यों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।इस संबं ध में थाना नगर कोतवाली में भी मुकदमा दर्ज है।पुलिस विवेचना में यह स्पष्ट हुआ कि गिरोह आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए लोगों को ठगने का अभ्यस्त है।समाज में इनके भय और आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए इनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरो धी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 (गैंगस्टर एक्ट) की धारा 3(1) के तहत कार्रवा ई की गई है।जिलाधिकारी गोंडा ने दो जनवरी को गिरोह के खिलाफ गैंग चार्ट को अनुमोदन दिया। वर्तमान में पुलिस कई मामलों में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर चुकी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर विधायक विनय द्विवेदी से की मुलाकात

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व मेहनोन के लोकप्रिय विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया जी संघ के पदाधिकारी के द्वारा पगड़ी व माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष अमीर अहमद जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर रघुनाथ मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष पडरी कृपाल अभिमन्यु कुमार ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर अतुल तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष रुपईडीह लला पासवान मुझेहना ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे वरिष्ठ कर्मचारी नेता जुबेर अहमद संघ के जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने जनपद में कार्यरत सफाई कर्मचारी की समस्याओं से विधायक जी को अवगत कराया जैसे की 17 साल नियुक्ति हुई हो गया।

आज तक भी सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली नहीं बनी है सफाई कर्मचारी की पदोन्नति का रास्ता अभी अवरुद्ध है जबकि सफाई कर्मचारी सरकार के अनुरूप सभी कार्यों को निष्ठा पूर्वक निष्पादन करता है जिस समय कोई भी व्यक्ति घर से नहीं निकलता था उसे समय सफाई कर्मचारी कोरोना की भीषण महामारी में गांव-गांव घर-घर जाकर लोगों की जान को बचाने का कार्य किया जबकि सरकार के द्वारा कर्मचारी की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

## जीजा की हत्या का आरोपी साला गिरफ्तार, भेजा जेल

**बहराइच।** जीजा के हत्या के आरोपी साले को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है।सोमवार को पुलिस ने आरोपी हसीब को न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।बीते शुक्रवार को एक युवक ने अपने जीजा की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वह एक साल से हत्या की प्लानिंग कर रहा था। हत्यारोपी लव मैरिज से नाराज था। जीजा दोपहर करीब तीन बजे खेत से लौट रहा था। साला घात लगाकर रास्ते में बैठा था। उसने पास आते ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव बच्चों ने लिया हिस्सा, दिखाए करतब



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** रविवार को चन्दवतपुर मे स्थापित स्टूडेंट हब में धूमधाम से वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपना अपना करतब दिखाए जैसे आस्था सिंह ने नारी शक्ति के बारे में अवगत कराया कि नारी का मतलब क्या होता है नारी किस प्रकार अपने मनोबल को बढ़ा कर दूसरों को पराजित कर सके, साक्षी मिश्रा ने राधा कृष्ण पर सुन्दर गीत प्रस्तुत किया रुचि शुक्ला ने इन्टरनेट कब और कहां पर प्रयोग करना चाहिए उसके बारे में अवगत कराया, अराध्या ओर रुद्र ने दहेज प्रथा के ऊपर एक बहुत सकारात्मक नाट्य प्रस्तुति किया जिसमें उपस्थित सभी लोग मनमुग्ध हो गए।

कई छात्राओं ने भी कल को प्रस्तुत किया और सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित कटरा ब्लाक प्रमुख के सुपुत्र शंकर भगवान शुक्ला और पूर्व मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉक्टर राकेश तिवारी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु मिश्र, अध्यक्ष रोहित मिश्रा और हास्य कला के अवधी के बेताज बादशाह रमेश दुबे (रमेशवा), अनमोल पाण्डेय, टाईगर बब्लू शुक्ला,प्रधान पिपरा पदुम अनिल कुमार यादव, प्रधान झौहना राहुल तिवारी, राजेश तिवारी संस्थान के प्रबंध संजीव शुक्ला एवं उप प्रबंधक राकेश शुक्ला विपिन पाण्डेय अंशू पाण्डेय प्रतिभा सिंह नैन्सी सिंह सुरभी शुक्ला राम बदल शिवम तिवारी महेंद्र रुदान्श पाण्डेय हर्षित तिवारी रिषभ तिवारी रुद्र आशुतोष शुक्ला देवांश तिवारी प्रियांशी मिश्रा शिवान्स शुक्ला अपर्णा श्रीवास्तव सौम्या सिंह प्रियांशी पाण्डेय प्रियाशु दिव्यांशु, सौरभ,सचिन, उदित,रमन, अयोध्या हनुमान बाग के पुजारी रोहित शुक्ला, शास्त्री सुरेश शुक्ला, विष्णु शुक्ला, रमेश मिश्रा, डॉ संतोष शुक्ला, दद्दू शुक्ला उपस्थित रहे।

## खादी प्रदर्शनी में रिकॉर्ड बिक्री, अब तक 1.24 करोड़ का कारोबार

समृद्धि न्यूज

**▸ टामसन मैदान में खादी-ग्रामोद्योग का उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम**

**▸ सात जनवरी को बच्चों की प्रतियोगिताएं और आगरा ग्रुप का खादी फैशन शो**

**▸ गोण्डा में स्वदेशी को मिला समर्थन, खादी उत्पाद बने पहली पसंद**

**गोण्डा।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा गोण्डा के टामसन मैदान, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी-2025 में स्वदेशी उत्पादों की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी 29 दिसम्बर से 08 जनवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें अब तक ?124.60 लाख की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की जा चुकी है।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदर्शनी में खादी वस्त्र, ग्रामोद्योग उत्पाद, हस्तशिल्प, रेशमी व सूती परिधान, घरेलू उपयोग की वस्तुएं तथा स्थानीय कारीगरों के उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। आमजन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी स्वदेशी उत्पादों की सराहना कर रहे हैं।

प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पांच जनवरी को रेनू मिश्रा एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ तथा संस्कृति विभाग से पंजीकृत कलाकार तरुण कुमार यादव की टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख तरबगंज श्री मनोज कुमार पाण्डेय ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण कर किया। साथ ही बताया कि आगामी सात जनवरी को पूर्वाह्न दस बजे से विद्यालयी बच्चों के लिए निबंध लेखन, भाषण, वाद-विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं सायं को डी. सुजल ग्रुप, आगरा द्वारा भव्य खादी फैशन शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इच्छुक युवक-युवतियां प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभाग के लिए पांच व छः जनवरी को प्रदर्शनी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। खादी प्रदर्शनी न केवल स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध करा रही है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने के संदेश को भी मजबूत कर रही है।

## सीडीओ व एसपी ने समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में तहसील सदर गोण्डा में आयोजित समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने उपस्थित फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित कर आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु विभागीय टीमों का गठन किया जाए।

# कौशल विकास मिशन से तेज हुआ रोजगार सृजन, लाखों युवाओं को मिला काम

## इस माह 5 जिलों में मंडल स्तरीय रोजगार मेलों का होगा आयोजन, एक लाख लोगों को रोजगार का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रदेश में व्यापक रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है।

कौशल प्रशिक्षण, उद्योग सहभागिता और रोजगार मेलों के समन्वित मॉडल के जरिए योगी सरकार ने लाखों युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की है। योगी सरकार की इस पहल को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2026 की शुरुआत में प्रदेश के पांच जनपदों में मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की कंपनियां लगभग एक लाख युवाओं को मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराएंगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, पलायन को रोकना और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में आगे बढ़ाना है।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर रिकॉर्ड सेवायोजन

चालू वित्तीय वर्ष में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 74 जनपदों में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 21,000 युवाओं का सफल सेवायोजन किया गया। प्रदेश सरकार का मानना है कि कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों से जोड़कर ही स्थायी रोजगार सृजन संभव है। योगी सरकार के मार्गदर्शन में कौशल विकास मिशन के तहत अपनाया गया समन्वित मॉडल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है और प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

### हर मेले में 100 कंपनियां, 20 हजार रोजगार का लक्ष्य

उन्होंने बताया इस माह आयोजित किए जा रहे प्रत्येक रोजगार मेले में औसतन 100 कंपनियां भाग लेंगी और करीब 20 हजार युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस तरह पांचों रोजगार मेलों के माध्यम से एक लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। इन मेलों में संबंधित मंडलों के कई जनपदों के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार कर रही है, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक जनपद एवं मंडल स्तर पर 186 वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है।

इन मेलों के जरिए 4.32 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो योगी सरकार की रोजगारपरक नीतियों की सफलता को दर्शाता है। कोविड संक्रमण के दौरान जब ऑफलाइन गतिविधियां स्थगित थीं, तब भी योगी सरकार ने रोजगार सृजन का अभियान नहीं रोका। ऑनलाइन रोजगार मेलों के माध्यम से उस अवधि में 10,000 से अधिक युवाओं को नौकरियां दिलाई गईं। योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी रोजगार से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति अपनाई है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित 1,624 रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 2.26 लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है।

# कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए सत्ता को मार दी थी ठोकर : धर्मपाल

**कुशल प्रशासक बाबू कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राम मंदिर के निर्माण के लिए अपनी सत्ता को ठोकर मार देने वाले स्वर्गीय कल्याण सिंह बाबूजी को उनकी जयंती के अवसर पर याद किया गया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कुशल प्रशासक स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह की 94 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थापित उनकी प्रतिमा पर हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। पुष्प अर्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम के सहयोग से जिला लोधी राजपूत क्षत्रिय सभा द्वारा किया गया। उनकी स्मृतियों को ताजा करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बाबू कल्याण सिंह सभी के बाबू जी होने के साथ-साथ गरीबों के मसीहा थे। बाबूजी ने राम मंदिर के लिए सत्ता को ठोकर मार दी थी। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची महापौर सुषमा खर्कवाल ने कल्याण सिंह के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर छतरी लगाने की घोषणा करते हुए उन्हें नमन किया।

# खबरें एक नजर में

### अखण्ड आर्यावर्त महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मना जन्मदिन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिवेदी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि कुमार त्रिवेदी के जन्मदिवस पर आज यहां इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, कुर्सी रोड के समक्ष स्थित उनके आवास पर तहरी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिवेदी महासभा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिनमें प्रमुख लोगों में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रवक्ता बाबा महादेव, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र मौलि शुक्ल, अरविंद मिश्र, श्रीराम तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, शिव पूजन दीक्षित शामिल रहे। इससे पहले आज अपराह्न 12 बजे जन्मदिन धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र मौलि शुक्ल ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी का जन्मदिन लखनऊ के अलावा देश- प्रदेश में स्थित संगठन एवं अनु अनुषांगिक संगठनों के कार्यालयों में भी केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी का जन्मदिन मनाया गया और वर्चुअली उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने अपने शुभचिंतकों और संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### तीन सौ बेड का होगा अयोध्या का श्री राम अस्पताल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में 300 बेड वाला श्री राम अस्पताल बनेगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रामनगरी के समग्र विकास के बाबत कहा कि राम मंदिर निर्माण के साथ अब अयोध्या में स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जोर है। श्री राम अस्पताल को अपग्रेड किया जाएगा, इसे श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। श्री राम अस्पताल में विभिन्न तरीके की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें तत्काल निदान, टेस्ट, प्रारंभिक उपचार और गंभीर बीमारियों की देखभाल शामिल रहेगी। मेडिकल डिवाइस खरीदी जाएगी। भूमि उपलब्ध है,केवल एएसआई से सहमति लेनी है। कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया जाएगा। अस्पताल में 300 बेड वाला अस्पताल होगा, टेंडर हो गया है, निर्माण एजेंसी चुन ली गई है। निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। उम्मीद है कि एएसआई की स्वीकृति जल्द मिल जाएगी। कुछ कागजी कार्रवाई है जो लखनऊ और दिल्ली से संबंधित है। मोदी केयर कैंसर ट्रस्ट एक कैंसर अस्पताल भी बनायेगा जो हब-स्पोक मॉडल पर आधारित होगा।

### राजभवन में गोला फेंक व रस्सी कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राजभवन में आयोजित परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत 11वें दिन सोमवार को गोला फेंक, गिल्ली-डंडा, रस्सी कूद एवं कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों तथा बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राजभवन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ भारतीय पारंपरिक खेलों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित सभी प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।

### कल्याण सिंह की जयंती पर कौशल विकास मंत्री ने अर्पित की पुष्पांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ स्थित 2, मॉल एवेन्यू में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण कल्याण सिंह 'बाबूजी' की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कल्याण सिंह 'बाबूजी' का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और सामाजिक समरसता को समर्पित रहा। उत्तर प्रदेश की राजनीति को जनहित, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों की नई दिशा दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बाबूजी के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाना और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाना ही बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

### सहायक लेखाधिकारी पद पर 105 की पदोन्नति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शासन ने लम्बे अरसे से चल रही लेखाकार की पदोन्नति कर दी है। शासन के आदेश पर प्रदेश के 105 लेखाकारों को सहायक लेखाधिकारी पद पर पदोन्नति दी गई है। उ.प्र., लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार 'बच्चा' तथा महामंत्री शरद शुक्ला ने 105 सहायक लेखाधिकारी बनने पर सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री बच्चा तथा श्री शुक्ला ने यह भी बताया कि लेखाकार से सहायक लेखाधिकारियों के पदों पर पदोन्नतियां काफी समय से लम्बित चल रही थी। जिसके उ.प्र. लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिसंघ लगातार मांग कर रहा था कि लम्बित पदोन्नतियां जल्द करायी जाय जिस पर निदेशक आन्तरिक लेखा परीक्षा साधना श्रीवास्तव ने गम्भीरता से लेते हुए 105 लेखाकारों के सहायक लेखाधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी करने पर आभार व्यक्त किया गया। और बधाई भी दी गयी। आभार जताने वालों में बल्दाऊ जी, श्रीवास्तव, सतीश कुमार पाण्डेय, दिलीप सक्सेना, अमित शुक्ला, हेमन्त कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार पाण्डेय, आशीष कुमार दीक्षित, मनोज श्रीवास्तव, जी.पी. त्रिवेदी, गौरव शर्मा, संजीव कुमार त्रिपाठी हरीश कुमार, विशाल साहू, सूरज मिश्रा आदि रहे।


### निगम कर्मी का विदाई समारोह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जोन -5 में कार्यरत श्री चन्दा बेलदार के पद से 31 दिसम्बर 2025को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। जोन 5 के समस्त कर्मचारियों की तरफसे आज उनका विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया,अंगवस्त्र पहनाकर उपहार भेंट किये उत्तम स्वास्थ्य की बधाई और शुभकामनाएं दी। कर अधीक्षक द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने डिजिटल अरेस्ट व अन्य साइबर अपराधों की चुनौतियों का जिक्र करते हुए

# साइबर अपराधों के विरुद्ध सतर्कता व जागरूकता ही बड़ा हथियार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल अरेस्ट तथा अन्य साइबर अपराधों की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही इन अपराधों के विरुद्ध सबसे बड़े हथियार हैं।

'डिजिटल अरेस्ट एक साइबर अपराध होता है, जिसमें जालसाज स्वयं को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का झूठा आरोप लगाते हैं और उन्हें पैसे देने या व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करने के लिए मजबूर करते हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर योगी की पाती शीर्षक से साझा किए गए एक विस्तृत 'पोस्ट में कहा, 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल दो साइबर अपराध थाने थे। आज सभी 75 जनपद में साइबर अपराध थाने क्रियाशील हैं। साथ ही सभी जनपदीय थानों में 'साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई हैं।

साइबर ठगों के विरुद्ध सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़े शस्त्र हैं। सीएम योगी ने कहा, ''ये अपराधी डिजिटल अरेस्ट जैसे झूठे और भ्रामक शब्दों का इस्तेमाल कर निर्दोष नागरिकों को डराते-धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है।

पुलिस या अन्य कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, वॉट्सऐप या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। मुख्यमंत्री ने आगाह करते हुए कहा, सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर भी सावधान रहना होगा। आप जो तस्वीरें, वीडियो या लोकेशन सार्वजनिक करते हैं, उसके माध्यम से अपराधी पहले आपके बारे में सूचनाएं जुटाते हैं और फिर इन्हीं सूचनाओं का आपके विरुद्ध इस्तेमाल करते हैं।

### व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी किसी के साथ न करें साझा

योगी ने कहा, अपनी व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि यदि तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी कोई साइबर अपराध का शिकार हो जाता है तो उसे सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ''जितना शीघ्र आप पुलिस को सूचित करेंगे, बचाव की संभावना भी उतनी ही अधिक होगी। जागरूक बनें और अपने आसपास के लोगों को भी, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करें। आइए हम सब मिलकर एक सुरक्षित और साइबर अपराध-मुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण करें।

### चौधरी चरण सिंह की नीतियों और विचारों को आमजन तक पहुंचाना होगा : त्यागी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय में अवध क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय रहे।बैठक में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को गांव-गांव, ब्लॉक- ब्लॉक, महानगरों के प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाना है। किसानमसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों और विचारों को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाना मकसद है। जिले स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा तथा प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# सरकार की अनदेखी पर नागरिकों ने खुद हीं बना डाली सड़क

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजसेवियों और नागरिकों ने जर्जर सड़क मार्ग को खुद दुरुस्त कर राहगीरों की राह आसान और सुगम बनाने का काम कर दिया। इस कदम की क्षेत्रीय लोगों ने तारीफ करते हुए आभार व्यक्त किया। श्रमदान और सहकारिता हमारी पुरानी परंपरा रही है। हम तो पहले भी श्रमदान से गलियों और गलियारों को बनाते रहे हैं।

सरकार और जनप्रतिनिधियों के दायित्व हैं कि जनसमस्याओं का समाधान करें, उनके पास बजट होता है और सरकारी मशीनरी भी,लेकिन अक्सर अनदेखी के कारण कोई क्षेत्र, इलाका या गांव महरूम रह जाता है। ऐसे में जागरूक लोग अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर विकास की राह आसान करते हैं।

सरकार व जनप्रतिनिधियो को आईना दिखाने ग्रामीण आगे आये। लखनऊ में जहां पीडब्ल्यूडी विभाग व नगर विकास विभाग सड़क निर्माण नालियों व शहर को दुरुस्त करने के लिए करोड़ों अरबों रुपए का बजट देती है। बजट तो सड़कों के नाम पर और नालियों के नाम पर आ जाता है लेकिन जो जिम्मेदार हैं वहां के वह काम नहीं करा पाते हैं। डिगडिगा मुरलीपुर से देवा मार्ग आने जाने वाले राहगीरों के लिए राजधानी के अंदर सड़क पर कमर तोड़ गड्ढे अक्सर जानलेवा साबित होते।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना : किसान की बेटी बनी असिस्टेंट कमांडेंट

**पहले ही प्रयास में यूपीएससी-सीएपीएफ परीक्षा पास कर गांव व प्रदेश का नाम किया रोशन**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। जौनपुर की पूजा सिंह की सफलता इसी सोच का जीवंत उदाहरण है। एक किसान परिवार में जन्मी पूजा सिंह ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से वह मुकाम हासिल किया है, जो कभी उनके लिए दूर का सपना लगता था। पूजा कहती हैं कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने मेरे सपनों को राह दी है। पूजा का जीवन संघर्ष और संकल्प की मिसाल है। उनके पिता खेती करते हैं और सीमित आय में परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

बचपन से ही पूजा ने अभाव को काफी निकट से देखा। इन परिस्थितियों ने उन्हें कमजोर नहीं बनाया वरन उनकी इच्छा शक्ति को और प्रबल बनाने का काम किया। उन्होंने तय कर लिया था कि शिक्षा के माध्यम से वह न केवल अपना भविष्य संवारने का काम करेंगी, बल्कि अपने परिवार और गांव का नाम भी रोशन करेंगी। पूजा ने 12वीं तक की अपनी पढ़ाई दिल्ली से पूरी की थी। आर्थिक दबाव के कारण दिल्ली जैसे महानगर में रहकर आगे की पढ़ाई को जारी रख पाना उनके लिए संभव नहीं हो सका। ऐसे में पूजा जौनपुर लौट आईं और वहां के टीडी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। यह वह दौर था जब आर्थिक सीमाएं पूजा के सपनों के आड़े आ सकती थीं, लेकिन प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उनके लिए संजीवनी साबित हुई हैं।

वर्ष 2024 में पूजा को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में जानकारी मिली। मई 2024 में उन्होंने आवेदन किया और जून 2024 से अभ्युदय योजना के अंतर्गत मुफ्त कोचिंग से जुड़ गईं। यह वही योजना है जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के होनहार विद्यार्थियों के लिए शुरू किया, जिससे कि आर्थिक स्थिति उनकी प्रतिभा के रास्ते में किसी प्रकार की बाधा न बन सके। पूजा बताती हैं कि अभ्युदय योजना के अंतर्गत उन्हें अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नियमित कक्षाएं, व्यवस्थित पाठ्यक्रम और निरंतर अभ्यास से उनकी तैयारी को नई दिशा मिली। पूजा शाम को कॉलेज के बाद डेढ़ घंटे की कक्षाओं में शामिल होती थीं। शिक्षक विषयों को सरल भाषा में समझाने के साथ-साथ बार-बार रिवीजन और नोट्स के माध्यम से विद्यार्थियों की नींव को मजबूत करते थे। पूजा कहती हैं कि उन्हें निजी कोचिंग संस्थान का सहारा लेना पड़ता तो 1-1.50 लाख रुपये तक का खर्च आता, जो उनके परिवार के लिए असंभव सा था। अभ्युदय योजना ने यह आर्थिक बोझ पूरी तरह समाप्त कर दिया।

# 30 जनवरी तक हर डिजिटल गांव में खुलेगी लाइब्रेरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ग्रामीण युवाओं के लिए बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने प्रदेश के सभी डिजिटल गांवों में अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी खोलने का लक्ष्य तय किया है। 30 जनवरी तक सभी जिलों में आईटी उपकरणों की खरीद पूरी कर ग्राम पंचायत सचिवालयों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित कर दी जाएंगी। इससे सिविल सर्विसेज समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को अब बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

सरकार 26 जनवरी तक डिजिटल लाइब्रेरी के लिए आवश्यक फर्नीचर की खरीद भी पूरी करने की तैयारी में है, ताकि गणतंत्र दिवस के आसपास अधिकतर ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। यह पहल ग्रामीण प्रतिभाओं को देश के बड़े कोचिंग और अध्ययन केंद्रों जैसी सुविधाएं उनके अपने गांव में उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी में वाई-फाई, एलईडी स्क्रीन, सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर सिस्टम के साथ पुस्तकों और डिजिटल कंटेंट की समृद्ध व्यवस्था होगी। ई-बुक्स, वीडियो और ऑडियो लेक्चर, ऑनलाइन क्विज और लाखों शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से ग्रामीण युवा अब अपने गांव में रहकर ही उच्च स्तरीय तैयारी कर सकेंगे। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है। एक डिजिटल लाइब्रेरी पर करीब 4 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें लगभग 2 लाख रुपये की पुस्तकें, 1.30 लाख रुपये के आईटी उपकरण और 70 हजार रुपये का आधुनिक फर्नीचर शामिल है। सरकार का मानना है कि यह पहल ग्रामीण और शहरी युवाओं के बीच शिक्षा के अंतर को पाटने में अहम भूमिका निभाएगी। पंचायतीराज निदेशक ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के माध्यम से किया जाएगा, जबकि सहायक अधिकारी इसकी नियमित निगरानी करेंगे। चरणबद्ध तरीके से सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में यह सुविधा शुरू की जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर मजबूत होगा।

### अतिक्रमण खिलाफ दो जोनों में चला सघन अभियान

**लखनऊ ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को सघन और बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम के जोन-05 क्षेत्र में कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया से नादरगंज चौराहे तक बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाए गए अस्थायी अवैध ठेले, ठेलिया, खुमचे, गुमटी एवं काउंटर हटाए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 08 ठेले, 06 गुमटी और 04 काउंटर हटाए गए।

# ममता ट्रस्ट निरन्तर बरसा रहीं जरूरतमंदों पर सेवा-सहयता की ममता : डॉ दिनेश शर्मा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परम श्रद्धेय कल्याण सिंह (बाबू जी) की जयंती एवं मुरली मनोहर जोशी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्षा मंत्री एवं जन प्रिय सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से नर सेवा नारायण सेवा की अलख जगा रही ममता चौरिटेबल ट्रस्ट ने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, दिव्यांग कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन व कम्बल वितरण महाअभियान की श्रंखला में आज सिटी माण्टेसरी स्कूल राजेन्द्रनगर, लखनऊ में विशाल शिविर का आयोजन किया।

कार्यक्रम में हजारों जरूरतमंदों, बुजुर्गों को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा, पूर्व उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार डा0 दिनेश शर्मा ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि ममता चौरिटेबल ट्रस्ट इस तरह के विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर जरूरतमंदों पर सेवा एवं सहायता कर ममता की बारिश निरंतर कर रहीं है, मुख्य अतिथि के कर कमलों से जरूरतमंदों को सांकेतिक वितरण कर वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने ममता ट्रस्ट परिवार एवं उसके मुखिया राजीव मिश्रा के सेवा कार्यो को अनुकरणीय बताते हुए समाज मे ऐसे कार्यो की आवश्यकता पर बल दिया।

**प्लान** | यूपी की आरक्षित 84 सीटों पर सपा की लगी निगाहें, सामान्य सीटों पर भी उतार देंगे दलित उम्मीदवार

# विस चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए सपा ने की तैयारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर उत्तर प्रदेश की सत्ता पर फिर काबिज होने के लिए समाजवादी पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। बसपा के वोटबैंक पर अखिलेश यादव ने नजर गड़ा दी है। 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है।

पार्टी का फोकस दलित वोटबैंक को आकर्षित करने पर है, जो पारंपरिक रूप से बहुजन समाज पार्टी का मजबूत आधार माना जाता रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो रणनीति बनाई है उसके मुताबिक 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी सामान्य सीटों पर भी दलित समुदाय के उम्मीदवारों को बड़े पैमाने पर टिकट देकर जातीय समीकरणों को पलटने की कोशिश करेगी।यह रणनीति अखिलेश यादव की पीडीए पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले का हिस्सा है।उन्हें लगता है कि बसपा के कोर वोट बैंक पाले में आ जाये तो सत्तारूढ़ भाजपा को उखाड़ फेंकना आसान होगा। सपा 2024 लोकसभा चुनावों में मिली जीत व हारी हुई सीटों से सबक लेते हुए 2027 के लिए अभी से जमीन तैयार कर रही है। लोकसभा चुनावों में दलित वोटों का एक बड़ा हिस्सा सपा की ओर खिसका था।

विधानसभा चुनाव में मजबूती के लिए सामान्य सीटों पर दलित चेहरों को मैदान में उतारने का प्लान है।इससे दलित मतदाताओं में विश्वास बढ़ेगा, गठबंधन की संभावनाओं को बल मिलेगा।अखिलेश ने कहा था कि पीडीए ही यूपी का भविष्य है। इस रणनीति से पार्टी पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करने की कोशिश कर रही है।सपा की योजना से यूपी की जातीय राजनीति में बदलाव आ सकता है। वर्तमान में यूपी विधानसभा में 403 सीटें हैं, जिनमें 84 आरक्षित यानि एससी हैं,लेकिन सपा सामान्य सीटों पर भी दलित उम्मीदवार उतारकर बसपा के वोटबैंक में सेंध लगाने की तैयारी में है।

पार्टी ने 2025 से पीडीए चर्चा कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो सभी 403 विधानसभाओं में चलाए जा रहे हैं। इनमें दलित समुदाय के मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है, जैसे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय। सियासी जानकारों का मानना है, दांव जोखिम भरा भी हो सकता है क्योंकि सामान्य सीटों पर दलित उम्मीदवार उतारने से ऊपरी जातियों के वोट खिसक भी तो सकते हैं। 2024 लोकसभा चुनावों में दलित वोटों के कुछ हिस्से ने सपा का साथ दिया था जिससे पार्टी उत्साहित है।सपा की रणनीति यूपी की सियासत को नई दिशा भी दे सकती है। पार्टी के इस प्लान पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। सपा के इस प्लान को लेकर बीएसपी और बीजेपी में टेंशन बढ़नी स्वाभाविक है।

# कारपोरेशन आम उपभोक्ता पर भार डालने की कर रहा साजिश, 1109 करोड़ उपभोक्ताओं से वसूलने की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन ने बड़ी चालाकी से वर्ष 2026- 27 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता में सभी बिजली कंपनियां का मार्च 2026 तक एक आकलन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का निकाल कर उसकी लगभग रुपया 4000 करोड़ लागत वार्षिक राजस्व आवश्यकता में प्रस्तावित करते हुए आम जनता पर उसका भार डालने की साजिश की है।

उपभोक्ता परिषद ने कहा पावर कॉरपोरेशन जो प्रति स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रतिमा ओपेक्स मॉडल में 114.57 के आधार पर उपभोक्ताओं पर भार डालने की कोशिश कर रहा है उसे कभी कामयाब नहीं होने देंगे। क्योकि भारत सरकार पहले कह चुकी है इसकी वसूली उपभोक्ता से संभव नहीं है।उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री द्वारा विधानसभा में यह बयान दिया गया है कि मौजूदा बिजली मीटर हटाकर लगाए जाने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कोई भी लागत सीधे उपभोक्ताओं से नहीं ली जाएगी। परंतु इसके विपरीत, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए दाखिल की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता में अत्यंत चतुराई से स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत को उपभोक्ताओं पर डालने का प्रस्ताव किया गया है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, मार्च 2026 तक सभी वितरण कंपनियों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने का आकलन करते हुए प्रति मीटर ₹114.57 ओपेक्स के आधार पर लगभग रुपया 3800 से 4000 करोड़ के बीच वार्षिक भार उपभोक्ताओं पर डालने की योजना बनाई गई है। उदाहरण स्वरूप, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में मार्च 2026 तक 39,29,899 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने का प्रस्ताव है, जिसके तहत लगभग 1109 करोड़ की राशि वार्षिक राजस्व आवश्यकता में जोड़कर उसे उपभोक्ताओं से वसूलने की तैयारी है।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में स्पष्ट आदेश पारित किया जा चुका है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की किसी भी प्रकार की लागत प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं पर नहीं डाली जाएगी।

# तहसील समाधान दिवस में पहुंचे बरेली मंडल के कमिश्नर, सुनीं समस्याएं

**जलालाबाद,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को चल रहे तहसील समाधान दिवस का बरेली मंडल के कमिश्नर भूपेंद्र सिंह चौधरी ने संपूर्ण समाधान दिवस में अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने जनता की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासनिक हड़कंप मच गया। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी सोमवार को दोपहर एक बजे जलालाबाद तहसील पहुंचे। उन्होंने समाधान दिवस में लोगों से सीधे बातचीत की और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जनता की समस्याएं लोगों ने विभिन्न शिकायतें दर्ज कीं, जिनमें राजस्व व अन्य मुद्दे शामिल थे। जनता को समयबद्ध निस्तारण का भरोसा दिलाया। आगे के निर्देश कमिश्नर ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतें लंबित न रहें, वरना कार्रवाई होगी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय क्रय केंद्रों का भी निरीक्षण किया। साहिबगंज की दिव्यांग महिला प्रतिभा पाल पत्नी रमेश पाल में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह दोनों दिव्यांग हैं और उन्होंने अंत्योदय कार्ड बनाए जाने की मांग की जिस पर कमिश्नर ने पूर्ति अधिकारी आर्यन मौर्य को जांच कर अंत्योदय कार्ड जारी करने के निर्देश दिए. आज कुल 13 शिकायत सुनी गई जिसमें से एक शिकायत का निस्तारण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक भंवरी दीक्षा अरुण, उप जिलाधिकारी प्रभात राय तहसीलदार अनुराग दुबे सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## तहसील समाधान दिवस में अचानक पहुंचे मंडलायुक्त, सुनीं फरियाद




**शाहजहांपुर।** एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में जलालाबाद तहसील में चल रहे तहसील दिवस में मंडलायुक्त अचानक पहुंचे। जहां पर उन्होंने तहसील दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन किया। साथ ही संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। उनके द्वारा बताया गया कि यदि किसी अधिकारी के पास 3 शिकायत से कम आवेदन आते है ,तो उसी दिन शिकायत का निस्तारण कराने का निर्देश दिए गए। अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ शासन को पत्राचार करने का निर्देश दिए गए।

## बाइक आपस में टकराने से युवक घायल

**सिधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के बिलंदपुर गद्दी की बाजार में सोमवार शाम करीब पांच बजे दो बाइकों की टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मियांपुर निवासी दीपू (26) शाम के समय बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान इदरखू जिगनिया निवासी दीपक (25) भी बाइक से उसी मार्ग से गुजर रहा था। बाजार क्षेत्र में दोनों बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दीपू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जबकि दूसरी बाइक सवार को हल्की चोटें आने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल दीपू को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। हालांकि परिजन उसे प्राथमिक उपचार के बाद एक निजी क्लीनिक ले गए। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# डीएम ने जिला सूचना कार्यालय एवं प्रेस क्लब का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को टाउनहॉल स्थित जिला सूचना कार्यालय एवं प्रेस क्लब का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन के बेसमेंट में स्थित पार्किंग व्यवस्था, प्रेस क्लब हॉल, कार्यालय कक्षों तथा अन्य सभी हिस्सों का गहनता से जायजा लिया और व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने प्रेस क्लब की बैक वॉल के रंग-रोगन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा उसे किसी अन्य उपयुक्त रंग से रंगवाने हेतु निर्देशित किया, जिससे परिसर का सौंदर्यीकरण और बेहतर रूप में किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ साफ-सफाई, व्यवस्था और सौंदर्य पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिए कि निर्देशों का समयबद्ध



और प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# बार के पूर्व अध्यक्ष संग मारपीट के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर वकील हुए लामबंद

- डीएम, एसपी ने शीघ्र गिरफ्तारी का दिया भरोसा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व उनकी बेटी से मारपीट के मामले में आरोपी मुंशी की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित वकीलों ने लामबंद होकर समाधान दिवस के दौरान जोरदार नारेबाजी। डीएम व एसपी समाधान दिवस के बीच से उठकर एसडीएम के चैंबर में पहुंचे और पीड़ितों से वार्ता कर शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिलाते हुए कोतवाल को गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। बता दें कि शनिवार को वार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिवपाल सिंह व उनकी बेटी पूजा सिंह से उनके पूर्व मुंशी नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी आदिल ने सीट बनवाने का न केवल विरोध किया । बल्कि पिता पुत्री के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट भी की थी। उक्त मामले में वकीलों के हस्तक्षेप पर देर शाम घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। लेकिन तीन के बाद भी आरोपी आदिल की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिससे आक्रोशित वकील लामबंद होकर सोमवार को अपरान्ह एक बजे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ित पूर्व अध्यक्ष के साथ तमाम वकील लामबंद होकर समाधान दिवस में पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करने लगे। डीएम तथा एसपी तत्काल सभागार से बाहर निकल एसडीएम के चैंबर में पहुंचे और पीड़ित पिता पुत्री की जुवानी घटना सुनकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिया। साथ ही कोतवाल जुगल किशोर पाल को गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान श्रवण कुमार सिंह, विनोद सिंह, मानसिंह यादव, देवेश सिंह समेत तमाम वकील आदि मौजूद रहे।

# वाहन चोर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों से चार मोटर साइकिल व मोपेड बरामद की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर निर्णायक प्रहार करते हुए तीन शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें, एक टीवीएस मोपेड तथा चोरी के पुर्जे बेचकर प्राप्त नकदी बरामद की गई है। इस कार्रवाई को शाहजहाँपुर पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का परिणाम बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहल्ला सिंजई निवासी गुरनीत पुत्र स्व. राजेश कुमार बांके, मोहल्ला मेहमान शाह निवासी रेहान पुत्र वसीर अहमद तथा सुल्तान शामिल हैं। तीनों को ककरा पुल के पास से दबोचा गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गुरनीत और रेहान चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे, जबकि सुल्तान चोरी के वाहनों को गोपनीय स्थान पर छिपाकर उनके पुर्जे निकालकर कबाड़ियों को बेचता था। बिक्री से प्राप्त रकम तीनों आपस में बराबर बांट लेते थे। पुलिस के अनुसार बरामद नकदी चोरी की मोटरसाइकिलों के चेसिस से संबंधित शेष पुर्जों की बिक्री से प्राप्त हुई है। पूछताछ में गुरनीत ने स्वीकार किया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी नुकसान और कर्ज के दबाव ने उसे अपराध की राह पर धकेल दिया। अभियुक्तों ने चेसिस नंबर मिटाने, नंबर प्लेट बदलने और चोरी का माल खपाने जैसी संगठित गतिविधियों में संलिप्तता भी कबूली है।

# 25 लाख के जेवरात चोरी मामले में पुलिस ने नाटकीय ढंग से किया खुलासा

- सात अंगूठी व दो चेन बरामद, दुकान का नौकर भरत को भेजा जेल
- आधा दर्जन युवकों को माल बरामदगी के बाद किया गया हिरासत मुक्त

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सराफा दुकान से करीब 25 लाख रुपए के जेबरात की चोरी मामले में पुलिस ने बेहद नाटकीय ढंग से खुलासा किया है। दुकान के नौकर व उसके साथियों की निशानदेही पर सात अंगूठियां व दो चेन बरामद कर नौकर को जेल भेज दिया। वहीं अन्य युवकों को हिरासत से मुक्त कर दिया गया। बता दें कि नगर के मोहल्ला दातागंज निवासी शैलेन्द्र अग्रवाल की बाजार बिरियागंज स्थित सराफा दुकान से 25 लाख रुपए कीमत के 180 ग्राम सोने के जेवरात चोरी मामले में पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल के बाद नौकर गांव कमलापुर निवासी भरत गंगवार पुत्र हरिओम गंगवार को तीन



दिन पूर्व हिरासत में ले लिया था। जो पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार होने के बाद भरत द्वारा जिन साथियों से फोन पर बात की । पुलिस ने पहले उसी रात में भरत को धर दबोचा फिर एक एक कर आधा दर्जन उसके साथियों को हिरासत में ले लिया। बता दें कि पकड़े गए सभी युवकों को भरत नैनीताल सैर सपाटे पर ले गया था। सूत्र बताते हैं कि कड़ाई से पूंछताछ में पता चला कि भरत ने साथी युवकों से अलग अलग स्थानों पर। जेवरात गिरवीं रखवाए थे । इसी तारतम्य में गिरवीं रखने वाले सराफ कटरा , डडिया बाजार तथा शाहजहांपुर के यहां युवकों की निशानदेही पर माल बरामद किया गया। सोमवार को पुलिस द्वारा किए गए खुलासे में पीली धातु की सात अंगूठियां तथा दो चेन की बरामदगी दर्शाई गई है और आरोपी भरत को पुलिस ने जेल भेज दिया। विडंबना है कि जिन युवकों की निशानदेही पर जिन दुकानों से माल बरामद किया गया क्या वह युवक व जीवन रखने बालों का कोई दोष नहीं हैं हैं। जिन्हें पुलिस ने क्लीन चिट देकर हिरासत से मुक्त कर दिया है । चर्चा है कि हिरासत में लिए गए युवकों को मोटे नजराने पर कमलापुर के ही ही युवक ने बिचौलिए की भूमिका अदा की। जिसे लगातार कोतवाली परिसर में देखा गया । वहीं युवकों के परिजनों ने दबी जुवान से बताया कि बच्चों को छुड़ाने के लिए बहुत कुछ करना पड़ा।

## चोरी से पेड़ काटने का लगाया आरोप

**खुटार,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र पुवाया के गांव गोटिया निवासिनी रहने वाली एक महिला प्रार्थनी ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि की थाना क्षेत्र खुटार के अंतर्गत गांव महुआ में मेरी जमीन स्थित है जिसकी गाटा संख्या 309 क मैं कई स्वस्थ्य पेड़ खड़े हैं। जिन पेड़ों को मेरे पिताजी के द्वारा लगाया गया था जिनमें से आठ आम के पेड़ को गांव निवासी ही कुछ व्यक्तियों के द्वारा चोरी से काट लिया गया हमारे खेत में आम के पेड़ नीम के पेड़ शीशम के पेड़ पर वॉस खड़े हैं इससे पूर्व में भी उन लोगों के द्वारा हमारे पेड़ों को काटा गया था पीड़िता ने थाना खुटार में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# दोषियों को मिले फांसी की सजाः अर्चना कटारिया

- सीबीआई जांच की मांग को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग की और आरोप लगाया कि सरकार सबूतों को नष्ट कर रही है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन चलता रहेगा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हल्का लंबा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर सोमवार को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से हाथों में तख्तियां लेकर, जिस पर लिखा था, जस्टिस फॉर अंकिता को लेकर गांधी प्रतिमा के पास पहुंच कर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और मामले में वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग उठाई गई। जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया ने कहा संसद में 78 सांसद बैठे हुए हैं और खुद राष्ट्रपति भी महिला है। वह महिलाओं पर अत्याचार पर मौन रह सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार आज तक मामले में शामिल वीवीआईपी का नाम उजागर नहीं कर रही है और साक्ष्य बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिए गए। बीजेपी ने इस मामले में चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया, कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलेगा और वीवीआईपी को जेल नहीं भेजा जाएगा, तब तक कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। अंकिता भंडारी हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग की और आरोप लगाया कि सरकार सबूतों को नष्ट कर रही है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम ने कहा उत्तराखंड सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। क्योंकि वह अभी तक दोषियों को सजा नहीं दे पाई है। अंकिता को न्याय मिलना चाहिए। इस मौके पर जिले की तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी शाहिना खातून, जितेंद्री, सोनम, तबस्सुम, बेबी, राधा,अलीना, सीमा, सुनीता, महजबी, रोशनी शायरीन व अनुभव कटारिया मौजूद रहे।

# हम सब मिलकर स्वच्छ शाहजहांपुर के निर्माण में अपना योगदान दें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर निगम शाहजहांपुर एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त प्रयास से सोमवार को वार्ड नंबर 46 तारीन टिकली में डोर टू डोर समिति का गठन किया गया। नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र एवं पार्षद लालू पुजारी द्वारा झंडी दिखाकर कार्य प्रारंभ किया गया। आईटीसी से अर्बन कोऑर्डिनेटर परितोष मिश्र, सुपरवाइजर अजय कश्यप,ऐनीमेटर प्रिया सना सरोज अंकित, प्रिया सना मुफीज आदि ने भाग लिया। नगर आयुक्त व पार्षद ने साथ रहकर डोर टू डोर लोगों को कूड़ा सेग्रीगेशन के महत्व के बारे में जागरूक किया। नगर



आयुक्त ने कहा कि इस पहल से वार्ड में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा और लोग अपने घरों से ही कूड़े को सही तरीके से अलग करेंगे। आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ शाहजहांपुर के निर्माण में अपना योगदान दें।

# कब्बाल असलम अकरम के सूफियान प्रोग्राम में झूम उठे दर्शक

- कब्बाली प्रोग्राम के साथ उर्स ए शम्सी हुआ संपन्न

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां रहमतुल्लाह अलैह के चल रहे सालाना उर्स शरीफ के चौथे दिन अकीदत और रूहानियत से भरी महफिल का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर क़व्वाली की महफिल सजी, जिसमें प्रसिद्ध अस्लम अकरम वारसी (वारसी ब्रदर्स) एवं शमीम वारसी ने अपने दिलकश कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को आमंत्रित किया। क़व्वालों ने हम्द, नात और मनक़बत के साथ-साथ सूफ़ियाना कलाम सुनाकर माहौल को पूरी तरह रूहानी बना दिया। मन कुन्तो मौला, मेरे पीर की गुलामी मेरे काम आ गई और सूफ़ियाना अंदाज़ में पेश किए गए अन्य कलामों पर श्रोता झूमते नजर आए। महफिल के दौरान परिसर या अली, या ख्वाजा और या ग़ौस के नारों से गूंज उठा। उर्स शरीफ में दूर-दराज़ से आए अकीदतमंदों की भारी भीड़ देखने को मिली। महफिल में मौजूद लोगों ने क़व्वालों की प्रस्तुति की खूब सराहना की और अंत में दरगाह शरीफ में चादरपोशी कर अमन-चैन, मुल्क की तरक्की और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। कार्यक्रम के समापन पर सज्जादानशीन व जिम्मेदारों ने आए हुए मेहमानों, क़व्वालों और अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया। उर्स शरीफ के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा बेहतर इंतजाम किए गए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सफल हुआ इस मौके पर राहत उल्ला खान हाजी ज्योति सोहेल अहमद हाजी फरीद फुरकान कुरैशी इशरत कुरैशी जमील खान रजी अहमद सौरभ गुप्ता रवि समेत लोग मौजूद है।

# मदनापुर ब्लाक के गांवों में चला एकात्म अभियान

- भीषण ठंड में गांव गांव पहुंचे मिशन प्रशिक्षक और स्वयंसेवक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह से पूर्व लोगों तक सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन पहुंचाने के उद्देश्य से पूरे जनपद में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आज मदनापुर विकास खंड के गांवों में चलाया गया। मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का उत्साह कड़ाके की ठंड में भी कम नहीं हुआ और उन्होंने गांव गांव पहुंचकर लोगों को हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया और ध्यान भी कराया। मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों ने मदनापुर ब्लाक के बमरौली, बारा खेड़ा, गुलरिया, लहसारी, गहरपुर,



नगरिया, जिरायु, ननिहेरा ,उमरसड़ा, गिरधरपुर, मथाना, सौहारा, करनपुर पड़री, सहित दर्जनों गांवों में दस्तक दी। गांवों में लोगों को एकत्र कर उन्हें सहज मार्ग साधना पद्धति के बारे में बताने के साथ ही जीवन में ध्यान साधना के महत्व के बारे में बताया और ध्यान भी कराया। रामचंद्र मिशन के इस अभियान में ध्यान, आत्मचिंतन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन की सरल विधियों के माध्यम से ग्रामीण जनजीवन को मानसिक शांति, आंतरिक संतुलन और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा रहा हैं। गांवों की चौपालों, विद्यालय परिसरों , पंचायत भवनों और साधारण घरों में आयोजित इन सत्संगों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता हो रही है।मिशन के प्रशिक्षक यह संदेश दे रहे हैं कि आध्यात्म किसी एकांत साधना तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो हर व्यक्ति को करुणा, संयम और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाती है। अभियान को सफल बनाने में आनंद कुमार, रंजीत विपिन त्रिपाठी, रत्नेश तिवारी, संजीव कुमार सिंह, मोहन स्वरुप, अशोक गुप्ता, नीरज सिंह, गौरव शर्मा,राजू गौतम, रामनरेश, विनय कुमार, डीएन त्रिपाठी, विनोद कुमार आदि प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

# क्लब शक्ति सदैव जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रहता है तैयार: एडीएम

▸ लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए 500 कंबल बांटे



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

लायन इंटरनेशनल अग्रणी मंडल 321 बी-1 के अंतर्गत लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए 500 जरुरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि कैंट पुवायां रोड के पास पराक्रम पार्क में एडीएम वित्त अरविंद कुमार सिंह, डीपीओ गौरव मिश्रा की उपस्थिति में 200 लोगों को कंबल वितरित किए गए।बीते दिनों सीओ सदर प्रियांक जैन की मौजूदगी क्लब के सदस्यों द्वारा 100 कंबल वितरित किए गए था। ठंड को देखते हुए आगे भी अन्य जगहों पर कंबल वितरित किए जाएंगे। सर्दियों में क्लब द्वारा लगातार सेवा कार्य किया जा रहे हैं। ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंद लोग बहुत ही खुश हुए। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने बताया कि आज मातृशक्ति की पहल से जरुरतमंदों को कंबल वितरित किए गए हैं। जोकि वास्तविक रूप से सबसे बड़ी सेवा है। एडीएम वित्त ने क्लब के कार्यो की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि क्लब शक्ति सदैव जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तैयार रहती है। डीपीओ गौरव मिश्रा ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य से समाज में बदलाव की अलख जलती है। हर किसी को ऐसी मुहिम से जुड़कर जरुरतमंद की मदद करनी चाहिए। लायन क्लब के भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन तेजेंद्र पाल सिंह ने क्लब के बारे में बताया और आगे होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा की तथा आए हुए व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तेजेंद्र पाल सिंह, अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव लायन गुरमीत कौर, कोषाध्यक्ष लायन प्रियंका बियानी, चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, लायन शुभांगी गुप्ता, लायन अनुप्रिया ग्रोवर, लायन दुर्गा, लायन खुशी गुप्ता, लायन मनजीत कौर, लायन कमल नारंग, लायन सपना, लायन चरणजीत, लायन गौरी, जसवंत सिंह, जोगेंद्र सिंह बृजेश सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग मौजूद रहे।

## खेत पर लगी झटका मशीन चोरी

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बारापुर निवासी रूपेश पुत्र कलेक्टर वर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने पवन शर्मा पुत्र नन्हे लाल निवासी गांव सिक्लापुर के साथ मिलकर दिनेश चंद्र दीक्षित का लगभग 36 बीघा खेत जो इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप मूर्छा मोड के पीछे स्थित है । खेत को पटके पर लेकर उसमें गेहूं की फसल बोई थी। और खेत के चारों ओर बांस बल्ली लगाकर फसल की रखवाली हेतू व आवारा पशुओं से निजात पाने के लिए झटके वाली मशीन लगाकर करंट छोड़ा था। बीते 3 जनवरी की रात्रि में झटका मशीन व बैटरी चोरी हो गया। उसने बताया कि उसे शुक्लापुर निवासी राजिन्द्र पर पूरा शक है कि उसी ने ही झटका मशीन, बैटरा चुराया होगा। पुलिस ने राजेंद्र पुत्र झब्बू लाल निवासी सिक्लापुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# ठंड से बचाव को लेकर तहसील स्तर अधिकारी रहे भ्रमणशील: सीडीओ

▸ सदर तहसील में आई 17 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण किया गया




शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

ठंड से आमजन को राहत देने के लिए शासन स्तर से हर निकाय, ब्लाक स्तर पर रैन बसेरों, अलाव की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, और यह जिम्मेदारी सभी तहसील स्तर अधिकारी भ्रमणशील रहकर निभाएं भी। ठंड में किसी तरह से कोई जरुरतमंद को दिक्कतें न आए। उक्त बातें सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कहीं। उन्होंने समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर, उनका ससमय निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। समाधान दिवस में 17 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण किया। शेष निस्तारण के लिए एसडीएम को कहा गया। इस दौरान एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## फरियादी के अनुरोध पर मंडलायुक्त पहुंचे गांव

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

तहसील जलालाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल था, जिसमें मंडल आयुक्त पहुंचे और फरियादियों की शिकायतें सुनी, इसी दौरान जलालाबाद तहसील समाधान दिवस में आए फरियादी चंद्रपाल के अनुरोध पर मंडल आयुक्त गांव रामपुर बैन पहुंचे, जहां पर उन्होंने गांव का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों की समस्याओ को भी सुना। इसके बाद वह 5 एकड़ से ज्यादा निजी जमीन पर लगे बाग पहुंचे जहां उन्होंने बाग में घूमकर पेड़ों आदि के बारे मे जानकारी की, जहां पर काफी वैरायटी के वृक्ष लगाए गए थे, जिसमे कदंब, लीची, महोगेनी, तेजपत्ता, कालीमिर्च, सागौन आदि के वृक्ष लगा हुआ देखने को मिले। इस दौरान एडीएम एफआर अरविन्द कुमार, तहसीलदार प्रभात राय आदि मौजूद रहे।



# कलान तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 20 शिकायतें, एक का निस्तारण

मिर्ज़ापुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



कलान तहसील में सोमवार को उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 20 ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिनमें सिर्फ एक समस्या का निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित कर दिया गया। प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन अवकाश होने के कारण सोमवार को कार्य दिवस में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कड़ाके की ठंड में आए फरियादियों की संख्या बेहद कम रही। जो फरियादी आए उनमें सर्वाधिक दस समस्याएं राजस्व विभाग से संबंधित थीं। जबकि पुलिस विभाग की तीन, आपूर्ति की चार, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त तीन समस्याएं फरियादियों ने प्रस्तुत की। इस मौके पर तहसीलदार स्त्रजित कुमार, नायब तहसीलदार सगीर अहमद, सहायक विकास अधिकारी मिर्जापुर पवन कुमार,पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्ति लिपिक अंकुर सक्सेना, सिंचाई विभाग से विजय प्रताप सिंह, कलान खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, थाना मिर्जापुर, परौर, कलान के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जलालाबाद में समृद्धि ज्वेलर्स का शुभारंभ, विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर में बरेली रोड पर आर्य समाज मंदिर के सामने आभूषण प्रेमियों के लिए एक नई और भरोसेमंद शुरुआत के रूप में समृद्धि ज्वेलर्स वन ग्राम गोल्ड की शॉप का भव्य शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मीरानपुर कटरा के विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के मशहूर क्रिएटर काकोडा देसी वाइज की टीम के कलाकार छोटा पैकेट सहित क्षेत्र के कई क्रिएटर, सहित नगर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व्यापारी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। शुभारंभ समारोह के अंत में अनिल गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। समृद्धि ज्वेलर्स के शुभारंभ से जलालाबाद के लोगों में खासा उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि यह प्रतिष्ठान गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक बनकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएगा।

### मीठ लेने गए युवक से मारपीट

**सिंधौली शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा रसूलपुर निवासी रेखादेवी पत्नी पवन कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 31 दिसंबर 2025 को उसका पति पवन श्रीवास्तव अपने ही गांव के तस्लीम की मीट की दुकान पर शाम के लगभग 4:00 बजे 15 किलो मीट लेने गया था। वहां पहले से शराब के नशे में बैठे गुड्डू पुत्र बलील गाली देते हुए बोले कि तेरी 15 किलो मीट लेने की औकात नहीं है। इस पर विवाद बढ़ गया जब उसने विरोध किया तो गुड्डू ने मारपीट शुरू कर दी इस पर वहां बैठे लोगों ने बीच बचाव कर दिया जब उसका पति घर पहुंचा तो पीछे से गुड्डू अपने साथी साहिल व राहिल पुत्रगण सदीर खान व रकीम पुत्र गुड्डू को साथ लेकर फिर से गाली गलौज करते हुए उसके पति पवन श्रीवास्तव पति के भतीजे विशाल श्रीवास्तव को लात घुसो लाठी डंडों से मारपीट करने लगे इस पर विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव भटपुरा रसूलपुर थाना सिधौली निवासी गुड्डू पुत्र बलील खान, साहिल व राहिल पुत्र सदीर खान व रकीम खान पुत्र गुड्डू आदि लोगो के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मुक़दमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।

### कलीनगर मे पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं



**पीलीभीत।** कलीनगर तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर पूरनपुर मे उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह और कलीनगर मे पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान सुनिश्चित किया। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए जिलाधिकारी ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं दर्ज कराई इसमें किसानों, आम नागरिकों, व्यवसायियों और ग्रामीणों की शिकायतें शामिल थीं अधिकारियों ने निर्देश दिए कि बची हुई शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से किया जाए ताकि जनता को बार–बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा कि जनता की हर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करना पुलिस और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने फरियादियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वे सीधे प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करें स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करते हैं उन्होंने बताया कि इससे जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्र और पारदर्शी ढंग से हो रहा हैकार्यक्रम में तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही अधिकारियों ने मिलकर फरियादियों की समस्याओं का रिकॉर्ड तैयार किया और शीघ्र समाधान के लिए कार्ययोजना बनाई संपूर्ण समाधान दिवस का यह आयोजन प्रशासन की जनता–केंद्रित नीति का उदाहरण है यह न केवल लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करता है, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को भी बढ़ाता है।

### सामान खरीदने गए युवक पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**पीलीभीत।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पौटा कलां में दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया। युवक अपनी बहन की शादी का सामान खरीदने गया था, तभी दबंगों ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा और उसका मोबाइल छीन लिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।पीड़ित युवक ने दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। युवक अपनी बहन की शादी का सामान खरीदने गया था।दबंगों ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा। दबंगों ने उसका मोबाइल छीन लिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। उसने पुलिस से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। लेकिन अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के निर्देश पर रेल प्रशासन आया हरकत में

▸ श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर रेलवे की जमीन पर खोदे गए गड्ढे भरने का कार्य शुरू

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

रविवार को रोजा डीआरएम के निरीक्षण के बाद वित्त मंत्री व सासंद ने जनहित से जुड़ी समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीआरएम की फटकार के बाद रेल प्रशासन हरकत में आ गया है। नोटीफाइड एरिया स्कूल के समीप लंबे समय से खोदे गए गड्ढों के कारण विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए सोमवार की दोपहर रेलवे प्रशासन द्वारा गड्ढों को पटवाने का कार्य शुरू करा दिया गया।



रेलवे कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ किया। मौके पर वार्ड संख्या एक के पार्षद एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता उर्फ पोता भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के निर्देश पर की गई यह कार्रवाई आम जनता के हित में एक सकारात्मक कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी गड्ढे भरने का कार्य शुरू होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और आवागमन सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि रेल प्रशासन आगे भी जनसमस्याओं के समाधान में इसी तरह तत्परता दिखाएगा। रेल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा की स्थिति उत्पन्न न हो।

## ब्लाकों में आयोजित होंगे कैंप, रोस्टर जारी

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ब्लाक स्तर पर सोशल कैंप आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि कैंप ब्लाक मुख्यालय पर

▸ 7 जनवरी से 22 अप्रैल तक जिले की सभी ब्लाकों पर लगेंगे कैंप

अलग अलग तिथियों में 7 जनवरी से 22 अप्रैल तक आयोजित किए जाएगे। जिसमें समाज कल्याण, प्रोबेशन, दिव्यांगजन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी रहकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेगे। साथ ही उनकी समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण करेगे।रोस्टर के अनुसार 7 जनवरी को पुवायां, 14 को ददरौल, 21 को जलालाबाद, 28 मिर्जापुर, 4 फरवरी खुदागंज, 11 खुटार, 18 भावलखेड़ा, 25 फरवरी को निगोही,11 मार्च मदनापुर, 18 को जैतीपुर, 25 को बंडा, 1 अप्रैल सिंधौली, 8 को कांट, 15 कलान व 22 अप्रैल को तिलहर में कैंप आयोजित होगा।

## कड़ाके की सर्दी के बीच 62 शिकायतकर्ताओं ने लगाई गुहार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कड़ाके की सर्दी के बीच 62 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने तमाम फरियादियों की समस्या सुनकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व की शिकायतें अधिक मिलने पर उन्होंने अधीनस्थों को फटकार लगाई। इस दौरान गैरहाजिर कर्मचारियों से जबाब तलब किया।

## गांव में अधेड़ का शव नीम के पेड़ से लटका मिला

▸ रविवार से था घर से लापता, क्षेत्र में मचा हड़कंप

रोजा, शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज।



थाना रोजा के सिसौआ गांव में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब श्मशान भूमि के अंदर नीम के पेड़ से एक अधेड़ युवक का शव झूलता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रोजा राजीव कुमार तथा अपराध निरीक्षक गंगा सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पहचान राजेन्द्र के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र अजय ने पुलिस को बताया कि उनके पिता रविवार दोपहर से लापता थे। परिवार के सदस्यों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार की सुबह गांव के लोगों ने श्मशान भूमि में नीम के पेड़ से उनका शव लटका देखा, जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों के अनुसार राजेन्द्र शराब के आदी थे। सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक रोजा राजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## महिला व बेटी घर से दस लाख के जेवर व नकदी लेकर फरार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ग्रामीण ने पत्नी एवं बेटी पर 10 लाख रुपए की जेवर एवं लाखों रुपए की नगदी लेकर घर से उसे सोते छोड़ गायब हो जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर माफी निवासी महिपाल ने पीस की कि रविवार को वह घर पर पत्नी रामबेटी एवं पुत्री मोहनी के साथ सो रहा था। सुबह उठा तो घर में पत्नी और बेटी नहीं थी। सामान बिखरा हुआ पड़ा था। 10 लाख रुपए कीमत के जेवरात तथा पेड़ बेचकर घर में रखे गए 1.10 लाख की नगदी भी गायब थी। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि फोन की कॉल डिटेल निकालने के साथ ही लोकेशन ली जा रही है।

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद खतीब व उसकी पत्नी साहिबा बानो को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। अहमद नवी पुत्र अली शेर नि.ग्रा. सिसौआ, थाना रौजा, शाहजहांपुर।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही में बीडीओ ब्रिजेश हटे, गिरिजेश द्विवेदी बने तिलहर बीडीओ

**तिलहर - शाहजहांपुर।** निर्वाचन कार्य में लापरवाही वरतनें के आरोप में तिलहर बीडीओ बृजेश मिश्रा को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उनकी जगह पर गिरिजेश द्विवेदी को चार्ज सौंपा गया है। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि निर्वाचन कार्य को लेकर निगोही के निर्वाचन कार्य में तिलहर बीडीओ बृजेश मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि बृजेश मिश्रा के द्वारा लगातार निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी और वह तीन–चार दिन से आदेशों का पालन भी नहीं कर रहे थे। लापरवाही के मामले में निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजी गई जिसको लेकर निर्वाचन आयोग ने बृजेश मिश्रा को मुख्यालय से अटैक करते हुए गिरिजेश द्विवेदी को तिलहर का नया बीडीओ तैनात किया।

# शिक्षक एमएलसी रहे ओम प्रकाश शर्मा का जन्मदिन मनाया गया

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद के जिलामंत्री श्रीकांत मिश्रा के आवास पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षक मसीहा लगातार आठ बार शिक्षक एमएलसी रहे,स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें जिला मंत्री द्वारा स्व-ओपी शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। संगठन के जिलाध्यक्ष भुवनेश कुमार सिंह चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ओपी शर्मा जैसा विराट व्यक्तित्व बार-बार जन्म नहीं लेता। इस अवसर पर रोशन लाल, रमन



उपाध्याय ,सतीश कुमार, मुकेश परिहार, राम गोपाल ,विवेक प्रताप आदि ने भी विचार व्यक्त किए। तथा अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। हम रहे या ना रहे हमारा संगठन निरंतर उन्नति करें, यही ओपी शर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस भावना के साथ सभा विसर्जित की गई।


## अदालती सूचना

**ता.पेशी 07.01.2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज जू.डि. पुवायां-शाहजहांपुर वाद सं. 31 वर्ष 2003**

नन्दराम

बनाम

चित्तरि आदि (बनाम 1- कोमल पुत्री बनवारी, 2- परमहंस पुत्र मैकू, 3- पारसलाल, 4- जयचन्द्र पुत्रगण बांकेलाल, 5- मुन्नी देवी पत्नी बांकेलाल, 6- राजेंद्र पुत्र द्वारिका, 7- राजरानी पत्नी द्वारिका, सर्वनिवासीगण ग्राम धरमगदापुर खुर्द पर. व तह. पुवायां, जिला-शाहजहांपुर...प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनिमांकित नन्दराम वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 ई.के माह 01 के 07 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंय या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2026 के माह 01 के 05 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) पुवायां-शाहजहांपुर।**

## अदालती सूचना

**ता.पेशी 08.01.2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज जू.डि. पुवायां-शाहजहांपुर वाद सं. 281 वर्ष 2025**

सुधीर कटियार

बनाम

अखिलेश कुमार आदि बनाम (1- अखिलेश कुमार पुत्र वीरेंद्र पाल,2- अंकेश कटियार उम्र 8 वर्ष नावालिग पुत्र अखिलेश कुमार द्वारा वली संरक्षिका माता सगी अनीता देवी पत्नी अखिलेश कुमार सर्वनि.गण ग्रा. वद्रीपुर हदीरा,पोस्ट सुनारा बुजुर्ग,तह. पुवायां, जिला शाहजहांपुर... प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनिमांकित सुधीर कटियार वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 ई.के माह 01 के 08 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2026 के माह 01 के 05 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमान सिविल जज जू.डि. पुवायां-शाहजहांपुर।**

## वेनेजुएला : ट्रंप का असली चेहरा सामने आया

वैश्विक शांति का नोबेल पुरस्कार हासिल करने की तमन्ना लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व चलाकर वेनेजुएला पर शनिवार स्थानीय समय के अनुसार 02.01 बजे हमला करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस समेत गिरफ्तार कर लिया और उन्हें हवाई मार्ग से अमेरिका ले आया गया। अमेरिकी विमान से मादुरो को जब उतारा जा रहा था तो उनकी आंखों पर पट्टी बंधी थी और हथकड़ियां भी लगी थीं। यह दृश्य देखकर इतिहास खुद को दोहराता है, वाली मिसाल याद आ गई। लेकिन यह नहीं पता था कि इतिहास इतनी जल्दी दोहराया जाएगा। अभी 21वीं सदी शुरु ही हुई थी कि इराक पर अमेरिका ने विनाशकारी हथियारों की तलाश के नाम पर आक्रमण किया और तत्कालीन शासक सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार कर फांसी पर भी चढ़ा दिया। फिर पता चला कि ऐसे कोई हथियार इराक में थे ही नहीं। शायद अमेरिका को हथियारों की तलाश थी भी नहीं, उसे इराक के प्राकृतिक संसाधनों का कब्जा चाहिए था, जो उसे मिल गया। यही खेल अब वेनेजुएला में खेला गया है।डोनाल्ड ट्रंप ने निकोलस मादुरो पर गलत तरीके से सत्ता हथियाने का आरोप लगाने के साथ ड्रग्स तस्करी के गंभीर आरोप भी लगाए हैं और उनका कहना है कि अब मादुरो को पत्नी समेत अमेरिका की कड़ी न्याय व्यवस्था का सामना करना पड़ेगा। मानो सारी दुनिया का ठेका अमेरिका को मिल चुका है कि उसका राष्ट्रपति जब चाहे किसी संप्रभु देश पर आक्रमण कर दे और वहां के नेता को अमेरिकी कटघरे में खड़ा कर दे। और अंतरराष्ट्रीय कानूनों, स्त्री अधिकार को ठेंगा दिखाते हुए राष्ट्र प्रमुख के साथ उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर ले। चिंता की बात यह है कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जिन उद्देश्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था को बनाया गया था, वह पूरी तरह नख-दंत विहीन और लाचार बन चुकी है। घर के अशक्त बूढ़े बुर्जुग उपद्रवी बच्चों को मत लड़ो-मत लड़ो जैसी लाचारगी भरी नसीहत देते हैं, वैसा ही हाल संरा का हो चुका है। पूरी दुनिया में अमेरिका समर्थित हमले हो रहे हैं और संरा बयान जारी करने से आगे बढ़ ही नहीं पा रहा है। इससे बेहतर है कि संरा को मिटा कर नए सिरे से कोई ऐसी वैश्विक संस्था बनाई जाए, जो वाकई दुनिया में शांति स्थापना का काम कर सके। लेकिन इसकी पहल कौन करेगा ये भी विचारणीय है। एक वक्त था जब भारत में पं. जवाहरलाल नेहरू जैसे नेता थे, जिन्होंने गुटनिरपेक्षता का सिद्धांत दिया तो तीसरी दुनिया के देशों को अपने अस्तित्व और सम्मान को बचाए रखने के लिए नया मंच मिला। आज के भारत का हाल तो ऐसा है कि ट्रंप पचासों बार पाकिस्तान के समकक्ष हमें रखते हुए युद्धविराम के दावे कर चुके हैं और प्रधानमंत्री मोदी माई डियर फ्रेंड ट्रंप का नाम ही जपते रहे। अब भी वेनेजुएला के घटनाक्रम पर नरेन्द्र मोदी की कोई सीधी टिप्पणी देखने नहीं मिली है, बल्कि एस जयशंकर का बयान आया है कि हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए और शांतिपूर्ण तरीक़े से किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।भारत को बताना चाहिए कि सभी संबंधित पक्षों से उसका तात्पर्य क्या है। क्यों मोदी पहले चीन का नाम लेने से कतरा रहे थे और अब अमेरिका को सीधे नहीं कह रहे कि उसका इस तरह आक्रमण करना गलत है। मान लें कि निकोलस मादुरो ने अपने देश में कुछ गलत किया है या वैश्विक स्तर पर किसी अपराध में संलग्न हैं, तो उन पर कार्रवाई के लिए उनके अपने देश की न्याय व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय अदालत है। ट्रंप यहां किस हैसियत से घुसे हैं।ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने बिल्कु ल ठीक कहा है कि वेनेजुएला के नेता को हिंसक तरीके से पकड़ना शपूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक और बेहद खतरनाक मिसालश् है। क्यूबा ने कहा कि वेनेजुएला पर किए गए आपराधिक हमले की निंदा करता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत कार्रवाई की मांग करता है। रूस ने भी इस हमले को गलत बताया है वहीं चीन ने कहा है कि एक संप्रभु देश के खिलाफ अमेरिका के खुलेआम बल प्रयोग और उसके राष्ट्रपति के खिलाफ कार्रवाई से वह बहुत हैरान है और इसकी कड़ी निंदा करता है।

# यमुना बची तो दिल्ली भी बच जाएगी

*मनोज कुमार मिश्र*

विकास के नाम देश की राजधानी के विनाश के एक प्रयास पर उच्चतम न्यायालय ने अपने ही फैसले को पलटकर रोक लगा दी। इस फैसले से अब दिल्ली को कुछ हरा-भरा रखने में अपनी भूमिका निभाने वाली अरावली पर्वतमाला के खनन पर पूरी तरह से रोक लगी रहेगी। दिल्ली के पास अपना कुछ भी नहीं है। पहाड़ों पर ठंडी बढ़ती है तो दिल्ली ठिठुरने लगती है और राजस्थान के रेगिस्तान तपते हैं तो दिल्ली तपती है। दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) की आबादी भी अपनी नहीं है। देश भर से लोग रोजगार और कारोबार आदि के लिए दिल्ली आकर बसते रहे हैं। दिल्ली को प्रकृति ने तीन अनमोल तोहफे दिए, जिससे दिल्ली बार-बार राजधानी बनती रही। उसमें यमुना नदी और दिल्ली के असंख्य तालाब, नहर और बावड़ी इत्यादि को तो विकास के विनाशकारी मॉडल ने बर्बाद कर दिया। अगर भविष्य में भी अरावली पर्वतमाला न बच पाई को दिल्ली में प्रदूषण और जल संकट ही नहीं दिल्ली को उजड़ने से कोई रोक नहीं पाएगा। मौजूदा केन्द्र और दिल्ली की सरकार यमुना बचाने का संकल्प दुहराती रही है। इस दिशा में प्रयास तो दिख रहे हैं, सभी को नतीजों का इंतजार है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद अनुपम मिश्र ने अपनी चर्चित पुस्तक-आज भी खरे हैं तालाब, के संदर्भ ग्रंथों के हवाले से बताया है कि दिल्ली के 1930 के दुर्लभ नक्शे में उस समय तालाब और कुओं की गिनती करीब 350 की संख्या छूती थी। उससे भी पहले यह संख्या हजार में थी। आज दिल्ली में गिनती के तालाब बचे हैं। दिल्ली में राज करने वाली सरकारें पुराने तालाबों, झीलों, बावड़ियों और नहरों इत्यादि को पुनर्जीवित करने का दिखावा सा करती है। यह इसलिए भी आसान नहीं लगता क्योंकि ज्यादातर तालाब, झील आदि पर अवैध कालोनियां बस चुकी हैं।

यह सार्वजनिक तथ्य है कि दिल्ली महानगर अपनी जरूरत का केवल 15 फीसदी पानी अपने श्रोत से नहीं जुटा पाता। पानी के लिए पूरी तरह से गंगा और यमुना नदी पर दिल्ली निर्भर है। दिल्ली में 1993 में विधानसभा बनने के बाद बनी पहली भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने अनशन करके यमुना के पानी में राज्यों की तरह हिस्सा लिया था। गंगा नदी से तय पानी आ ही रहा है। यमुना जल समझौता होने के समय दिल्ली में पानी की मांग छह सौ एमजीडी (मिलियन गैलन रोजाना) थी। आज यह मांग करीब 1300 एमजीडी है। पानी की उपलब्धता करीब 800 एमजीडी है। यह भी तब जब काफी इलाकों में पानी की लाइन नहीं है और लोग टैंकरो से बड़ी कठिनाई से पानी ले पाते हैं। यमुना साफ करके दिल्ली का अपना जलाशय बनाना तो सपना है। यमुना को साफ करने के शुरुआती प्रयास में बड़े नालों को साफ करना और इंटरसेप्टर प्लान से जोड़ने का प्रयास हुआ। अब दिल्ली में खेती की जमीन केवल बाहरी दिल्ली यानी हरियाणा के सीमा से लगे गांवों में है। उन इलाकों में भी तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। कांग्रेस सरकार में 56 किलोमीटर नजफगढ़ नाले को ढांसा से ककरौला तक तीस किलोमीटर ज्यादा गहरा करके उसमें बरसाती पानी इकट्ठा करने का प्रयास किया गया। यह नाला ढांसा से शुरू होकर वजीराबाद में यमुना में गिरता है।



दिल्ली को भौगोलिक हिसाब से तीन क्षेत्रों में बांटा जाता है। मेहरौली यानी दक्षिणी दिल्ली में पहाड़ी इलाकों को पहाड़, नजफगढ़ यानी पश्चिमी दिल्ली को डाबर और यमुना दी तलहटी यानी उत्तर पश्चिम दिल्ली को बांगड़। नजफगढ़ इलाके का आकार झील जैसा था इसलिए इसके मूल स्वरूप को बचाने के लिए नजफगढ़ नाला बनाया गया। उसके साथ हरियाणा से लगे गांवों में सिंचाई के लिए छुटानी - भूपानी नाला, बवाना इलाके के लिए मूंगेशपुर नाला और पालम इलाके के लिए पालम नाला बनाया गया। इसमें बस्ती का गंदा पानी नहीं जाता था केवल बाढ़ का पानी जाता था। बाद में सारी व्यवस्था अतिक्रमण के सिरे चढ़ती गई।
दिल्ली में कांग्रेस की सरकार में विकास मंत्री रहे डॉक्टर योगानंद शास्त्री ने तब 70 बड़े तालाबों के स्थान को चिह्नित करके उसे विकसित करने का प्रयास किया था। तभी भलस्वा झील और संजय झील से अतिक्रमण हटाने के प्रयास हुए। उसके बाद भी बरसाती पानी बेकार न चला जाए इसके लिए प्रयास तो किए गए लेकिन न तो अतिक्रमण हटाए गए और न ही नए स्थानों पर होने वाले अतिक्रमण को रोका गया। परिणाम यही हुआ कि दिल्ली के पानी के स्रोत समाप्त होते गए। आबादी बढ़ने से पानी की जरूरत बढ़ती गई और दिल्ली अपने संसाधन से प्रयाप्त पानी नहीं जुटा पाती है। इसलिए दिल्ली पानी के लिए भी पड़ोसी राज्यों पर पूरी तरह से निर्भर हो गई है। सभी को पता है कि पानी का संकट उन राज्यों में भी उतना ही है जिनसे दिल्ली को पानी मिल रहा है।

शुरुआती प्रयास से ढांसा के आसपास के आठ किलोमीटर इलाके में धान की फसल अच्छी हुई। इससे जुड़ने वाली तीन नहरें- पालम, मूंगेशपुर और छुटानी-भूपानी में पानी छोड़ने से 60 से 70 गांवों को पानी दिया दया। अगर इसकी 10 फीट गहरी खुदाई हो जाए तो पूरे नजफगढ़ इलाके के सारे गांवों को पानी मिलने लगेगा। दिल्ली में सिंचाई के लिए शेरशाह सूरी ने अपने समय में पश्चिमी यमुना नहर बनवाई थी। उसी ने कृषि में राजस्व प्रणाली की शुरुआत की। उस नहर से दो उप नहर निकाली गई, जिनसे उत्तर पश्चिम दिल्ली में अलीपुर और कंझावला विकास खंड के 125 गांवों में सिंचाई होती थी। राजधानी का शहरीकरण होने के बाद सिंचाई का रकबा घटता गया। अब अलीपुर और कंझावला में ही करीब बीस गांवों में खेती होती है।

दिल्ली 1911 में देश की राजधानी बनी। तब दिल्ली में 365 गांव थे। ढाका धीरपुर में जार्ज पंचम का दरबार लगा। वहीं दिल्ली को राजधानी बनाने की घोषणा हुई। 1912 में पुराना सचिवालय बना तो चंद्रावल गांव खत्म हो गया। सरकारी कर्मचारियों के लिए तीमारपुर गांव की जमीन पर कालोनी बनी। 1947 में देश का बंटवारा हुआ और शाहजहानाबाद (दिल्ली का पुराना नाम जो चारदीवारी से घिरा हुआ था) ने देहात को निगलना शुरू किया। सरकार ने तो एक योजना बनाकर लोगों को बसाया लेकिन उससे ज्यादा को भू-माफिया और पुलिस- प्रशासन की मिलीभगत से अवैध कालोनियां बसी। वोट की राजनीति में ऐसे लोगों को विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं का संरक्षण मिलता रहा। इन अवैध निर्माण से उन्हें वोट और नोट दोनों ही मिलते रहे हैं। कई भू -माफिया तो सरकारी जमीन कौन कहे ऐतिहासिक धरोहरों पर कब्जा करके उसपर कालोनी बसा दी। कई माफिया को पैसे के बल पर विभिन्न दलों से टिकट पाकर लोकसभा और विधानसभा में पहुंच गए। अब कहने भर के 200 गांव बचे हैं, लेकिन तालाब गायब हो गए। 1993 में ग्राम पंचायतों के आखिरी चुनाव के समय 199 पंचायतें थी। अस्सी के दशक तक दिल्ली में छह हजार निजी और 250 सरकारी ट्यूबवैल थे। नजफगढ़ और महरौली इलाके में रहट (कुओं से ऊंट, बैल आदि के माध्यम से पानी निकालना), चरस (आदमी खींचते थे।) और कच्चे कुएं से भी सिंचाई की जाती थी।

दिल्ली को भौगोलिक हिसाब से तीन क्षेत्रों में बांटा जाता है। मेहरौली यानी दक्षिणी दिल्ली में पहाड़ी इलाकों को पहाड़, नजफगढ़ यानी पश्चिमी दिल्ली को डाबर और यमुना दी तलहटी यानी उत्तर पश्चिम दिल्ली को बांगड़। नजफगढ़ इलाके का आकार झील जैसा था इसलिए इसके मूल स्वरूप को बचाने के लिए नजफगढ़ नाला बनाया गया। उसके साथ हरियाणा से लगे गांवों में सिंचाई के लिए छुटानी -भूपानी नाला, बवाना इलाके के लिए मूंगेशपुर नाला और पालम इलाके के लिए पालम नाला बनाया गया। इसमें बस्ती का गंदा पानी नहीं जाता था केवल बाढ़ का पानी जाता था। बाद में सारी व्यवस्था अतिक्रमण के सिरे चढ़ती गई।

दिल्ली में कांग्रेस की सरकार में विकास मंत्री रहे डॉक्टर योगानंद शास्त्री ने तब 70 बड़े तालाबों के स्थान को चिह्नित करके उसे विकसित करने का प्रयास किया था। तभी भलस्वा झील और संजय झील से अतिक्रमण हटाने के प्रयास हुए। उसके बाद भी बरसाती पानी बेकार न चला जाए इसके लिए प्रयास तो किए गए लेकिन न तो अतिक्रमण हटाए गए और न ही नए स्थानों पर होने वाले अतिक्रमण को रोका गया। परिणाम यही हुआ कि दिल्ली के पानी के स्रोत समाप्त होते गए। आबादी बढ़ने से पानी की जरूरत बढ़ती गई और दिल्ली अपने संसाधन से प्रयाप्त पानी नहीं जुटा पाती है। इसलिए दिल्ली पानी के लिए भी पड़ोसी राज्यों पर पूरी तरह से निर्भर हो गई है। सभी को पता है कि पानी का संकट उन राज्यों में भी उतना ही है जिनसे दिल्ली को पानी मिल रहा है। भले ही यह इतिहास में दर्ज हो गया लेकिन यह तो सत्य है कि चांदनी चौक की मुख्य सड़क मुगल काल में नहर थी और उसके एक सिरे पर बने लाल किला की दीवार से लग कर यमुना नदी बहती थी। यमुना नदी बची तो दिल्ली पानी और पर्यावरण दोनों मामलों में काफी बच जाएगी लेकिन अगर युद्धस्तर से दिल्ली अपना जल स्रोत नहीं विकसित कर पाई तो उसका संकट बढ़ता ही जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने एक संकट से फिलहाल दिल्ली को उबारा लेकिन पानी के मोर्चे पर सरकारों की कठिन परीक्षा होनी है। उन्हें अपनी प्राथमिकता और विकास की परिभाषा तय करनी होगी।

*(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

विचार

# राम रहीम को 15वीं बार पैरोल पर उठते सवाल



*अजय कुमार*

अंहरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बलात्कार और हत्या के गंभीर आरोपों में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 15वीं बार पैरोल मंजूर कर दी गई है। इसके तहत वह करीब 40 दिनों के लिए जेल से बाहर सिरसा डेरा में रहेंगे। 2017 में सजा मिलने के बाद अब तक यह सबसे निरंतर और लंबा पैरोल सिलसिला है, जिसने न केवल न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि पीड़ित परिवारों और समाज में नाराजगी भी पैदा की है।गुरमीत राम रहीम ने सोमवार को जेल से बाहर आते ही अपने समर्थकों के स्वागत में पहुंची बड़ी संख्या में गाड़ियों के काफिले के बीच सिरसा डेरा सच्चा सौदा के लिए प्रस्थान किया। पैरोल अवधि के दौरान वह वहीं रहेंगे। रिकॉर्ड्स के अनुसार, 2017 से अब तक वह कुल 405 दिन से अधिक समय जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी सिर्फ 8 साल और 4 महीने की सज़ा में उन्होंने लगभग एक पूरा साल जेल की सुरक्षा से बाहर गुज़ारा है।पहली बार उन्हें 24 अक्टूबर 2021 को बीमार मां से मिलने के लिए सिर्फ एक दिन की पैरोल दी गई थी। इसके बाद 21 मई 2021 को भी मां की बीमारी के कारण एक दिन की पैरोल मिली। लेकिन तीसरी बार, 7 फरवरी 2022, उन्हें 21 दिन के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति मिली, उस समय पंजाब में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। चौथी बार 17 जून 2022, उन्हें 30 दिन के लिए पैरोल मिली, हरियाणा में निकाय चुनाव के दौरान। पांचवीं बार 15 अक्टूबर 2022 को उन्हें 40 दिन के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति मिली, उसी दौरान आदमपुर उपचुनाव था।

इसके बाद भी सिलसिला लगातार चलता रहा। छठी बार 21 जनवरी 2023 को शाह सतनाम जयंती के मौके पर 40 दिन, सातवीं बार 20 जुलाई 2023 को जन्मदिन के समय 30 दिन, आठवीं बार 21 नवंबर 2023 को राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 21 दिन, नौवीं बार 19 जनवरी 2024 को लोकसभा चुनाव के समय 50 दिन, दसवीं बार 13 अगस्त 2024 को जन्मदिन के आसपास 21 दिन, ग्यारहवीं बार 1 अक्टूबर 2024 हरियाणा चुनाव में 21 दिन, बारहवीं बार 28 जनवरी 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय 30 दिन, तेरहवीं बार 9 अप्रैल 2025 डेरा सच्चा सौदा स्थापना दिवस के मौके पर 41 दिन, चौदहवीं बार 5 अगस्त 2025 जन्मदिन के आसपास 40 दिन और अब पंद्रहवीं बार 3 जनवरी 2026 को 40 दिन के लिए पैरोल मिली।इस लगातार पैरोल सिलसिले को देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर अपराध में सज़ायाफ्ता के प्रति प्रशासन और सरकार की नरमी का कारण राजनीतिक दबाव या सामाजिक स्थिति है। पैरोल नियमों के अनुसार कैदी को केवल परिवार में मौत, गंभीर बीमारी, करीबी की शादी या किसी अन्य अत्यावश्यक मानवीय कारण से ही अस्थायी रूप से जेल से बाहर आने की अनुमति मिल सकती है। लेकिन गुरमीत राम रहीम को जन्मदिन, चुनाव या धार्मिक आयोजन जैसे अवसरों पर बार-बार जेल से बाहर भेजा जाना नियमों की सीमाओं के परे है।

सामाजिक संगठनों और पीड़ित परिवारों ने इस बार-बार की पैरोल की अनुमति को न्यायिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया है। ज्ञानी राम सिंह खासला ने इसे जख्मों पर नमक छिड़कने के समान बताया।



उनका कहना है कि सरकार लंबे समय से जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दे पर चुप है, लेकिन बलात्कारी गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिल रही है, जिससे समाज और समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। इस सिलसिले में आँकड़े भी हैरान कर देने वाले हैं। आठ साल और चार महीने की सज़ा में गुरमीत राम रहीम कुल 387 दिन जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी वह इस सज़ा का एक वर्ष से अधिक समय जेल की दीवारों से दूर गुज़ार चुके हैं। वहीं, आसाराम बापू को जेल से बाहर आने में एक दशक से अधिक समय लग गया और उन्हें हाल ही में मेडिकल ग्राउंड पर छह महीने की अंतरिम जमानत मिली। कुलदीप सेंगर को बलात्कार के लिए उम्रकैद मिली थी, जिसे हाईकोर्ट ने सस्पेंड किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पलट दिया। इस तुलना से यह स्पष्ट होता है कि गुरमीत राम रहीम को दी जाने वाली रियायत असाधारण और विवादास्पद है।सामाजिक और राजनीतिक विशेषज्ञ बताते हैं कि पैरोल का बार-बार मिलना केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक और सामाजिक कारणों का असर भी देखा जा सकता है। चुनाव के समय, जन्मदिन या धार्मिक आयोजन के मौके पर पैरोल देना न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता और समानता पर सवाल खड़ा करता है।

पारिवारिक और मानवीय कारणों से पैरोल दी जाती है, लेकिन राजनीतिक अवसरों और व्यक्तिगत उत्सवों के लिए बार-बार पैरोल देना न्याय और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ती है, और यह संदेश जाता है कि समाज में कुछ लोग कानून से अलग विशेषाधिकार पा सकते हैं।गुरमीत राम रहीम के बार-बार जेल से बाहर आने के सिलसिले ने यह भी उजागर किया कि सज़ा का वास्तविक अर्थ और जेल का उद्देश्य क्या है, इसे आम जनता और पीड़ित परिवार सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। अदालत और प्रशासन के निर्णयों में समानता और पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखा जा सके। सामाजिक दृष्टि से यह भी देखा गया है कि ऐसे अपराधियों के बार-बार जेल से बाहर आने से समुदायों की भावनाएं आहत होती हैं और समानता का संदेश कमजोर होता है। कई लोग कहते हैं कि अगर पैरोल केवल कानूनी औचित्य के आधार पर दी जाए, तो न्याय की मर्यादा और समाज में विश्वास दोनों बनाए रखा जा सकता है।इस बार-बार पैरोल मिलने के सिलसिले ने यह साबित कर दिया है कि पैरोल केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और मानवीय बहस का विषय भी बन गई है। न्यायपालिका और प्रशासन को इसे और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाना चाहिए, ताकि किसी भी अपराधी को विशेषाधिकार प्राप्त न हो और सभी पीड़ितों को न्याय मिले।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य



## चुनावी पारिवारिक एकता...!

**संजय एम तराणेकर**

अस्तित्व संकट के बीच पारिवारिक एकता,
अपनी सत्ता सदा बनी रहें यहीं नेता देखता।
यहां कोई न स्थायी दोस्त ना ही कोई दुश्मन,
इस कुर्सी के लिए होते रहते बेमेल गठबंधन।

संभावना, चुनौतियों में अवसरों की बुनियाद,
ये एक और एक ग्यारह होंगे करते फरियाद।
अभी-भी दो परिवारों का हो रहा यह मिलन,
भई, बिना बरसात के इसमें आई थी सीलन।

कुनबों में बिखराव कहानी अलग-अलग रही,
क्योंकि, रिश्तों में भी खूब जम गया था दही।
दिल भले मिले ना मिले दल से बल ही मिले,
अद्भुत संभावनाओं से चेहरे ज़रूर हैं खिलें।
(संदर्भ-महाराष्ट्र चुनाव में
पारिवारिक एकता का राग)





## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।


**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# क्या मुंबई में बन सकती है बुर्कानशी मेयर



*संजय सक्सेना*

मुंबई नगर निगम का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है और इससे पहले मेयर पद को लेकर राजनीति इतना गरमाई हुई है कि यह अब सिर्फ एक उम्मीदवार का चुनाव नहीं रह गया, बल्कि पहचान, भाषाई समीकरण, धर्म और सांस्कृतिक राजनीति का सबसे बड़ा मोर्चा बन चुका है। इस बार के बीएमसी चुनाव में मराठी मेयर, हिंदू मेयर, उत्तर भारतीय मेयर तथा मुस्लिम महिला मेयर जैसे मुद्दे आगे आए हैं, जिनका असर वोटरों की सोच और चुनाव के परिणाम पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। बीएमसी की 227 सीटों पर प्रत्यक्ष चुनाव होगा। उम्मीदवारों के नामांकन चरण में कुल 2,185 नामांकन दाखिल किए गए, जिनमें से 453 उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया और अंततः लगभग 1,700 उम्मीदवारों ने अंतिम सूची में अपना नाम शामिल कराया। यह चुनाव महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगरपालिकाओं के चुनावों का हिस्सा है, जिनमें 2,869 सीटों के लिए कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल मतदाता लगभग 3.48 करोड़ हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 1,81,93,666, महिला मतदाता 1,66,79,755 और अन्य मतदाता 4,596 शामिल हैं। बीएमसी चुनाव को आज राजनीतिक दलों ने पहचान आधारित राजनीति का सबसे बड़ा मंच बना दिया है। सबसे पहले महायुति गठबंधन (भाजपा-शिंदे शिवसेना) ने अपनी रणनीति तैयार की और घोषणा की कि मुंबई का अगला मेयर मराठी और हिंदू होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बार-बार यह रेखांकित किया है कि वे मराठी पहचान की रक्षा करेंगे और महाराष्ट्र के मूल निवासियों के हित में काम करेंगे। भाजपा के बयान के बाद शिवसेना (यूबीटी) और मनसे ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा मुंबई में गैर-मराठी और उत्तर भारतीय मतदाताओं को नजरअंदाज कर रही है। पहले भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने दावा किया था कि बीएमसी में इतनी संख्या में उत्तर भारतीय नगरसेवक चुने जाएंगे कि उत्तर भारतीय मेयर बनेगा, बाद में उन्होंने अपने बयान से पल्ला झाड़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दोबारा कह दिया कि मेयर मराठी होगा, जिससे विवाद और गहरा गया। इसी बीच AIMIM के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान ने एक सार्वजनिक सभा में यह मुद्दा उठाया कि अगर कोई मुस्लिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री या जज बन सकता है, तो मुंबई की मेयर मुस्लिम महिला क्यों नहीं बन सकती? उन्होंने कहा कि हमारा सपना यह है कि 'कलमा पढ़ने वाली मुस्लिम महिला' मुंबई की मेयर बने। वारिस ने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति आई लव महादेव बोल सकता है और वह मेयर बन सकता है, तो हिजाब पहनने वाली और कलमा पढ़ने वाली मुस्लिम महिला क्यों नहीं बन सकती? इस बयान के बाद राजनीतिक रंग और भी चढ़ गया क्योंकि वारिस का यह तर्क संविधान और लोकतंत्र के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। यह सवाल पूछ रहा है कि क्या धार्मिक पहचान और संस्कृति लोकतांत्रिक अधिकारों की बाधा बन सकते हैं? मुंबई एक बहुसांस्कृतिक शहर है। यहाँ मराठी, हिंदीभाषी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, मुस्लिम और अन्य सामाजिक-धार्मिक समूह सहअस्तित्व में रहते हैं। इस विविधता के बीच पहचान के आधार पर राजनीति का मुद्दा जनता के बीच तीव्र बहस का विषय बन गया है। इतिहास के पन्नों में देखें तो मुंबई नगर निगम में पहले भी मुस्लिम मेयर रहे हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार रामचंद्र गुहा की रचनाओं के अनुसार 1934 में पहला मुस्लिम मेयर चुना गया था और उसके बाद 1963 तक कुल छह मुस्लिम मेयर रहे। प्रसिद्ध नामों में यूसुफ मेहर अली भी हैं, जिन्हें अप्रैल 1942 में बॉम्बे का मेयर चुना गया था और उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी का औपचारिक स्वागत भी किया था। इसके बाद 1963 के बाद से कोई मुस्लिम मेयर नहीं बना है, जिससे यह इतिहास राजनीतिक चर्चा का हिस्सा भी बन गया है। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि बीएमसी चुनाव में सिर्फ पहचान-आधारित राजनीति नहीं, बल्कि स्थानीय मुद्दे भी निर्णायक होंगे। मुंबई में ट्रैफिक, पानी की समस्या, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन, स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा जैसे मुद्दे रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करते हैं। विपक्षी दलों का दावा है कि भाजपा-शिंदे शिवसेना महायुति इन मुद्दों की बजाय पहचान और सांस्कृतिक ध्रुवीकरण पर ज्यादा जोर दे रही है ताकि वे वोट बैंक को मजबूत कर सकें। और दिलचस्प बात यह है कि चुनाव की प्रक्रिया में निर्विरोध जीत का तथ्य सामने आया है। बीएमसी समेत महाराष्ट्र के कई वार्डों में भारी संख्या में उम्मीदवारों को बिना मुकाबले जीत घोषित कर दिया गया। भाजपा के 44 उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए और महायुति गठबंधन के कुल 68 उम्मीदवारों की जीत घोषित कर दी गई। यह स्थितियां राजनीतिक विपक्ष के लिए चिंता का विषय हैं क्योंकि लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने का आरोप लग सकता है। आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि बीएमसी का चुनाव केवल राजनीतिक दलों का गठबंधन नहीं है, बल्कि इसमें भाषाई समीकरण भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुंबई में लगभग 30त्न मतदाता मराठी भाषी हैं, लेकिन अन्य समुदायों उत्तर भारतीय, गुजराती, मुस्लिम, दक्षिण भारतीय की भी महत्वपूर्ण संख्या है। इस तरह का आबादी विभाजन राजनीतिक दलों को रणनीति बनाते समय यह सोचना मजबूर करता है कि किस तरह के उम्मीदवार को आगे रखा जाए ताकि वे सभी समुदायों से वोट आकर्षित कर सकें। मुंबई नगर निगम की राजनीति ने यह भी स्पष्ट किया है कि धर्म और पहचान के मुद्दे वोटरों के मन में गहराई से बसे हुए हैं। जबकि एक ओर महायुति मराठी-हिंदू पहचान को जोर दे रही है, वहीं विपक्षी दल मराठी बनाम उत्तर भारतीय के मुद्दे को उठाकर मराठी मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। AIMIM की मुस्लिम महिला मेयर की मांग ने यह सवाल उठाया है कि क्या सार्वजनिक पद किसी एक समुदाय या पहचान तक सीमित रह सकते हैं, या उन्हें लोकतांत्रिक विविधता के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए? विश्लेषकों का मानना है कि यह पहचान-आधारित राजनीति मतदाताओं की सोच को प्रभावित करेगी, लेकिन अंततः स्थानीय मुद्दों पर निर्णायक मत भी पड़ेगा। यदि वोटर यह महसूस करेंगे कि उनकी रोजमर्रा की समस्याएं हल नहीं हो रही हैं जैसे कि सड़कें, पानी, कचरा प्रबंधन तो वह पहचान की राजनीति से परे हटकर उन उम्मीदवारों को चुन सकते हैं जो वास्तविक समस्याओं का समाधान करने का वादा करते हैं। मतदान से पहले का मौसम दिखाता है कि राजनीतिक पार्टियाँ कड़ी तैयारी में लगी हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की महाविकास अघाड़ी सीटों पर मुकाबला कर रही है और कांग्रेस-एनसीपी भी कुछ हिस्सों में मैदान में दृढ़ता से काम कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी जैसे दल भी कुछ वार्डों में चुनौती दे रहे हैं। यह सब दिखाता है कि बीएमसी चुनाव में केवल एक या दो बड़े दलों की लड़ाई नहीं है, बल्कि बहु-पक्षीय राजनीतिक संघर्ष है जिस पर हर समुदाय की निगाह है।

अब सवाल यह उठता है कि 15 जनवरी को जब वोटों की गिनती होगी, तो क्या मुंबई के मतदाता पहचान-आधारित राजनीति को मुख्य मानेंगे या स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देंगे? यह चुनाव केवल मेयर का चुनाव नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़ा लोकतांत्रिक परीक्षण होगा कि मुंबई जैसे महानगर में वोटर किस तरह की नीति, नेतृत्व और प्रतिनिधित्व को चुनते हैं। मुंबई की राजनीति ने इस चुनाव को सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक अधिकार और लोकतांत्रिक विविधता की लड़ाई भी बना दिया है। खिलाड़ी चाहे किसी भी दल के हों, अंत में यह मतदाता का फैसला होगा कि वे कौन-सी पहचान को महत्त्व देते हैं और कौन सा नेतृत्व उन्हें बेहतर दिशा में ले जा सकता है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भाजपा नेता ने सन्तों को कंबल बांट कर मनाई कल्याण सिंह की जयन्ती



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने सोमवार को सन्तों को कम्बल बांटकर राम मंदिर आन्दोलन के मुख्य नायक को श्रद्धांजलि दी। इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठण्ड में भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने थाना क्षेत्र के बांकी स्थित भूमानंद आश्रम, देवगांव स्थित कामाख्या मन्दिर एवं सिमनौड़ी स्थित मानेश्वर बाबा आश्रम जाकर वहां रह रहे सन्तों को गर्म कंबल बांटकर उनका आशीर्वाद लिया। कहा कि पूज्य संतों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राम भक्ति में श्रद्धेय कल्याण सिंह बाबू जी ने मुख्यमंत्री पद का त्याग कर दिया था। ऐसे में समाज में सनातन की अलख जगा रहे सन्तों के बीच उनकी जयन्ती मनाना सच्ची श्रद्धांजलि है।इस मौके पर रावेन्द्र शिवहरे, राजा सिंह, लक्ष्य गुप्ता, विजय पाठक, कबीर कुमार, मिरय कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सायर ने छीबौली को 2 विकेट से हराया, आखिरी गेंद पर जीता मैच, मनीष को मिला मैन ऑफ द मैच



**बिवांर खढेही लोधन (हमीरपुर)।** छानी खुर्द गांव के खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार के दिन छीबौली और सायर के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। छीबौली टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले छीबौली ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में सात विकेट खोकर 134 रन बनाए। छीबौली टीम के बल्लेबाज अरशल ने धुआंधार पारी खेलते हुए 4 छक्कों और दो चौकों की मदद से 16 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली।वहीं साथी बल्लेबाज राणा ने बखूबी साथ निभाया और तेज तर्रार 10 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से 20 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वहीं सायर के गेंदबाजो ने अच्छी गेंदबाजी की और छिबौली के बड़ा स्कोर बनाने से रोकने में कामयाब रही। सायर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आदित्य, रोहित, आशीष ने अपने टीम के लिए दो-दो विकेट झटके। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सायर की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और विपिन दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर 9 रन बनाकर आउट हों गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए प्रदीप विश्कर्मा ने आते ही तीसरे ओवर में लगातार चार छक्के लगाकर महफिल लूट ली और टीम को मजबूत स्थिति पर पंहुचा दिया उन्हें लगातार छक्के लगाने पर जिला पंचायत सदस्य हरगोविंद प्रजापति ने ग्यारह सौ रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रदीप के आउट होते ही विकटो की झड़ी लग गयी। सायर के बल्लेबाज आकाश और मनीष ने पारी को सभालते हुए टीम को आखरी ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन बनाकर जीत दिला दी। मैन ऑफ द मैच बने मनीष ने 15 गेंदों में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 38 रनों की पारी खेली साथ ही दो विकेट भी झटके वहीं छिबौली के श्री राम,काशिम,व विपिन ने गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट झटके लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।मैच में शाकिर अली और बउआ एम्पायर रहे वहीं थर्ड अम्पायर की भूमिका लोकेन्द्र शिवहरे ने निभायी। स्कोरर शौरभ सिंहऔर कमेंट्री मुमताज अहमद,और जलालुद्दीन ने की ने की।

### दलदल से निकलने को मजबूर मोहल्लेवासी



**राठ, हमीरपुर।** केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी स्वक्षता मिशन योजना के हालात बद से बत्तर नजर आ रहे है। सरकार द्वारा करोडो रूपये खर्च करने के बाद भी राठ कस्बे मे लोग कीचड़ युक्त सड़को से निकलने को मजबूर है। सोमवार को आधा सैकड़ा मोहल्ले वासियो ने तहसील पहुंच सम्पूर्ण समाधान दिवस मे शिकायत पत्र देकर साफ सफाई करने और सडक निर्माण की मांग की। नगर के सिकंदरपुरा वार्ड नम्बर 1 में मोहल्ले मे इन दिनों सडक कीचड़ से लबालब लब भरी होने के चलते लोगो और विद्यार्थियों को इसी से निकलने को मजबूर हो गये। वही सडक पर पड़े कीचड़ की साफ सफाई न होने से बीमारिया होने का अंदेशा बना हुआ है। बताया जा रहा है कि 10 वर्ष पहले वहां पर सड़क डाली गई थी लेकिन जिसके नाम जमीन है वह रास्ता देने से मना कर रहा है मुहल्ले निवासी संजय चौरसिया, लाखन राजपूत, जीतू राजपूत, संतोष कुमार, अनिल कुमार, ओम प्रकाश, दुर्गा दिन, अली मोहम्मद, मंजू, फूलवती, खेमचंद साहू, बृजेंद्र साहू, पवन, रामकुमार आदि लोगों ने बताया कि 10 साल से न सड़क न पानी न निकलने के लिए रास्ता कई बार हम लोगों ने शिकायती पत्र दिया नगर पालिका राठ में लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### हमीरपुर में एंटी करप्शन विभाग ने चलाया जनजागरूकता अभियान



**हमीरपुर।** थाना एंटी करप्शन बांदा मंडल बांदा की हमीरपुर चौकी में नियुक्त आरक्षी अभिषेक सिंह ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान तहसील सदर, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र, नगर पालिका कार्यालय तथा विकास भवन कार्यालय कुछेछा क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आरक्षी अभिषेक सिंह ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें एंटी करप्शन विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्भीक होकर सामने आने के लिए प्रेरित किया उन्होंने लोगों को बताया कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी किसी भी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल एंटी करप्शन विभाग को दी जाए। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिकायत के लिए विभाग द्वारा मोबाइल नंबर 9454402489 एवं 9454402484 जारी किए गए हैं। अभियान से आमजन में जागरूकता बढ़ी और लोगों ने इसे सराहनीय पहल बताया।

### हादसे के बाद हाईवे में खड़े ट्रक दे रहे हादसे को न्यौता



**भरुआ, सुमेरपुर, हमीरपुर।** तीन जनवरी की रात पशु बाजार के समीप हुए हादसे के क्षतिग्रस्त दोनों ट्रक हाईवे में खड़े होकर हादसे को दावत दे रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने इनको हटाने की जहमत नहीं उठाई है। गत 3 जनवरी की रात करीब 11ः00 बजे नेशनल हाईवे 34 में दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद दो क्षतिग्रस्त ट्रक हाईवे पर खड़े होकर हादसे को न्योता दे रहे हैं। हाईवे पर खड़े ट्रक क्षतिग्रस्त वाहनों पर लोग सवाल उठाने लगे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे में खड़ा होने से कस्बे में जहां जाम की समस्या खड़ी हो रही है वहीं कोहरे के चलते हादसों खतरा मंडरा रहा है। इनको हाईवे से हटाना बहुत जरूरी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि एन एच आई के अफसरों से वार्ता करके ट्रक को हटाने के लिए कहा गया है राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पेट्रोलिंग आफीसर संतोष चौधरी ने बताया कि वह दोनों ट्रक मालिकों एवं पुलिस से वार्ता कर रहे हैं। इनको देर शाम तक हटा दिया जाएगा।

### अवैध देशी शराब समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

**खरेला/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल द्वारा गठित वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवदान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वंशी कुशवाहा पुत्र स्व. रामाधीन कुशवाहा निवासी ग्राम कुआँ एवं राधाचरन कोरी पुत्र घनश्याम कोरी निवासी मुहल्ला सादराय प्रथम कस्बा खरेला को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 24 क्वार्टर एवं 28 क्वार्टर देशी शराब झूम ब्रान्ड शराब बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना खरेला पर मुकदमा धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

# संपूर्ण समाधान दिवसः दो शिकायतों का निस्तारण

▸ समाधान दिवस में दो दर्जन शिकायतें आयीं

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कस्बे के तहसील सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी की मौजूदगी में आए दो दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में मात्र दो ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका।इस मौके पर उप जिलाअधिकारी, तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी समेत आला अधिकारी मौजूद रहे। नगर के तहसील परिसर के स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने की। इस मौके पर 25 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख उनके निदान की गुहार लगाई हालांकि मौके पर केवल दो ही फरियादी के मामले का निस्तारण हो सका, सबसे अधिक मामले राजस्व, पुलिस, पानी व विद्युत से संबंधित रहे। संपूर्ण समाधान संपन्न हुआ। विवांर निवासी रघुराज विश्वकर्मा ने शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि पशु अस्पताल की जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसमें प्रधान प्रतिनिधि भरत कुमार व विवांर थाने की आवासीय बिल्डिंग का अवैध निर्माण किया गया अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।अपरजिला अधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों का निस्तारण अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर समय रहते पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ काम करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी करन वीर सिंह, तहसीलदार शेखर मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय समेत जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे। अवगत हो कि सरकार ने समाधान दिवस का आयोजन इस मंशा से शुरू कराया था ताकि क्षेत्र के फरियादियों की समस्याएं एक मंच पर आने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में उनका त्वरित निस्तारण किया जा सके लेकिन सरकार के नुमाइंदों की लापरवाही के चलते समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं का समय रहते निस्तारण न होने से फरियादियों का धीरे-धीरे समाधान दिवस से भरोसा उठता जा रहा है।

### बीएलओ ने बीएलए को एएसडी सूची की दी जानकारी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** सोमवार को कस्बे के श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कालेज प्रांगण में बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठक में एएसडी सूची में अवगत कराया गया। कस्बे के विद्या मंदिर में कस्बे के समस्त बूथो के बीएलओ ने राजनैतिक दलों के बीएलए के साथ बैठक करके बीएलए को अनुपस्थित, परिवर्तन एवं मृतक मतदाताओं की जानकारी दी गई। 6 जनवरी को सूची का प्रथम मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। बैठक में कस्बे के बूथ संख्या 170 से 177 के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं राजनैतिक दलों के बीएलए भाजपा के दृगपाल चंदेल, सपा के जगमोहन यादव, बसपा के सुमित कुमार आदि मौजूद रहे। कांग्रेस का प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं हुआ क्योंकि कांग्रेस ने कस्बे में किसी को नहीं नियुक्त किया है।

## प्रदेश की कबड्डी टीम में कस्बे के युवक का हुआ चयन



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 के लिए प्रदेश की कबड्डी टीम में कस्बे के युवक को टीम का सदस्य बनाया गया है। इससे उसके परिवार में हर्ष का माहौल है।खेलो इंडिया बीच गेम्स के आयोजन में कस्बे के वार्ड संख्या आठ के निवासी अंशुल को 6 सदस्यीय टीम में चयन किया गया है। यह टीम दमन एंव द्वीप में 5 जनवरी से 9 जनवरी के मध्य होने वाले मैचो में खेलेगा। इस गेम्स में आठ प्रांतो की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इसके लिए पोल ए एंव पोल बी टीमें बनी है। पोल ए में आंध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दमन एवं द्वीप की टीमें शामिल की गई है और पोल बी में राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र की टीमें शामिल हैं। कस्बे के युवक के टीम में शामिल किए जाने पर उसके घर परिवार में हर्ष का माहौल है।

## सफेदा ज्वार का रकबा घटा मांग बढ़ी पांच हजार से छह हजार रुपए प्रति कुंतल है भाव

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बुंदेलखंड की सफेदा ज्वार का रकबा घटने से इसकी मांग बढ़ने से कीमतों में गजब को उछाल आया है मौजूदा समय में यह सफेदा ज्वार पांच हजार प्रति कुंतल से लेकर छह हजार रुपए तक बिक रही है। कालांतर में सफेदा ज्वार बुंदेलखंड में खरीफ की प्रमुख फसलों में शुमार थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। किसानों का मुंह इससे भंग हुआ है और इसकी जगह पर धान एवं तिल की फसलों को किसान तवज्जो दे रहे हैं। यही कारण है कि जनपद में इसका रकबा बेहद कम रह गया है?। सरीला ब्लॉक के कुछ हिस्से में इस उत्पादन का आज भी बरकरार है। बाकी सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा, मुस्कुरा, राठ, गोहाण्ड में इसका क्षेत्रफल बहुत कम हो गया है प्रतिवर्ष रकबा घटने से इसकी मांग में इजाफा हो रहा है। इस वर्ष सफेदा ज्वार का अधिकतम खुदरा मूल्य पांच हजार से लेकर छह हजार रुपए प्रति कुंतल है रकबा घटने से इस वर्ष सफेदा ज्वार मंडी में दिसंबर के बजाय जनवरी में आना शुरू हुई है वह भी गैर जनपदों से यहां लाकर बेची जाती है। कस्बे की गल्ला मंडी एशिया में सफेदा ज्वार की सबसे पुरानी मंडी है यहां की सफेदा ज्वार देश के सभी प्रांतों में जाती है। इसके अलावा कई मुस्लिम देशों में इसको भेजा जाता है। गल्ला मंडी के व्यापारी कुंज बिहारी पांडे, विपिन कुमार, अभिषेक शिवहरे, रमाकांत गुप्ता, राघवेंद्र पांडे, उदित नारायण तिवारी, संतोष गुप्ता, राजू गुप्ता आदि ने बताया कि जिले में सफेदा ज्वार का उत्पादन नगण्य हो गया है। इस वर्ष सफेदा ज्वार बांदा, चित्रकूट, छतरपुर, कबरई, महोबा से यहां लाकर बेची जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि मौजूदा समय में जसपुरा, पैलानी, बबेरू, अतर्रा, करतल, बदौसा, फतेहगंज, कर्वी, मानिकपुर, मऊ, लौंडी, गौरिहार, श्रीनगर आदि जगहों में सफेदि ज्वार मंडी में आना शुरू हुई है। मंडी के व्यापारियों ने बताया कि सफेदा ज्वार की सर्वाधिक मांग दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान से होती है। इसके अलावा सऊदी अरब, अफगानिस्तान, ईराक, केन्या, तंजानिया आदि देशों में भी जाती है। व्यापारियों के अनुसार सफेदा ज्वार का ज्यादातर प्रयोग पशुचारे के रूप में किया जाता है। कस्बे की गल्ला मंडी में सफेदा ज्वार की खरीद फरोख्त के लिए पूरे देश में अंग्रेजी शासन के समय से मशहूर है। अंग्रेजों के जमाने से यहां से ज्वार और सनई मालगाड़ी के माध्यम से बाहर ले जाया जाता था।

### खेलते समय कुएं में गिरने से किशोरी की पानी में डूबकर मौत

**कबरई/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम उटियाँ में रविवार शाम खेलते समय 11 वर्षीय किशोरी की कुएँ में गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम निवासी देवराज सिंह की 11 वर्षीय पुत्री प्राची सिंह गांव के बच्चों के साथ खेल रही थी। खेल के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पास में स्थित खुले कुएँ में गिर गई। बच्ची के कुएँ में गिरते ही साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने परिजनों, ग्रामीणों और स्थानीय गौतखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोरी को कुएँ से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डीएम ने प्रशासनिक अमले के साथ गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा विकास खण्ड चरखारी की ग्राम पंचायत कुरौरा डांग स्थित गो-आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 85 गौवंश संरक्षित पाए गए। डीएम ने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गो-आश्रय स्थल का दौरा कर निरीक्षण करते रहें। आश्रय स्थल में पहले से ही चार सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जो सोलर सिस्टम से संचालित हैं। ठंड के प्रकोप को देखते हुए, डीएम ने गौवंशों के बचाव के लिए तत्काल अलाव जलाने, पर्याप्त मात्रा में भूसा और चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के समय बलराम कुमार सीएमओ, डॉ रंजन सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी, चरखारी, विपिन गुप्ता, खंड विकास अधिकारी चरखारी, संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीन माह पूर्व हुए गोली कांड के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को किया गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर**




नगर में तीन माह पूर्व हुए गोलीकांड के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पुलिस महीनों से तलाश कर रही थी अवगत हो कि 29 सितंबर को नगर के तहसील मार्ग पर स्थित एक बाइक सर्विसिंग सेंटर पर काम कर रहे आतिश पर बाइक सवार 4-5 युवको ने मारपीट कर उसे गोली मार दी थी जिससे अतीश गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद घायल अतीश के भाई स्वतंत्र कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नीरज पुत्र नोखे लाल निवासी रागौल,बाबू पुत्र रहमान निवासी ममाचा, निहाल उद्दीन पुत्र कमाल नि. हैदरगंज, सलमान माचा व दिलावर उर्फ रईस पुत्र हफीज निवासी रगौल के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर 24 सितंबर को आरोपी नीरज, बाबू व निहाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि सलमान ने 11 दिसंबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। कोतवाली पुलिस दिलावर की तलाश में उसके संभावित स्थानों पर छापेमारी कर उसकी तलाश में लगी थी। रविवार की रात सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने उसे रागौल से गिरफ्तार कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**श्रीनगर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक कन्हैयालाल पटेल व कांस्टेबल शुभम यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कृष्णा राजपूत उर्फ चुनटा पुत्र सुरेन्द्र राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सिजवाहा के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व दो कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए ग्राम कैमाहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना श्रीनगर पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## पुलिस लाइन में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

▸ पुलिस कर्मियों एवं परिजनों को मिला निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार मुख्यालय स्थित रिज़र्व पुलिस लाइन में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में डॉ सुरेन्द्र कुमार अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। शिविर के दौरान पुलिस लाइन परिसर में आवासित पुलिस कर्मियों, पुलिस पेंशनर्स, उनके परिजनों एवं बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यक होम्योपैथिक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लाभार्थियों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से संबंधित उपयोगी जानकारी भी दी गई। शिविर के अंतर्गत अपोलोमेडिश द्वारा प्रदत्त 50 चिकित्सा कूपन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिव कुमार एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा वामा वॉलंटियर्स (महिला/पुरुष) उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कल्याण को प्रोत्साहित करना रहा, जिसे उपस्थित जनों द्वारा सराहना प्राप्त हुई।

### तहसील समाधान दिवस में जनसुनवाई कर सुनी गईं फरियादियों की समस्यायें

**कुलपहाड़/महोबा।** उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 50 शिकायतों में 2 का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग व पुलिस विभाग से प्राप्त हुई हैं। जिन्हें सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपकर एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश



दिए गए। शिकायतकर्ता रमेश आदि बुधौरा ने सार्वजनिक कूप विपक्षी द्वारा जबरन निर्माण करने का आरोप लगाया है। माधुरी नायक शिक्षामित्र कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय खमा ने बीएलओ निर्वाचन के कार्य का मानदेय दिलाए जाने की मांग की है। विनीत राजपूत कुलपहाड़ ने चकरोड की पैमाइश करने की मांग की। प्रेमवती कुलपहाड़ ने शिकायत दी कि पति द्वारा बिजली बिल जमा करने के बाद भी विभाग द्वारा पुनः अधिक बिल भेज दिया है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अमोल सिंह चौहान, पूर्ति निरीक्षक राजेश वर्मा सहित सर्किल के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवसः कागजों पर नहीं धरातल पर करें शिकायतों का निस्तारण

**चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ डीएम की अध्यक्षता एवं एसपी सहित जिलास्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में चरखारी में किया गया आयोजन



कस्बा स्थित तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। सभाधान दिवस में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार,अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की उपस्तिथि में 41 में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं



- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं अधिकारी : जिलाधिकारी
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 109 शिकायतें आयी, 12 का तत्काल हुआ निस्तारण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 39, पुलिस 33, विकास 07, समाज कल्याण 01 एवं अन्य 29 कुल 109 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 12 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस, 30 शिकायती पत्रों में पांच का हुआ निस्तारण



महराजगंज। सोमवार को तहसील सभागार महराजगंज मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम अमृता सिंह के द्वारा किया गया अमृता सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायत को अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता पूर्वक ले और उनका निस्तारण करें शासन की मंशा के अनुरूप कार्य होना चाहिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बक्सा नहीं जाएगा संपूर्ण समाधान दिवस में कुल तीस शिकायती पत्र आए जिसमें पांच शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राजस्व विभाग के 11 पुलिस के 14 विकास के तीन अन्य दो शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस पर आए। इस मौके पर एसडीएम गौतम सिंह तहसीलदार मंजुला मिश्रा नायब तहसीलदार सत्यराज क्षेत्राधिकार प्रदीप कुमार बीडीओ वर्षा सिंह खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा चन्दापुर व महराजगंज थाने के एस आई क्षेत्रीय लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील के सरकारी आवास में निकला अजगर



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सिरौलीगौसपुर परिसर में बने आवासों के पीछे सोमवार को लगभग 12 बजे करीब 7 फीट लंबा अजगर देखा गया। आवास के पीछे अजगर दिखने की सूचना पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा को जानकारी मिलने पर उन्होंने वन डिप्टी रेंजर मनोज कुमार यादव को सूचित किया। यादव ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अजगर को तुरंत पकड़ लिया।वन विभाग की टीम ने अजगर को बोरी में रखकर सुरक्षित रूप से किसी घने जंगल में छोड़ दिया। डिप्टी वन रेंजर मनोज यादव ने बताया कि अजगर को तत्काल पकड़ लिया गया और उसे जंगल मे छोड़ दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी, लोक निर्माण विभाग ने शुरू की कार्रवाई



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** शासन के आदेश अनुसार हैदरगढ़ मुख्य चौराहे से रायबरेली रोड तीपुला नहर तक रोड के दोनों तरफ पहले अतिक्रमण का चिन्ह्यांकन लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सुरेश पांडे अनिल कुमार बिंद संजीव कुमार अवर अभियंता सुभाष चंद्र द्वारा किया गया एवं अतिक्रमण कार्यों को नोटिस भी जारी की गई। विभाग ने यह भी कहा है कि यदि निर्धारित समय सीमा के बाद कार्रवाई की जाती है, तो मलबे को हटाने और ध्वस्तीकरण में आने वाले खर्च की वसूली संबंधित भवन स्वामी से की जाएगी। वर्तमान में, विभाग द्वारा सड़कों के किनारे स्थित दुकानों और मकानों पर लाल निशान लगाकर अवैध निर्माण को चिह्नित किया जा रहा है।

### टोल प्लाजा पर वाहन चालकों का किया गया नेत्र परीक्षण



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मौके पर एनएचआई द्वारा संचालित अहमदपुर टोल प्लाजा पर वाहन चालकों का सोमवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर विनोद कुमार जैन के नेतृत्व में जिले के वाहन चालकों के लिए निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। टोल प्लाजा प्रबंधक अनुपम द्विवेदी की संरक्षणता में इस शिविर में वाहन चालकों का विजन टेस्ट, कलर एक्यूरेसी टेस्ट आदि जांच की गई। प्रबंधक अनुपम द्विवेदी ने बताया आंखे हमारे शरीर का अनमोल और कोमल अंग होते है,इनकी देखभाल करना जरूरी होता है इसलिए कुशल नेत्र चिकित्सक से परामर्श आवश्यक है। शिविर में कुशल नेत्र चिकित्सक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया वाहन चालकों को समय-समय पर अपने आंखों का परीक्षण कराना अति आवश्यक है। उन्होंने नेत्र परीक्षण कर चालकों को निशुल्क चश्मा व दवा दी। यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य यह है कि सभी वाहन चालकों का आंखों का दृष्टि सही बनी रहे। आंखों की समस्या एवं दृष्टिबाधित्ता से बचे रहे । इस अवसर पर अमित सिंह, बृजेश तिवारी, सौरभ सिंह, देवराज सिंह, राहुल पांडे, सुभाष पाल,दुर्गेश कुमार व सत्येंद्र द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### डकैती व गैंगेस्टर का वांछित गिरफ्तार



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा 14 वर्ष से फरार चल रहे डकैती/गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद बाराबंकी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा सोमवार को मु0अ0सं0 625/2011 धारा 395/397/412/174ए भादवि व 145/2012 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त रामजस पासी पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम कूढा सुखीपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को सुर्रा धर्मशाला के पास से गिरफ्तार किया गया।

### अजगर निकलने से मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत पूरे ललई भगत मजरे माहेमऊ गांव में सोमवार दोपहर आबादी के पास विशाल अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर को देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिर्मय शुक्ला को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। वन विभाग के कर्मियों ने अजगर को कादूनाला स्थित जंगल क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया उसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि इस प्रकार की स्थिति में घबराएं नहीं और तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें।

### संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची महिला बोली- साहब, अभी मैं जिंदा हूं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय गौरीगंज के करीब वरना टीकर गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला रामलली सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में हाथ में पोस्टर लेकर पहुंची। रामलली के पोस्टर पर लिखा था साहब, अभी मैं जिंदा हूं। उनका यह दर्द भरा संदेश देखकर मौके पर मौजूद अधिकारी और फरियादी स्तब्ध रह गए। रामलली ने अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र और मौखिक बयान में आरोप लगाया कि जमीन हड़पने की नीयत से उनके ही वारिसानों ने करीब छह महीने पहले उन्हें कागजों में मृत घोषित करा दिया। आरोप है कि उन्हें मृत दर्शाकर राजस्व अभिलेखों में हेरफेर की गई और उनके नाम दर्ज जमीन को अपने नाम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पीड़िता का कहना है कि जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने न्याय की आस में संपूर्ण समाधान दिवस का रुख किया। रामलली ने रोते हुए कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, तब तक मेरी जमीन मेरे नाम ही रहनी चाहिए। मुझे मेरे हिस्से से बेदखल करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, कागजों में दर्ज उनकी कथित मृत्यु को तत्काल निरस्त किया जाए और जमीन उनके नाम बहाल की जाए। अधिकारियों ने संबंधित राजस्व कर्मियों से रिपोर्ट तलब करने और पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रशासन का कहना है कि यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खेतों में पानी लगाने गए किसान का मिला शव

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खेतों में पानी लगाने गए एक किसान का अगले दिन नाले में शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया सुबह ग्रामीण जब उस तरफ गए तो घटना की जानकारी हुई तो लोगों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहेरिया मजरे घुरवारा गांव निवासी भागीरथ पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल उम्र लगभग 50 वर्ष रविवार की शाम को लगभग 5:00 बजे के आसपास अपने खेतों में पानी लगाने के लिए गया हुआ था रात भर वह घर वापस नहीं आया अगले दिन जब ग्रामीण खेतों की तरफ गए तो देखा वहां पर भागीरथ मृत अवस्था में नाले में पड़ा था लोगों ने इसकी सूचना परिजनों एवं पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की माता दुईजा देवी उम्र लगभग 75 वर्ष ने बताया कि उसके बेटे ने रात को खेतों में पानी लगाने की बात कह कर गया था जो देर रात तक वापस घर नहीं आया वह घर पर अपने बेटे के साथ रहती थी मृतक की पत्नी की मौत लगभग 12 वर्ष पूर्व हो चुकी है उसके कोई बच्चे नहीं है मां का रो-रो कर बुरा हाल है वह अब किसके सहारे अपना जीवन कटेगी क्षेत्रीय लेखपाल मनोज पाल ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक किसान के परिजन को शासन से लाभ दिलाया जाएगा वहीं इस संबंध में चौकी प्रभारी घुरवारा देवेश साहू ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# मेसर्स शिव शक्ति इंटरप्राइजेज के उद्घाटन समारोह में उमड़ा सम्मानित अतिथियों का स्नेह



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हरी लाल पुरवा में नवस्थापित शिवा शक्ति इंटरप्राइजेज के भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एसटी/एससी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने उपस्थित होकर प्रतिष्ठान के संचालकों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नए उद्यम न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हैं, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं।

इससे पूर्व उद्घाटन समारोह का शुभारंभ प्रदेश के मंत्री खाद्य एवं रसद सतीश चन्द्र शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिवा शक्ति इंटरप्राइजेज जैसे प्रतिष्ठान व्यापारिक विकास के साथ-साथ क्षेत्र की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने संचालकों को ईमानदारी, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देने की सलाह दी। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया और प्रतिष्ठान के संचालन से जुड़ी जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ हवन-पूजन भी संपन्न हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। एसटी/एससी आयोग अध्यक्ष श्री रावत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने में उद्यमिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिवा शक्ति इंटरप्राइजेज सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करेगा और समावेशी विकास की दिशा में कार्य करेगा। अंत में प्रतिष्ठान के संचालकों विवेक वर्मा व आलोक वर्मा ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्राहकों को उत्तम गुणवत्ता की सेवाएं और उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। उद्घाटन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस दौरान भाजपा नेता रूपेश प्रताप सिंह लकी, प्रदीप सिंह, दिवाकर विक्रम सिंह, कमेलश वर्मा, विवेक तिवारी, देवेंद्र सिंह, संतोष सिंह सहित काफी सख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोई भी सफलता संघर्ष के बिना संभव नहीं है।संघर्ष से सीखना व्यक्ति में आत्मविश्वास का भाव पैदा करता है।इससे नई क्षमताएं विकसित होती हैं और समस्याओं को सुलझाने के नए तरीके सृजित होते हैं।जब हम किसी मुश्किल परिस्थिति का सामना करते हैं तो हमें अपनी सीमाओं और क्षमताओं का बेहतर आकलन करने का मौका मिलता है।

यह विचार मोहम्मद वसीम प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार सलोन ने लखनऊ में निपुण विद्यालय होने पर आयोजित कार्यक्रम के पर अमील शम्सी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश के द्वारा निपुण विद्यालय प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद कहा।वहीं अमील शम्सी ने कहा हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों कर्मचारियो को समय-समय पर उनके द्वारा किए गए नए प्रयासों के लिए सम्मानित करती है।इसके बाद अध्यक्ष एवं मंत्री प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सेवानिवृत्त शिक्षक संगठन के साथ-साथ समाजसेवियों ने मंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए शिक्षक मो. वसीम को बधाई दी।

# समाजसेवी दीपक यादव जन-जन तक पहुंचकर जीत रहे भरोसा



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गरीबों असहायों एवं मजलूमों की सेवा में हमेशा तत्पर रह कर समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाकर लोगों की सेवा कर रहे डलमऊ क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी दीपक यादव उर्फ सोनू लोगों के भरोसे पर खरे उतर रहे हैं और एक मिसाल की तरह स्थापित हो रहे हैं समाज सेवा से राजनीति की ओर बढ़ रहे सोनू यादव जनप्रतिनिधि बनकर लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया है उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव मैं लालगंज तृतीय से जिला पंचायत सदस्य पद की उम्मीदवार दीपक यादव उर्फ सोनू लगातार क्षेत्र में जन एवं समाज सेवा के कार्य कर रहे हैं क्षेत्र की जरूरतमंदों गरीबों एवं असहायों की मदद के साथ- साथ जन-जन का भरोसा जीत रहे हैं लोगों की सेवा एवं सहयोग के लिए उन्होंने अपने क्षेत्र के रजऊ का पुरवा, दुर्जन का पुरवा, बेलहनी, चांदा टीकर और भुरकुसपुर सहित अन्य गांवों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और सभी से संवाद स्थापित करते हुए सुख-दुख में सहभागी बने दीपक यादव उर्फ सोनू ने बताया कि वह केवल चुनावी औपचारिकता तक सीमित नहीं, बल्कि वर्षों से जमीन से जुड़कर समाजसेवा कर रहे हैं जरूरतमंद परिवारों की मदद, युवाओं को मार्गदर्शन, बुजुर्गों का सम्मान और महिलाओं की समस्याओं एवं उनकी जरूरतों को पूरा करना उनकी कार्यशैली की पहचान है वह जनप्रतिनिधि बनकर और बेहतर तरीके से समाज की सेवा करना चाहते हैं ग्रामीणों का कहना है कि संकट के समय सोनू यादव हमेशा सबसे पहले खड़े नजर आते हैं उन्होंने कहा कि समाजसेवा एक पुण्य कार्य है गरीबों मरीज मजलूमों असहायों जरूरतमंदों की सेवा करना उनका धर्म है जनप्रतिनिधि बनकर वह सेवा के इस संकल्प को और मजबूत करना चाहते हैं मौका मिला तो वह गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी और रोजगार के क्षेत्र में ठोस कदम उठाएगे जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें भरपूर समर्थन और आशीर्वाद दिया, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

# पूर्व सांसद ने किया अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत खेमीपुर में कंबल वितरण एवं अन्नपूर्णा भवन उद्घाटन समारोह ग्राम प्रधान ओमप्रकाश रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा किभाजपा सरकार में गांवों का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले राशन की दुकान न होने से कोटेदारों को दूसरों के दरवाजे पर राशन वितरण करना पड़ता था और बरसात में पन्नी-तिरपाल का सहारा लेना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए सरकार ने हर गांव में राशन की दुकान बनाने का निर्णय लिया। इसके अलावा विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने भी भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर समरसता भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह युवा नेता अतुल सिंह रावत युवा नेता शक्ति सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राम हर्ष सिंह की पुण्यतिथि पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने वितरित किए कंबल



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता रामहर्ष सिंह की स्मृति में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया। नगर पंचायत सुबेहा के रामदेव सिंह पालेशर, शुकुल बाजार मोड़ पर आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटे गए।

इस समारोह में भाजपा विधायक दिनेश रावत और जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए।

विधायक दिनेश रावत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह अपने पिता की सेवा को आगे बढ़ाते हुए कई वर्षों से जरूरतमंदों को कंबल बांट रहे हैं। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सभी लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने भी रामदेव सिंह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रामदेव सिंह से प्रेरणा मिलती है कि सभी लोग एक-दूसरे की मदद करें।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, राजकुमार शर्मा, बृजेश रावत, मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह उर्फ मोनू सिंह, प्रधान अहीरगांव विनोद शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार सिंह, अर्पित सिंह, सनद तिवारी, पूर्व प्रधान जय सिंह, प्रधान विजय प्रताप सिंह, मनोज मिश्रा, अनिल सिंह, प्रधान रिशु सिंह, अज्जू सिंह, दीनबंधु पांडेय, संजय सिंह, भल्ला रावत, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों संभ्रांत व्यक्ति और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

## अतिक्रमण से कराह रहा बस स्टैंड चौराहा



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत जैदपुर स्थित बस स्टैंड पर अवैध अतिक्रमण और अव्यवस्था का बोलबाला है ।पूरा बस स्टैंड राजनीतिक होर्डिंग से पटा हुआ है ।जिससे इसकी पहचान मुश्किल हो गई है ।इसके साथ ही सरकारी बस स्टैंड पर अवैध डग्गामार वाहनों का कब्जा रहता है ।परिवहन निगम की बसें यहां नहीं रुकतीं है ।जिससे यात्रियो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।मजबूरन,यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है जो उनसे मनमाना किराया वसूलते हैं ।जैदपुर से बाराबंकी के बीच रोजाना यात्रा करने वाले मनमोहन, अमरदीप, पुष्पा देवी और स्कूली छात्रा अंजली ने बताया कि बसें समय पर नहीं आतीं और आती भी हैं तो रुकती नहीं हैं। उनका कहना है कि होर्डिंग के कारण बस स्टैंड की पहचान ही नहीं हो पाती ।इस गंभीर समस्या पर नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह से मौन है ।जब इस संबंध में जैदपुर के अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और होर्डिंग हटवाई जाएंगी।

# मासिक बैठक में सपा विधानसभा अध्यक्ष ने उठाए किसानों के मुद्दे




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा तिलोई की मासिक बैठक विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में फुरसत गंज में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित नेता पदाधिकारी सभी ने अपने अपने विचार रखें। रामप्रसाद यादव ने कहा कि जनता को समय से खाद न देना नहरों में पानी न आना किसानो की समस्या आये दिन बढ़ बढ़ती जा रही है किसान महंगा डीजल खरीद कर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं ठंड में अलाव न जलवाना गरीब बेसहारा लोगों का रैन बसेरा न बनवाना यह सरकार की नाकामी क्षेत्र की जनता उजागर करती है। तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है बलात्कार हत्या आए दिन नजर आ रहे हैं किसानो की आय दुगनी बताने वाली सरकार का किसानों के धान की कीमत न दे पाना, किसान अपनी फसल को औने पौने दाम पर बेच रहे हैं। मजबूरी में कहीं कोई भी अधिकारी ध्यान किसानों की तरफ नहीं दे रहा है हम सभी मिलकर आने वाले विगत चुनाव में सरकार बदलने का काम करेंगे। इस अवसर पर गंगा राम यादव, शारदा प्रसाद प्रजापति, कमलेश गौतम, अंकुल सिंह यादव एडवोकेट हाई कोर्ट, बृजेश पटेल, तेज राम सजीवन बहादुर यादव, संतोष कुमार यादव, मोहम्मद हफीज, जितेंद्र बहादुर पासी, ओपी यादव आदि सभी कार्यकर्ता तथा सपा पदाधिकारी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जखा विकास खण्ड पनवाड़ी

पंत्रांकः-  दिनांकः-

मनरेगा योजना 2025-2026 के अन्तर्गत निन्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06/01/2026 से 13/01/2026 तक शीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसीदिन अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष शील बन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदो शुल्क - 100 रुपये

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जखा | बकरी शेड निर्माण कार्य देवकरन पुत्र जगदीश का | 1.46 लाख | 2% | सीमेंट, ईंट, बालू, गिट्टी, पाइप, चद्दर आदि | 4X5 मी. | 6 माह |
| 2. | जखा | बकरी शेड निर्माण कार्य सोमवती पत्नी अरविन्द कुमार का | 1.46 लाख | 2% | सीमेंट, ईंट, बालू, गिट्टी, पाइप, चद्दर आदि | 4X5 मी. | 6 माह |
| 3. | जखा | बकरी शेड निर्माण कार्य मूलचन्द पुत्र कालीचरन का | 1.46 लाख | 2% | सीमेंट, ईंट, बालू, गिट्टी, पाइप, चद्दर आदि | 4X5 मी. | 6 माह |
| 4. | जखा | बकरी शेड निर्माण कार्य राधिकारानी पत्नी अखिलेन्द्र का | 1.46 लाख | 2% | सीमेंट, ईंट, बालू, गिट्टी, पाइप, चद्दर आदि | 4X5 मी. | 6 माह |
| 5. | जखा | बकरी शेड निर्माण कार्य मानसिंह पुत्र सुम्मेरा का | 1.46 लाख | 2% | सीमेंट, ईंट, बालू, गिट्टी, पाइप, चद्दर आदि | 4X5 मी. | 6 माह |

शर्ते-
1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता विक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रु. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहरराशि के एवज में एन एस सी/एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं नीस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत जखा विकास खण्ड पनवाड़ी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत जखा विकास खण्ड पनवाड़ी**

# कन्नौज जेल से दो कैदी फरार, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

- मामले में डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए जेलर व डिप्टी जेलर को किया निलंबित
- कैदियों ने कंबल की बनाई थी रस्सी, करीब 22 फ़ीट ऊंची दीवार फांदकर हुए फरार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



घटनास्थल पर कंबल की रस्सी को देखते पुलिस कर्मी

अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज से दो बंदियों के फरार होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक बंदियों ने कंबलों को आपस में बांधकर उसके सहारे महिला बैरक के पीछे जेल की चारदीवारी फांद ली और फरार हो गए। घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार आलाधिकारियों के साथ जिला कारागार पहुंचे। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण किया और जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। अधिकारियों ने घटना की गहनता से जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार निरुद्ध विचाराधीन बंदी अंकित व डम्पी उर्फ शिवा चोरी और पास्को एक्ट के मामले में बंद थे। बताया जा रहा है कि फरार बंदियों की तलाश के लिए जिले भर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। आसपास के थानों को भी सूचना देकर चेकिंग बढ़ा दी गई है। वहीं, जेल प्रशासन में अफरा- तफरी का माहौल है और सुरक्षा में चूक को लेकर जिम्मेदारों की भूमिका की जांच की जा रही है। मामले को लेकर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद से दूरभाष से संपर्क किया तो संपर्क नहीं हो सका।

## जेलर और डिप्टी जेलर पर निलंबन की कार्रवाई

जेल से फरार होने की घटना को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने तत्काल जिला कारागार का निरीक्षण कर पूरे प्रकरण की समीक्षा की। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर जेलर विनय प्रताप सिंह व डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद को कारागार मुख्यालय से निलंबित कराने की कार्रवाई की गई। वहीं, जेलवार्डर शिवेंद्र सिंह यादव, अतुल मिश्रा व नवीन कुमार को वरिष्ठ जेल अधीक्षक स्तर से निलंबित किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कारागार सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीसीएम व ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर शहीद कमलेश कुमारी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। इस भयानक हादसे में ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति व डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि ग्राम जगतपुर कस्बा सिकंदरपुर निवासी 45 वर्षीय मुकेश सिंह पुत्र अशोक सिंह किसान थे। वे अपने हाथ में लगी चोट का प्लास्टर कटवाने छिबरामऊ आ रहे थे। उनके साथ ट्रैक्टर चालक गुड्डू वर्मा और विजय पुत्र रामशंकर (निवासी जगतपुर) सवार थे।

कमलेश कुमारी पंप के पास डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी, जो इतनी जोरदार थी कि मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय गंभीर रूप से घायल हो गए। मुकेश की पत्नी पूनम और एक बेटा अक्षय है। वहीं दूसरी ओर डीसीएम चालक धर्मेंद्र पुत्र राम लौट, निवासी कुत्राकला थाना चांदा जनपद सुलतानपुर की भी हादसे में मौत हो गई। डीसीएम पर सवार संजय गाजियाबाद नौकरी के लिए घर से निकले थे, वह भी बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### अयोग्य व्यक्ति धीरज सचान द्वारा ऑपरेशन में सहयोग पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सौ शैया अस्पताल में 23 दिसंबर को एक महिला मरीज रिचा के ऑपरेशन के दौरान अयोग्य व्यक्ति धीरज सचान के सहयोग करने का मामला सामने आने पर उसके खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ऑपरेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसका गंभीरता से संज्ञान लिया। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरशाद और डॉ. महेंद्र भान सिंह की संयुक्त जांच टीम गठित की गई थी। जांच में ऑपरेशन थिएटर में मौजूद चिकित्सक और स्टाफ नर्स के बयान दर्ज किए गए। वीडियो फुटेज से स्पष्ट हुआ कि धीरज सचान जो लेक्शन सर्वेंट बताकर कार्य कर रहा था। ऑपरेशन टीम में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा था, जबकि वह इस कार्य के लिए योग्य नहीं था। जांच रिपोर्ट के आधार पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर आरोपी धीरज सचान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह घटना अस्पताल में मानकों की अनदेखी और मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती है। स्वास्थ्य विभाग आगे की कार्रवाई जारी रखे हुए है।

### सात साल की सजा काट रहे कैदी की बीमारी के चलते मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार में सजा काट रहे एक कैदी की बीमारी के चलते बीती रात्रि उपचार दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहरिया पुरवा निवासी मेवालाल 58 वर्ष जिला कारागार में निरुद्ध थे। बताया जाता है कि अगस्त 2025 में उन्हें एक मामले में सात साल की सजा अदालत द्वारा सुनायी गयी थी तभी से वह जिला कारागार में बंद थे। बताया जाता है कि बीती रात्रि मेवालाल की अचानक हालत खराब हुई तो उन्हें प्राथमिक उपचार जिला कारागार में दिया गया लेकिन हालत ज्यादा गंभीर होने पर कारागार अधिकारी मेडिकल कालेज ले गये जहां उपचार के दौरान कैदी की मौत हो गयी। बताया जाता है कि 15 वर्ष पुराने मामले में वह पिछले डेढ़ वर्ष से जहरखुरानी के मामले में सजा काट रहे थे।

### पाले से आलू की फसल को बचाने के वैज्ञानिकों ने बताए उपाय

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.के. कन्नौजिया तथा उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने आलू की फसल में परपरा व पाले से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए किसानों को आवश्यक सलाह दी है। उन्होंने बताया कि हल्की (बलुई) मिट्टी में बोई गई आलू की फसल में परपरा की समस्या अधिक देखने को मिलती है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित होती है। इससे बचाव के लिए किसान 40 से 45 दिन की फसल पर मैंकोजेब दवा का 2 से 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। साथ ही 45 दिन की अवस्था पर यूरिया का 0.5 से 1 प्रतिशत (5 से 10 ग्राम प्रति लीटर पानी) घोल बनाकर स्प्रे करें। इसके बाद 8 से 10 दिन के अंतराल पर पुन: छिड़काव करने की सलाह दी गई है। यदि किसी कारणवश यूरिया का छिड़काव न किया गया हो, तो एनपीके (19:0:45) का 1 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से स्प्रे करना लाभकारी रहेगा। वैज्ञानिकों ने बताया कि पाले की संभावना होने पर आलू की फसल में हल्की सिंचाई बनाए रखना चाहिए, जिससे फसल को ठंड से नुकसान न हो। फसल की 50 से 55 दिन की अवस्था पर एनपीके (0:52:34) का 1 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। वहीं 60 से 70 दिन की फसल पर एनपीके (0-0-50) का 1 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से स्प्रे करने से कंदों का विकास बेहतर होता है।

# आज गणेश चतुर्थी पर लें पुत्र की दीर्घायु व परिवार रक्षा का संकल्प

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुत्र की दीर्घायु की कामना एवं परिवार की रक्षा हेतु संकट निवारण भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना आज 6 जनवरी को गणेश चतुर्थी पर संपन्न होगी।

शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि आज ही गणेश जी की उत्पत्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसे गणेशोत्पति कहा जाता है। इस अवसर पर तिल के लड्डू सहित विभिन्न प्रकार के लड्डू बनाकर भगवान को भोग लगाया जाता है। काशी में चंद्रोदय का समय रात 8-35 बजे है। चंद्रमा के प्रत्यक्ष दर्शन के बाद व्रत का पूजन कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर पारण किया जाता है। इस व्रत को तिल कुटी, वक्र टुंड चतुर्थी एवं गणेश चतुर्थी भी कहा जाता है। पंडित जी ने अपील की है कि सभी माताएं बड़ी श्रद्धा-भक्ति से इस व्रत का पालन करें, ताकि पुत्र एवं परिवार पर कोई संकट न आए।

# काव्य गोष्ठी में गूंजा संदेश- नारियां स्वयं की शिक्षा को समझें

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



लोक भारती इंटर कॉलेज के स्वामी ब्रह्मानंद सभागार में राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जन्म जयंती पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। नारी शिक्षा के महत्व पर केंद्रित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं से अपील की कि वे स्वयं की शिक्षा को समझें और सावित्रीबाई के मिशन को आगे बढ़ाएं।

अध्यक्षता कर रही सुधा शाक्य ने कहा कि नारी को अपनी क्षमता पहचाननी होगी। संरक्षक व आयोजक पूर्व सांसद प्रो. रामबक्श वर्मा ने जोर देकर कहा जब तक नारी स्वयं को नहीं समझेगी, उसका उद्धार असंभव है। डॉ. घनाराम आर्य, श्रीपाल वर्मा, विक्रमादित्य, राजेश शाक्य एडवोकेट, कुलदीप शाक्य, दीपक शाक्य, धर्मपाल शाक्य, रमेश बाबू बौद्ध व श्रीमती अनुभा ने विचार व्यक्त कर सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि दी। बुद्ध वंदना से शुरू हुई गोष्ठी में कवियित्री दीपमाला शाक्य दीप ने पाठ किया- ÷शिक्षा के दीप जलाए, ज्ञान के गीत सिखाए, दूर पाखंड भगाए, शिक्षा के द्वार खिलाए। कवियित्री साधना यादव ने सावित्रीबाई को भारत की पहली महिला शिक्षिका बताते हुए रूढ़िवादी सोच के खिलाफ उनकी आवाज की सराहना की। संचालक कवि हरिगोविंद शाक्य हरि ने कविता सुनाई- सहज सरल सुंदर सी मूर्ति, दुनिया रौशन करती है। रामनगर से डॉ. नरेंद्र संगम ने कहा, नारी का अभियान आज भी सावित्रीबाई माता, कितनों का उद्धार कर गई ऐसी रही ज्ञान दाता। कुसमरा के कवि रूपलाल रूप ने दलितों की दशा पर कविता पढ़ी- दलितों की दयनीय दशा ने दुखाया दिल, छुआछूत मेटने की कसम उठाई है। संयोजक हरिगोविंद शाक्य हरि ने सभी, विशेषकर महिलाओं का आभार माना।

कार्यक्रम में रामप्रकाश वर्मा, हुकुम सिंह शाक्य, अनुज कुमार शाक्य, डॉ. आरसी शाक्य, पिंकू शाक्य, राजेश राजपूत, छाया, बेबीरानी, शकुंतला, सभासद पूनम शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कठेरिया समाज ने शिक्षा को अपनाने का लिया संकल्प

- समाज के प्रथम आईएएस रमेश चंद्र कठेरिया की मनाई जयंती

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील परिसर में कठेरिया समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने समाज के प्रथम आईएएस अधिकारी, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष, राजस्व परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं समिति के संस्थापक स्वर्गीय रमेश चंद्र कठेरिया की 88वीं जयंती केक काटकर धूमधाम से मनाई।

इस अवसर पर समिति के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट ने कहा कि स्वर्गीय रमेश चंद्र ने कठेरिया समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने अपने निजी खर्च से इटावा में कठेरिया छात्रावास स्थापित किया, जहां रहकर पढ़े कई गरीब छात्र आज सरकारी सेवाओं में हैं, जिससे समाज का समग्र विकास हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कठेरिया समाज के सदस्यों ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए इसे अपनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान नगर अध्यक्ष प्रताप कठेरिया, जिला संगठन मंत्री सुभाष कठेरिया व महेंद्र कठेरिया, ब्लॉक अध्यक्ष राधारमन कठेरिया, सुनील कठेरिया, राहुल कठेरिया, अजीत कठेरिया एडवोकेट, अमन कठेरिया एडवोकेट, राम आसरे कठेरिया एडवोकेट, निक्की कठेरिया एडवोकेट, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

## 30 वर्षों की सनातन सेवा पर योग यज्ञ व सत्संग का भव्य आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्री राम रिसॉर्ट में संस्थान एवं संगठन की स्थापना, योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं सनातन की सेवा-साधना व संघर्ष के 30 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय योग यज्ञ, सत्संग, स्वदेशी संकल्प सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के भारत स्वाभिमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला प्रभारी सत्यराम यादव ने कहा ये 30 वर्ष मात्र संख्याओं के नहीं, बल्कि सनातन मूल्यों की अटूट निष्ठा के प्रतीक हैं। हमने योग को जीवनशैली बनाकर आयुर्वेद की जड़ी-बूटियों से स्वदेशी चेतना जगाई है। आज के भौतिकवादी युग में सनातन धर्म ही मानवता का आधार है। हम संकल्प लेते हैं कि आने वाले वर्षों में और अधिक साधकों को जोड़कर स्वाभिमान की लौ प्रज्वलित करेंगे। पतंजलि का यह संघर्ष देश को स्वस्थ, स्वावलंबी और सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाने का संकल्प है। वेदव्यास आचार्य उदयपाल आर्य, राम सेवक आर्य, नरेंद्र सिंह, अजीत आर्य, अनुज यादव आदि ने यज्ञ-हवन-पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, सुभाष यादव, क्षमा गुप्ता, बबली यादव, पूनम गुप्ता, सीमा, अनुभव यादव, सर्वेश शाक्य, रणवीर सिंह यादव, रामनिवास यादव, बृजेश आचार्य, सतीश शर्मा, रंजीत राठौर, हरिवंश सिंह व राहुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे।

## विशेष प्रवर्तन अभियान में 25 वाहनों के चालान



सड़क सुरक्षा माह के तहत कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विशेष प्रवर्तन अभियान चला कर नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 वाहनों के चालान किए गए।

टीएसआई अरशद अली ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका वाजपेई के निर्देशन एवं प्रभारी यातायात रवि शंकर त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में तीन माह बाद पुनः क्षेत्र का दौरा कर यह अभियान संचालित किया गया।

टीएसआई ने वाहन चालकों को जागरुक करते हुए कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक वाहनों में दो ड्राइवरों की अनिवार्यता सुनिश्चित करना, सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराना, लंबी दूरी एवं रात्रिकालीन यात्राओं में दो ड्राइवरों की तैनाती, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग से बचने तथा नशे में वाहन न चलाए।

उन्होंने चालकों को समझाया कि थकान के कारण वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन सकता है, इसलिए समय-समय पर विश्राम लेना आवश्यक है। भारी वाहनों के चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने पर 25 चालान भी काटे गए। साथ ही चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आए और आमजन की जान-माल की रक्षा हो सके।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 58 शिकायतें प्राप्त, सात का हुआ मौके पर निस्तारण




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सदर तहसील में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जनसुनवाई में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 51 मामलों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

समाधान दिवस में ग्राम सलेमपुर तारा बांगर निवासी अमर सिंह ने ग्राम प्रधान पर अवैध निर्माण व भूमि पर जबरन कब्जे की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को एसएचओ के साथ तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, पट्टा व खतौनी से जुड़े मामलों की स्वयं निगरानी करने तथा ढ्ढत्रत्र्स्, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित अन्य पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीएफओ हेमंत सेठ सहित अन्य अधिकारी रहे।

## महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन नौ को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल द्वारा 9 जनवरी 2026 को जनपद जालौन में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सदस्य के जनपद में महिला जन-सुनवाई के दौरान महिला थानाध्यक्षों एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों से विगत तीन माह तक की महिला उत्पीड़न की घटनाओं की जनसुनवाई एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेगी। महिला जनसुनवाई के दौरान सदस्य द्वारा महिला थानाध्यक्षों एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों के साथ विगत समय की महिला उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की समीक्षा भी की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि सभी महिला थानाध्यक्षों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह 9 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे विकास भवन सभागार में सदस्य के समक्ष आवश्यक सूचनाओं सहित समय से उपस्थित रहें।

# 40 किलो से अधिक गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

- बरामद गांजा की कीमत 8 लाख रुपए बतायी जा रही
- उरई कोतवाली, एसओजी, सर्विलांस पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- अपाचे बाइक से गांजा की सप्लाई करने निकला था तस्कर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



पकड़े गये गांजा तस्कर के बारे में जानकारी देते एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार

सदर कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने मुखबिर द्वारा दी गयी जानकारी के बाद संयुक्त कार्यवाही में एक गांजा तस्कर को आईटीआई के समीप घेराबंदी कर बाइक से गांजा की सप्लाई करने के दौरान पकड़ लिया गया। बरामद गांजा 40 किलो से अधिक बताया जा रहा है जिसकी कीमत बाजार में लगभग 8 लाख रुपये आंकी गयी है।

गांजा तस्कर का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जनपद में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी उरई अर्चना सिंह की मौजूदगी में कोतवाली उरई एवं एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त को गिरफ्तार किया है।

संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आई.टी.आई. कॉलेज के सामने जालौन रोड से गांजा तस्कर को गिरफ्तार उसके पास से 40.250 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही एक सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटर साइकिल जो बिना नंबर प्लेट के थी उसको भी पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर की पहचान दीपू राजपूत पुत्र वीरेन्द्र राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम व थाना गोहन जनपद जालौन हाल निवासी मोहल्ला राजेन्द्र नगर कोतवाली उरई के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह गांजा सस्ते दामों में खरीदकर ऊंचे दामों पर बेचता था और उससे मिलने वाले पैसों को अपने घरेलू खर्च व शौक पूरे करने में इस्तेमाल करता था।

घटना के समय वह अपाचे बाइक से गांजा बेचने के लिए जा रहा था तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कोतवाली उरई में मुकदमा अपराध संख्या 12/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी आसपास के जनपदों एवं थानों से भी जुटाई जा रही है। वहीं बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# डीएम, एसपी ने तहसील माधौगढ़ में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में 51 शिकायतें प्राप्त, 12 का मौके पर निस्तारण
- समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से हो शिकायतों का समाधान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम राजेश पांडेय।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील माधौगढ़ के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 51 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान मौके पर ही करना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार, निष्पक्ष एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि निस्तारित प्रकरणों की जानकारी समय से फरियादियों को उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि मारपीट, आपसी रंजिश एवं अन्य आपराधिक प्रवृत्तियों से संबंधित शिकायतों में पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा एवं न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी की नाक के नीचे से बाइक चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

बाइक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से न लेने के कारण बाइक चोरों के हौसले बुलंद है। अबकी बाइक चोरों ने पुलिस चौकी के नीचे से ही बाइक चोरी कर ली। पीड़िता ने बाइक चोरी की सूचना ऑनलाइन दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी आशा देवी ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर बताया कि वह अपने पति राजाबाबू के साथ शनिवार को फुटकर सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गई थी। सब्जी खरीदने के लिए उन्होंने बाइक पुलिस चौकी के नीचे खड़ी कर दी। बाइक खड़ी कर वह सब्जी खरीदने लगे। इसी बीच पुलिस चौकी से नीचे खड़ी बाइक को अज्ञात बाइक चोर चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बाइक चोरी की तहरीर लेकर वह चौकी पुलिस के पास गई थी लेकिन उसकी तहरीर नहीं ली गई।

## सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र प्रियांक व उसकी पत्नी सुषमा तिवारी से उनके गलत आचरणों के चलते उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब इन दोनों के किसी भी कृत्य, लेन-देन व खरीद-फरोख्त आदि से हमारा व परिवार के शेष सदस्यों से कोई वास्ता नहीं होगा।

**प्रमोद कुमारी तिवारी पुत्र मन्नीलाल निवासी ग्राम तिलसरा थाना ठठिया, पर0वतह0 तिर्वा, जनपद कन्नौज,**
**मो.नं.:- 7887202771**

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# एचटी लाइन की चपेट में आने से दो नाबालिग मजदूर झुलसे



अस्पताल में भर्ती झुलसे किशोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मजदूरी कर रहे नाबालिग बच्चे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गये। वहीं घटना को लेकर श्रम अधिकारी मौन बने हुए हैं।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पाठक फूलमती मन्दिर के पीछे सुनील वर्मा ने मकान बनाने के लिए ठेका शानू को दिया है। जहाँ ठेकेदार राज मिस्त्री गुड्डू उर्फ आशिक उम्र 50 वर्षीय पुत्र हकीमुद्दीन निवासी लाल बाग दूसरी मन्जिल पर मकान की चिनाई कर रहा था। मजदूर नाबालिग शिवा उम्र 16 वर्षीय पुत्र कुँवरपाल निवासी अताईपुर मोहल्ला टिलियां नीचे से ईट लेकर उसके पास पहुँचा, तभी वह मकान के छज्जे के बराबर से गुजरी हाईटेंशन लाइन से छू गया। उसी समय शिवा ने दूसरे हाथ से लोहे कि सीढ़ी पकड़ ली। जिससे करन्ट सीढ़ी में भी दौड़ गया। करन्ट लगने से राजमिस्त्री गुड्डू सीढ़ी से नीचे जमीन पर गिरकर घायल हो गया, जबकि शिवा बुरी तरह गम्भीर रूप से झुलस गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है।

# डीएम से वार्ता के बाद सत्यगिरि महाराज का आंदोलन स्थगित



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कादरीगेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट गंगा तट पर 3 जनवरी 2026 से माघ मेला श्री रामनगरिया करा शुभारंभ हो गया। वहीं 4 जनवरी को व्यवस्थाओं को लेकर श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा संत समिति के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने व्यवस्थाओं में सुधार न होने पर अनशन करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद मामले की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय ने सोमवार शाम को मेला से रामनगरिया क्षेत्र की छठी सीढ़ी पर लगे श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा में पहुंचकर महंत सत्यगिरि महाराज से भेंट की और कहा की जो भी समस्याएं हैं आप मुझको बताएं। उन समस्याओं का निदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेला आप सभी साधु संतों का है और आप सभी से मेले में अपेक्षित सहयोग की आशा है। प्रशासनआपके साथ पूरी तरह से खड़ा है।

## ससुराजलीनों द्वारा गाली-गलौज एवं मारपीट किये जाने का मुकदमा दर्ज



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुरालीजनों द्वारा गाली-गलौज एवं मारपीट किए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता सोनी पत्नी सुनील कुमार निवासी गांव फत्तेपुर राव साहब थाना कमालगंज की निवास है। दिनांक 11/12/2025 को समय सुबह करीब 5 बजे पीड़िता अपने जानवर को चारा डालने गई थी, तभी मेरे जेठ संन्जू पुत्र सियाराम ने मुझे देखते ही गाली ा-गलौज करने लगे। मना करने पर हाथापाई की तथा लाठी-डण्डा से मारपीट की। जिससे मेरे चोटें आयीं है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने सौंपा ज्ञापन



जानकारी देते भाकियू लोक शक्ति के पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति जिला अध्यक्ष अली कायम ने संगठन के पदाधिकरियों के साथ तहसील परिसर में पहुँचकर मुख्यमन्त्री, जिला अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपा। जिसमें कहा है कि यमुना एक्सप्रेस-वे का आवासीय प्लाट व अतिरिक्त मुआवजा अतिशीघ्र वितरित किया जाए, नये भूमि अधिग्रहण के प्रावधान के अनुरूप 20 प्रतिशत विकसित भूमि प्रभावित परिवारों को दी जाये, गौतम बुद्ध नगर व अन्य सभी जिलो के सर्किल रेट को बढ़ाया जाए, साथ ही साथ गौतमबुद्ध नगर के तीनों प्रधिकरण मे 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड दिये जायें तथा आबादियों का निस्तारण कर बैकलीज व शिफ्टिग की जाए, जिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला उन सभी को आज की दर से मुआवजा दिया जाय व तीनों प्राधिकरण का गौतमबुद्ध नगर में मुआवजा राशि को महंगाई के हिसाब से बढ़ाकर दी जाये,जिन जिलों में चकबंदी चल रही है वहॉ पारदर्शिता रखी जाए, सोन भद्र जनपद के ग्राम भैसवार में चकबन्दी के दरम्यान चकबन्दी अधिकरियों, कर्मचारियों द्वारा की गई धांधली की निष्पक्ष जाँच एजेन्सी से कराकर वहाँ धरनारत किसानों के साथ न्याय किया जाय, विद्युत उपभोक्ताओं के यहाँ बिना उनकी सहमति के जबरन स्मार्ट मीटर न लगाये जायें, विद्युत का निजीकरण न किया जाय, बिजली कटौती दिन में न की जाये, प्रदेश में लगाए गए क्रेशर प्लांट एव ग्रामीण इलाकों में संचालित ईट भट्टों तथा क्रेशर प्लान्ट से होने वाले प्रदूषण से आम नागरिकों और किसानो को मुक्ति दिलायी जाए, मानक के विपरीत चलाए जा रहे क्रेशर प्लान्ट एव ईट भट्ठों को तत्काल बन्द कराकर उनके मालिकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही इसको संरक्षण देने वाले अधिकारियों/कर्मचारियो के विरुद्ध सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जाये, दिनांक 24/12/2025, समय करीब 6 बजे सायं की घटना में एफ0आई0आर संख्या-349/2025 धारा-173 बी0एन0एस0 की छायाप्रति संलग्न हैं, जिसमें अभियुक्तों से पुलिस द्वारा सांठ-गांठ कर पुलिस ने मोटी रकम लेकर खानापूर्ति कर दी। अभियुक्तों के खिलाफथाना कायमगंज पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करना चाहती। जिसमे भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति जिला अध्यक्ष अली कायम को अभियुक्तगण अभी भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, यदि उसके साथ कोई घटना घटित होती है तो थाना पुलिस जिम्मेदार होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाकियू लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष अली कायम, अदीव अली, यादराम, जमादार, स्वेता मिश्रा, किशन पाल, अदील, आकिल, इरशाद अली, मुनीष कुमार, सैफअली सहित अन्य संगठन के लोग मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण

**मेला आने जाने वाले भक्तों व श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी, जाम की समस्या से मिलेगी निजात**



सड़क का लोकार्पण करते सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने सोमवार सायं पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया के संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण मार्ग का लोकार्पण किया। इसी दौरान विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी एवं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। पीडब्ल्यूडी के द्वारा पांचाल घाट पुल के निकट से मेला रामनगरिया स्थल तक 3 करोड़ 8 लाख रूपयों की लागत से 1350 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया है।

उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं मेला सचिव दिनेश कुमार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अभी तक मेला रामनगरिया जाने वाला मार्ग काफी सकरा था। जिसके कारण अक्सर जाम लगा रहता था। काफी ढलान होने के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा था। सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से जाम की समस्या खत्म हो गई है। सड़क के किनारे सुंदरीकरण व निर्माण कार्य कराया गया है। बताते चलें कि अभी तक मेला आने जाने वाले भक्तों व श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोग जाम में घंटों फंसे रहते थे, लेकिन सड़क बन जाने से अब कल्पवासियों व श्रद्धालुओं को आसानी हो जायेगी।

# फुटपाथी दुकानदारों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



अतिक्रमित जगह चिंहित करते नगर पालिका के कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग पर स्थित मिशन अस्पताल के पास बेंडिंग जोन के दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने के नगर पालिका के आदेश का विरोध किया है। सोमवार को बड़ी संख्या में दुकानदारों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

यह बेंडिंग जोन नगर पालिका द्वारा संचालित है। जहां करीब एक सौ दुकानें लगती हैं। प्रशासन ने इन दुकानों को अतिक्रमण के दायरे में बताते हुए हटाने की बात कही थी। इसी क्रम में सोमवार शाम को नगर पालिका कर्मियों ने दुकानों के पास अतिक्रमण के निशान भी लगाए। सिटी मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि मिशन चौपाटी की कई दुकानें वर्षों से यहां लग रही हैं। जिससे अनेक छोटे दुकानदारों का गुजारा चलता है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका के आदेशानुसार ही इस क्षेत्र को चौपाटी और वेंडिंग जोन के रूप में चिन्हित किया गया था और सभी दुकानदार अपनी निर्धारित सीमा के भीतर ही दुकानें लगाते हैं। दुकानदारों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मिशन पर लगने वाली इस चौपाटी को यथावत संचालित करने की अनुमति प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान सनी गुप्ता, सौरभ शुक्ला, निखिल, आकाश कुमार, राज बहादुर, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद रहे। शाम के समय नगर पालिका के कर्मचारियों ने दुकानों के पास अतिक्रमण के निशान लगाए। कर्मचारियों ने बताया कि इस निशान के बाहर दिखने वाली कोई भी दुकान अतिक्रमण मानी जाएगी। निशान लगाने की प्रक्रिया के दौरान पुनीत कश्यप, पदम कुमार, सत्यम गुप्ता, पवन गुप्ता, शालू गुप्ता, मुन्ना सक्सेना, इलू सक्सेना, धर्मेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सी.पी. गेस्ट हाउस में नववर्ष के उपलक्ष्य में सजी कवियों की महफिल



सड़क का लोकार्पण करते सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त व डीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के जटवारा रोड स्थित सी0पी0 गेस्ट हाउस में नववर्ष के उपलक्ष्य मे एक भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिछले कई दशकों से निरंतर चला आ रहा है और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुका है।

कवि सम्मेलन में दूरदराज से आए नामचीन कवियों एवं शायरों ने अपने उत्कृष्ट काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविताएं, शायरी और हास्य व्यंग्य की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि भीषण सर्दी के बावजूद श्रोतागण देर रात तक डटे रहे। कवियों की रचनाओं में देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, प्रेम और हास्य के रंग देखने को मिले। कार्यक्रम के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट और वाह-वाह के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा। आयोजक व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री अमित सेठ ने अतिथि कवियों एवं सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कन्नौज से आए कवि अनिल द्विवेदी की "जा बार प्रधानी हम लड़िहैं ने समा बांध दिया"। वहीं बदायूं से आए कभी कमल कांत तिवारी, हाथरस से आए सर्जन शीतल, आगरा से निभा चौधरी, लखनऊ से पूनम मिश्रा, कायमगंज से कवि पवन बाथम, डॉक्टर सुनीत सिद्धार्थ, देवेश दीक्षित देव की काव्य शैली ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध होने पर मजबूर कर दिया। कवि सम्मेलन के सफल आयोजन से नगरवासियों में उत्साह देखने को मिला और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की सराहना की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, समाज सेविका पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य मिथलेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे, राजेश अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार, डॉ0 विकास शर्मा, अमरदीप, अवनीश चतुर्वेदी, व मधु गंगवार, रश्मी दुबे समेत अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मिथलेश अग्रवाल ने आये हुए नामचीन कवियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित किया।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, सीएचसी में भर्ती




**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला बरतल निवासी सोनू राठौर सोमवार शाम लगभग साढ़े छह बजे अपने हुसैनपुर निवासी एक साथी को उसके घर छोड़ने बाइक से गया था। जब सोनू वापस नवाबगंज आ रहा था,जैसे ही सोनू नवाबगंज फर्रुखाबाद रोड स्थित गल्ला मंडी के पास पहुंचा, उसी समय नवाबगंज चौराहे की तरफ से तीन लोग बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार से आये और सोनू की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सोनू उछलकर सड़क पर जा गिरा। जिससे सोनू के सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार विवेक व प्रवेश निवासी थाना नवाबगंज के गांव जोगपुर के चोटें आई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। घटना की जाकारी मिलते ही सोनू के परिजन मौके पर पहुंचे, तो देख सोनू अचेत अवस्था में लहूलुहान सड़क पर पड़ा है। परिजनों ने उसे निजी वाहन से आनन फानन में फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई और घायल विवेक व प्रवेश को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां। मौजूद चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

वहीं तीसरा बाइक सवार युवक हल्की चोट लगने से वह घर चला गया। घायलों की हालत गंभीर बनी है। सभी का उपचार जारी है।

## खबरें एक नजर में

### परीक्षा केंद्रों पर ही हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की कॉपियों के बंडल अलग-अलग तैयार करायेंगे केंद्र व्यवस्थापक

**फर्रुखाबाद (सं.)।** यू.पी. बोर्ड 2026 की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम की उत्तर पुस्तिकाओं के केंद्र व्यवस्थापक अलग-अलग बंडल तैयार करवायेंगे। इससे जिस माध्यम में छात्र-छात्राओं ने प्रश्न-पत्र हल किया होगा, उसी माध्यम के परीक्षक से उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कराया जाना सुनिश्चित होगा। इस व्यवस्था से अंग्रेजी माध्यम की कॉपियां हिन्दी माध्यम के परीक्षक के पास या हिन्दी माध्यम की कॉपियां अंग्रेजी माध्यम के परीक्षक के पास मूल्यांकन हेतु नहीं जा पायेंगी। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मूल्यांकन को लेकर 2026 की बोर्ड परीक्षा में यू.पी. बोर्ड ने नई व्यवस्था बनायी है। पहली बार परीक्षार्थियों को अपनी उत्तर पुस्तिका के कवर पेज पर स्वयं परीक्षा का माध्यम (हिन्दी या अंग्रेजी) लिखना होगा। इस नई पहल का उद्देश्य उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में होने वाली गड़बड़ियों को रोकना है। अभी तक कॉपियों पर परीक्षा के माध्यम को स्पष्ट रुप से दर्ज किये जाने की व्यवस्था नहीं थी। इस वजह से अक्सर अंग्रेजी माध्यम की कॉपियां ऐसे केंद्रों पर पहुंच जाती थीं, जहां अंग्रेजी माध्यम का परीक्षक उपलब्ध नहीं होता था। माना जा रहा है कि ऐसी स्थिति में स्क्रीटनी के दौरान अंकों में परिवर्तन के मामले सामने आते रहे हैं। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) की प्रदेश कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी एवं जिला उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने जारी बयान में कहा कि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक, और विश्वसनीय होने की पूरी उम्मीद है।

### युवक की हालत बिगड़ी, सीएचसी में मौत

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव खजुरिया निवासी शिवम उम्र 20 वर्षीय पुत्र सर्वेश कुमार की हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल



**नवाबगंज (सं.)।** बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद रोड पर मंडी समिति के सामने दो बाइक सवार की आपस में टक्कर हो गई। जिससे दोनों लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती किए गए। हालत गंभीर होने पर दोनों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

### सत्यगिरि महाराज ने की गंगा आरती

**फर्रुखाबाद (सं.)।** मेले के उद्घाटन के बाद जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने गंगा आरती की। उन्होंने गंगा मां से सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में संतगण मौजूद रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस: तीन शिकायतें हुई निस्तारित



सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते एडीएम व एसडीएम आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील सभागार में सोमवार को एडीएम अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से केवल तीन का मौके पर निस्तारण किया जा सका।

शिकायतों में सर्वाधिक 18 राजस्व विभाग से, 15 विद्युत विभाग से, 9 पुलिस विभाग से, 3 विकास विभाग से और 2 आपूर्ति विभाग से थीं। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। समाधान दिवस में कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर दूंदेमई निवासी ओमकार सिंह ने एक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि भटासा गांव में कुछ लोगों ने सड़क पर पशु बांधकर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे उन्हें विधिक कार्य के लिए आने-जाने में परेशानी होती है। इस मुद्दे पर कई बार विवाद भी हो चुका है। ओमकार सिंह ने अतिक्रमण हटाकर भूमि को मुक्त कराने की मांग की। वहीं अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शीत लहर के चलते जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शीत लहर की दृष्टिगत मे किसी भी व्यक्ति को ठन्ड से प्रभावित न होने दिया जाए। उन्होंने कहा जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने अधिकरियो को निर्देशित किया कि शीत लहर से बचाव के सभी उपायों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल समाधान किया जाए। कंबल पाकर पीड़ित काफी खुश नजर आये। इस अवसर पर एसडीएम अतुल कुमार सिंह, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, तहसीलदार विक्रम सिंह, बीडीओ राजेंद्र सिंह, एसडीओ विनोद कन्नौजिया, डॉ0 शोभित कुमार, अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## झूलों से बढ़ी मेला रामनगरिया में रौनक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचालघाट स्थित मेला रामनगरिया में रौनक बढ़ने लगी है। कार्यालयों और मनोरंजन क्षेत्र में झूले व दुकानें पहुंचने से मेले में चहल-पहल तेज हो गई है। मेला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में तेजी से जुटा है। मनोरंजन क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा रामपुर-बरेली से 15 प्रकार के झूले लाए गए हैं। इनमें सर्कस, बाइक सर्कस, भूतिया सर्कस और कार सर्कस जैसे छोटे.बड़े झूले शामिल हैं। इन झूलों के लगने से रामनगरिया मेले की शोभा बढ़ गई है। पांचालघाट के भागीरथी तट पर बसी इस आस्था की नगरी में मेला कार्यालयए जिलाधिकारी कैंपए मेला सचिव का कैंप और सांस्कृतिक पंडाल बनाने का काम तेजी से जारी है। प्रशासनिक पंडाल भी सजाया जा रहा है। वहीं दुकानदार भी अपनी दुकानें लगाने की तैयारी में हैं। जिससे मेले में भीड़ बढ़ने लगी है। कल्पवास कर रहे साधु-संत भी भजन.कीर्तन करने के साथ अपनी कुटिया को सजाने व संवारने में व्यस्त हैं।

# ट्रेन से कटकर आधा दर्जन गौवंशों की मौत



मौके पर अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के पदाधिकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात्रि रात ट्रेन की चपेट में आने से लगभग आधा दर्जन गौवंशों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के पदाधिकारियों ने मृतक गौवंशों के शवों को गड्ढा खुदवाकर विसर्जन किया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज ताना क्षेत्र में सोमवार रात लगभग 2:00 बजे नगला दाऊद के पास मौलाना आजाद स्कूल के सामने ट्रेन की चपेट में आने से लगभग आधा दर्जन गोवंशों की मौत हो गई। गौवंशों के शरीर के टुकड़े लगभग आधा किलोमीटर में फैल गये। घटना की सूचना पाकर अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ की पूरी टीम जिसमें प्रदेश महामंत्री अब्दुल जब्बार, जिला अध्यक्ष हरिगिरि महाराज, ब्लॉक अध्यक्ष शिवम ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुदीप कुमार राजा पहुंचे और गौवंशों के शवों का गड्डा खुदवाकर विसर्जन करवाया। यह घटना गुमटी नंबर 138 के पास घटित हुई।

## परीक्षित जन्म कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



कथा का श्रवण कराते आचार्य अतुल अग्निहोत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानंद वाटिका में चल रही भागवत कथा में द्वितीय दिवस पर कथा व्यास अतुल अग्निहोत्री ने परीक्षित जन्म की कथा को विस्तार से सुनाया। पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में चल रही कथा में कथाव्यास अतुल अग्निहोत्री ने कहा कि कलियुग के प्रभाव के कारण धर्मनिष्ठ राजा परीक्षित ने एक संत के गले में मरा सांप डाल दिया। उनके पुत्र के श्राप के कारण शुक देव जी ने गंगाजी के तट पर राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई। जिससे राजा परीक्षित की मुक्ति हो गयी। इसलिए इस कलियुग में जो भी श्रीमद् भागवत की कथा सुनता है, उसे ईश्वर की कृपा प्राप्त हो, वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। इस मौके पर कथा परीक्षित विनोद सिंह राठौर व गीता राठौर के अलावा ब्रह्मचारी योगेशनंद, उमेशानंद भारती, राकेश तिवारी, मनीष सिंह, महेंद्र पाठक आदि तमाम संख्या में पुरुष व महिलायें मौजूद रहीं।

## मिशन चौपाटी दुकानदारों ने मुख्यालय पर धरना देकर सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते मिशन चौपाटी के व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन अस्पताल के बाहर लगने वाली दुकानों मिशन चौपाटी को हटाये जाने की नगर पालिका की घोषणा के बाद वहां के दुकानदारों ने अपने संगठन मिशन चौपाटी यूनियन एकता के बैनर तले जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर दुकानों को मानक के अनुसार लगे रहने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि मिशन अस्पताल के बाहर मिशन चौपाटी की दुकानें कई वर्षो से लगती चली आ रही है। इन दूकानों से छोटे-छोटे दुकानदारों का गुजारा चलता आ रहा है। नगर पालिका ने चौपाटी की हद चिन्हित करके बैंडिग जॉन बनाया था। सारे दुकानंदार अपनी हद के अन्दर सारी दुकाने लगाते हैं। बावजूद इसके नगर पालिका ने कहा है कि दुकान हटा लें। इस बात को लेकर दुकानदारों में तनाव का वातावरण है और उनकी रोजी-रोटी पर तलवार लटक रही है। ऐसे में मिशन अस्पताल के बाहर लगने वाली मिशन चौपाटी को लगाये दिये जाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष शिवम गुप्ता की अगुवाई में धरना देकर ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर सनी गुप्ता, राहुल कुमार, मुन्नालाल, आकाश, राज बहादुर, सौरभ शुक्ला, शालू, पवन गुप्ता, इलू, सत्यम गुप्ता, धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे। नगर मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि नगर पालिका से बात करूंगा और दुकानें यथावत लगे रहने की बात कही गई है।

## श्रीराम कृष्ण-विवेकानंद साहित्य स्टाल का हुआ शुभारंभ



कार्यक्रम के शुभारम्भ पर मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका पांचाल घाट में समाजसेवी संस्था द्वारा श्रीराम कृष्ण-विवेकानंद साहित्य स्टाल का शुभारंभ किया गया। सुबह स्वामी विवेकानंद वाटिका परिसर में पवित्र वेद मंत्रों उच्चारण के बाद बाबा उमेशानंद भारती एवं नैष्ठिक ब्रह्मचारी योगेश्रानंद महाराज द्वारा फीता काटकर श्रीरामकृष्ण विवेकानंद साहित्य स्टाल का शुभारंभ किया। महासचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि माघ मास में मेले के दौरान सभी के लिए महान संत रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद के चरित्र व उनके व्याख्यान से संबंधित साहित्य स्टाल पर उपलब्ध है तथा जिससे प्रेरित होकर व्यक्ति मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। इस मूल मंत्र समझकर समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पण हो सकेगा। इस अवसर पर महेंद्र पाठक, बाबा जगदीशानंद, राकेश तिवारी, नारदानंद तिवारी, संजीव, अनिलेश, मनीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानों व पंचायत सचिवों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते एआरटीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सोमवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा ब्लॉक बढ़पुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में 23 ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क

- ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवायें

सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। परिवहन आयुक्त ने पंचायती राज विभाग को ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों की बैठक आहूत किये जाने के निर्देश दिये हैं। ग्राम प्रधानों को ग्राम सड़क सुरक्षा समिति के अन्तर्गत उस ग्राम का सड़क सुरक्षा अग्रदूत घोषित किया जाये। ब्लॉक बढ़पुर में बैठक आयोजित की गई। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार दिसम्बर तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई है, जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद में 390 स?क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में 25.64 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 33.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एआरटीओ ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 42481 चालान किये गये हैं तथा 187 वाहन बन्द किये गये हैं, जिनसें रू0 18.92 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया। परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 4155 चालान किये गये हैं तथा 1018 वाहन बन्द किये गये हैं, जिनसें रू0 219.33 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया। 265 ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बित किये गये हैं। 19 दिसम्बर से 17 जनवरी तक नो हेल्मेट नो पेट्रोल का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गई।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 53 शिकायतों में से 3 का मौके पर निस्तारण



शिकायतें सुनते डीएम, एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में आयोजित किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 35, पुलिस की 10, विकास विभाग की 02, विद्युत विभाग की 04 व अन्य विभागों की 08 शिकायते कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व संबधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खत्री सभा ने सर्दी में गरीबों वितरित किये कम्बल व खाद्य सामग्री



कम्बल वितरित करते खत्री सभा के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खत्री सभा द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के अन्तर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं व कम्बल वितरित किये गये। हर साल की तरह इस वर्ष भी नव वर्ष पर गरीब व जरुरतमंद लोगों के लिए ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किये गये। कम्बल वितरण का आयोजन पपियापुर स्थित ईंट भट्टे पर हुआ। पपियापुर स्थित ईंट भट्टे में खत्री सभा के अध्यक्ष मुदित टंडन की देखरेख में हुआ। गरीब व असहायों के कम्बल पाते ही चेहरे खिल उठे। शिविर लगाकर कम्बल बाटे गये और जरुरतमंदों को दैनिक उपयोग की राहत सामग्री भी वितरित की गई। इस मौके पर गौरव धवन, रवि कपूर, आशीष मेहरोत्रा, प्रांजल शीष मेहरोत्रा, सोनल टंडन, स्मिता कपूर, तनवी धवन, रूपाली मेहरोत्रा, एकता मेहरोत्रा, सुप्रिया टंडन, कोपल पीहू, रक्षिता मेहरोत्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल में डीएम-एसपी ने जरुरतमंदों को वितरित किये कम्बल



कम्बल वितरित करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर की ग्रामसभा बुढ़नामऊ विकास खंड बढ़पुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

साथ ही ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों के संबंध में भी जागरूक किया गया। डीएम ने ग्रामीणों से एस0आई0आर0 के अंतर्गत 06 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचने, फार्मर रजिस्ट्री कराने, 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाने, फैमली आईडी बनवाने की अपील की। डीएम व एसपी ने गरीब एवं निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, खंड विकास अधिकारी बढ़पुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता में ललिता, सर्वी व नेहा ने बाजी मारी



प्रतियोगिता में सम्मानित होती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव द्वारा ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन समिति के सभागाद स्टेट बैंक रोड पर सम्पन्न हुआ। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सौन्दर्य एवं स्मृति चित्रण विषय पर अपने विचारों को कैनवस पर कलर के माध्यम से व्यक्त किया। युवाओं ने प्राकृतिक छटा, पर्वतों, वृक्षों, ग्रामीण परिवेश, नदियों एवं स्मृति आधारित चित्रण किया। युवा कलाकारों ने बताया कि ड्राइंग पेण्टिंग से एकाग्रता मिलती है। मन को आनन्द मिलता है। प्रिन्सी ने बताया कि चित्र का कैनवस पर चित्रांकन करके रंग भरने से एक सुख का अनुभव होता है। आस्तिक ने बताया कि कलाकार का समाज में महत्त्वपूर्ण स्थान है, लेकिन कलाकार को उचित सम्मान नहीं मिलता। लोग कलाकार को सिर्फ पेण्टर कहकर ही बुलाते हैं। युवाओं ने मनोरम चित्र प्रस्तुत किये। प्रतिभागियों ने जल रंग, तेल रंग, वैक्स कलर, स्क्रैच कलर का प्रयोग किया। प्रथम स्थान पर ललिता कुशवाह, द्वितीय स्थान पर सर्वी पाण्डेय, तृतीय स्थान पर नेहा प्रजापति रही। पूनम शुक्ला, ऋतु सक्सेना ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतिभागी अंशिका, प्रियंका, हिना, नेहा, सर्वज्ञ, जाहनवी, सुहानी, प्रीती, प्रिन्सी, प्रियांशी, खुशी, अनुष्का रही। डा0 संदीप शर्मा अध्यक्ष, सच्चिदानन्द मिश्रा, हर्ष, डॉ0 कृष्णकान्त अक्षर मौजूद रहे।

## जनपद के माध्यमिक शिक्षक मथुरा सम्मेलन में लेंगे भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों, तहसील अध्यक्षों, मंत्रियों तथा इकाई अध्यक्षों, इकाई मंत्रियों को मथुरा में शिक्षक संघ का 58वां राज्य सम्मेलन 3 दिवसीय आयोजित होगा। जिसके लिए जनपद के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक संघ का 58वां राज्य सम्मेलन जो किशोरी रमन इंटर कॉलेज भरतपुर गेट मथुरा में आयोजित होगा। जिसके लिए जनपद के शिक्षक व पदाधिकारियों को 8, 9 एवं 10 जनवरी को सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ऑडीटर संजीव चौहान ने बताया कि जनपद से बड़ी संख्या में शिक्षक मथुरा जायेंगे। जिसकी व्यवस्था जिलाध्यक्ष व मंत्री की देखरेख में होगी। सभी शिक्षक प्रतिभाग करने हेतु अपने नाम जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री के पास जाने के लिए अवगत कराये।


## कार्यालय ग्रा0पं0 रतनपुर पमारान वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांक:सीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 05/01/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा बिल योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर पमारान की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 06/01/2026 से दिनांक 20/01/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 20/01/2026 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | विजय के मकान से सुखदेव के मकान तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.89247 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | बलराम के मकान से जुनियर स्कुल तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.94551 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-(कीर्ति कुशवाहा) ग्रा0पं0 रतनपुर पमारान, वि0ख0 राजेपुर सचिव- (नौशाद अहमद)**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नवाबगंज-फर्रुखाबाद

पत्रांक: 2707/ लेखाकार/रा0वि0यो0/पन्द्रहवां वि/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक-05/01/2026

### निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दिनांक 07/01/2026 से 22/01/2026 की अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/01/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/01/2026 से 22/01/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 1000/- नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत जिराऊ में श्री कनई दिवाकर के घर से इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 2 | ग्राम पंचायत जिराऊ के ग्राम कोठी नगला में मुख्य मार्ग रजनेश के घर से उदयवीर के घर तक इण्टर लॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 3 | ग्राम पंचायत इजौर में कायमगंज-अचरा रोड से श्री प्रदीप के खेत तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 4 | ग्राम पंचायत सैथरा में श्री महेश श्रीवास्तव के घर से श्री सुखपाल के घर तक नाली सहित इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 6.48 | 13000 | 1000 |
| 5 | ग्राम पंचायत रमापुर दबीर के ग्राम जयसिंहपुर में श्री अजब सिंह के घर से श्री रतिभान सिंह के घर तक नाली सहित इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.73 | 20000 | 1000 |
| 6 | ग्राम पंचायत ज्योना में श्री रंजीत पाल के घर से श्री राजेश पाल के घर तक नाली सहित सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.87 | 20000 | 1000 |
| 7 | ग्राम पंचायत पिलखना में श्री जयवीर के घर से दिवारी की मढ़इया तक इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 8 | ग्राम भटासा में श्री ओमकार के घर से श्री रामनिवास कठेरिया के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.70 | 20000 | 1000 |
| 9 | ग्राम पंचायत फतनपुर में मुख्य मार्ग से श्री विनोद कुमार चतुर्वेदी के फाटक तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 10 | ग्राम हरदुआ में श्री अशोक के घर से साधौ सिहं के घर तक इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य | 6.09 | 12000 | 1000 |
| 11 | ग्राम पंचायत नौली में श्री ग्रीष चन्द्र के दरवाजे से श्री संजेश पुत्र कुँवरपाल के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.75 | 20000 | 1000 |
| 12 | ग्राम पंचायत पिलखना के ग्राम बरमपुरी में प्रा0पा0 से श्री देवेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 13 | ग्राम पंचायत सिलसण्डा में श्री जमादार के घर से श्री अमर सिहं के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 14 | ग्राम पंचायत बबना में श्री जन्डैल के खेत से मैन रोड हरदुआ-बबना मार्ग तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 15 | ग्राम पंचायत कुरार में के ग्राम गनेशपुर में श्री सुमित के खेत से श्री पवन मास्टर के खेत तक सी0सी निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 16 | ग्राम पंचायत गठवाया में श्री रामवीर सिंह के घर से श्री जगदीश के घर तक सीसी निर्माण कर्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 17 | ग्राम पंचायत चन्दुइया में अचरा-कायमगंज रोड से श्री राजपाल (बण्टू) के खेत तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 3.78 | 7600 | 1000 |
| 18 | ग्राम पंचायत त्योरी इस्माइलपुर में अचरा-नवाबगंज मार्ग से खेरे होते हुए डुढ़यिापुर डामर रोड तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 19 | ग्राम पंचायत कड़ियोली से डामर रोड से श्री शिशुपाल के घर तक नाली सहित सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 20 | ग्राम पंचायत कुतुबुददीनपुर में श्री जदुनाथ के घर से गमा देवी मंदिर तक नाली सहित इण्टरलॉकिग निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 21 | ग्राम पंचायत कुतुबुददीनपुर में श्री डोरी लाल की जगह से श्री राजा राम के घर तक नाली सहित सी0सी0 निर्माण कार्य | 6.25 | 12500 | 1000 |
| 22 | ग्राम पंचायत मई रशीदपुर के मजरा शासइया में श्री रामेश्वर के घर से श्री हरिश्चन्द्र के घर तक नाली सहित इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य | 6.20 | 12500 | 1000 |
| 23 | ग्राम पंचायत हथौड़ा में भोले बाबा की मढ़ी तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 24 | ग्राम पंचायत ढर्राशादीनगर के नगला लाहोरी में मैन रोड से श्री श्याम सिंह के घर इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 25 | ग्राम पंचायत कढियोली डामर रोड से श्री शिशुपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 26 | ग्राम पंचायत ढर्राशादीनगर में शिवम के खेत से उनासी सीमा (नेम सिंह के खेत) तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 27 | ग्राम नौली में श्री कोतवाल की जगह से प्राइमरी स्कूल की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 28 | नगला मना में मैन रोड से श्री मोहन पुत्र श्री रामदास के घर से श्री केशराम के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 29 | ग्राम पंचायत बबना में शीटू शाक्य के घर से श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.03 | 12500 | 1000 |
| 30 | ग्राम पंचायत गठवाया में गुड्डू यादव के मकान से तेजराम के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 31 | ग्राम पंचायत सिवरई मठ में बराबीकू मुख्य मार्ग (भूरा की समर) से स्व0 श्री रामसरन के घर की ओर इण्टरलाकिंग सहित नाली निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 32 | ग्राम पंचायत सिलसण्डा में श्री अमर के घर से रामवीर के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 33 | ग्राम पंचायत ज्योना में राजेश के घर के सामने तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 9.93 | 20000 | 1000 |

**खण्ड विकास अधिकारी,
नवाबगंज-फर्रुखाबाद।**

# मितौली में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 16 शिकायतें आयीं

## खबरें एक नजर में

### 121 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह, सामाजिक समरसता की बनी मिसाल



**निघासन, खीरी।** राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह समारोह ने आस्था, संस्कार और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री परंपरा के अनुरूप संपन्न हुए इस भव्य आयोजन में 121 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। झंडी रोड स्थित महायज्ञ परिसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। वैदिक विधि-विधान से अग्नि के सात फेरे, मंत्रोच्चार और आचार्यों के मार्गदर्शन में सभी विवाह संपन्न कराए गए। शंखनाद और वैदिक घोष के बीच नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। आयोजन समिति द्वारा सभी नवदंपतियों को आवश्यक गृहस्थी का सामान भी भेंट किया गया। सामूहिक विवाह समारोह की विशेष बात सामाजिक सौहार्द की मिसाल रही, जब एक मुस्लिम जोड़े-रफाकत और नगमा बानो- का विवाह भी आदर्श परंपरा के अनुरूप संपन्न कराया गया। इस पहल को उपस्थित लोगों ने गंगा-जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। डॉ. चिन्मय पंड्या के मार्गदर्शन में यज्ञ-हवन एवं विवाह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, विकास अग्रवाल, मोनू दीक्षित, प्रदीप गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखद, स्वस्थ एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की गई। यह आयोजन निघासन क्षेत्र में सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

### युवक पर फायरिंग से दहशत, स्कूटी में लगी गोली, पैर में आई गंभीर चोट




**गोला गोकर्ण नाथ खीरी।** कोतवाली गोला क्षेत्र में रविवार रात एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। आरोप है कि मोटरसाइकिल से आए दो लोगों ने युवक पर फायरिंग की, जिसमें एक गोली उसकी स्कूटी में जा लगी, जबकि दूसरी गोली उसके पास से निकल गई। बाद में लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राघव कुंज कॉलोनी निवासी यशवर्धन सिंह रविवार रात करीब 9 बजे अलीगंज रोड स्थित फैंसी इम्पोरियम के बाहर अपने निजी कार्य से पहुंचे थे। वह दुकान के बाहर स्कूटी पर बैठे थे, तभी सब्जी रोड, वाल्मीकि मंदिर के पास निवासी भास्कर सिंह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा। आरोप है कि दोनों ने यशवर्धन सिंह पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पहला फायर उनकी स्कूटी में जा लगा। जान बचाने के लिए जब वह भागे तो दूसरा फायर किया गया, जो उनके बेहद करीब से निकल गया। घबराहट में वह स्कूटी से गिर पड़े, जिसके बाद अज्ञात आरोपी ने भास्कर सिंह के कहने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित कोतवाली गोला पहुंचे और घटना की सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक योगेश कुमार को सौंपी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, मुठभेड़ के बाद तमंचा, पिकअप, दो भैंस और नकदी बरामद, एक घायल



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** थाना गोला पुलिस को शनिवार तड़के बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी गोला भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गोला अम्बर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिनांक 4 जनवरी 2026 की रात करीब 2:31 बजे कोटवारा जंगल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुठभेड़ की। इस दौरान थाना गोला में पंजीकृत मुकदमा बीएनएस के वांछित अभियुक्त सुहेल उर्फ काली पुत्र मोहम्मद अहमद (24 वर्ष) एवं मुन्ना पुत्र रफीउल्ला, दोनों निवासी ग्राम भुड़वारा थाना गोला, को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में सुहेल उर्फ काली घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त महेन्द्रा पिकअप वाहन, दो भैंस तथा 4700 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद भैंसों को उनके स्वामी राम किशुन पुत्र छोटे लाल एवं जगदीश कुमार पुत्र रामस्वरूप, निवासी निगण वजीरनगर थाना गोला, को सुपुर्द कर दिया गया। तमंचा बरामदगी के आधार पर घायल अभियुक्त सुहेल उर्फ काली के खिलाफ थाना गोला में एक और मुकदमा बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया है। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त सुहेल उर्फ काली एवं मुन्ना के विरुद्ध पहले से ही गोवध निवारण अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से दोनों अपराधी पुलिस की रडार पर थे। इस सफल अभियान में थाना गोला, थाना हैदराबाद, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम शामिल रही।

### शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग, पीड़ित ने डीएम से की मुआवजे की मांग



**बांदा।** शार्ट सर्किट से अचानक लाग लगने से घर की गृहस्थी सहित अन्य आवश्यक सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। डीएम को दिये ज्ञापन में शहर के बबेरू रोड कालूकुआं निवासी संदीप कुमार पुत्र संतोष कुमार ने बताया है कि बीती देर रात उपकी अनुपस्थिति में आग लग गयी। जिससे उसके घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। उसमें धान विक्रय के 75 हजार रूपये भी जलकर खाक हो गये। पीड़ित ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं की समाधान की मांग की है।

### मेला स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर लिया जाए: सीडीओ



**बांदा।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर स्थानीय भूरागढ़ दुर्ग एवं नटबली बाबा मेला 14, 15 जनवरी, 2026 को मनाये जाने वाले महोत्सव की तैयारियों सम्बन्धी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित किया कि मेला स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर लिया जाए और शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। बांदा-महोबा राजमार्ग पर वाहनों से लगने वाले जाम को नियंत्रित करने एवं राजमार्ग पर दुकानों/ठेलों आदि को लगाये जाने पर प्रतिबन्ध आदि के बारे में यातायात प्रशासन एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर केन नदी में माताओं/बहनों, श्रद्धालुओं के स्नान स्थल पर केवल महिलाओं के स्नान उपरान्त कपडे बदलने आदि हेतु पूर्व की भांति टेन्ट आदि की व्यवस्था केन घाटों पर नगर पालिका परिषद द्वारा की जाए। इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा नटबली महोत्सव में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी की जाए। भूरागढ़ दुर्ग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में निर्मित शहीद स्मारक में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जिसमें आवश्यकता अनुसार महिला एवं पुरूष, पुलिस बल की तैनाती की जाए। केन नदी में स्नान के दौरान आकस्मिकता से निपटने हेतु गोताखोरों की तैनाती एवं सरकारी मोटर बोट आदि की व्यवस्था की जाए। रेलवे पुल पर रेल गाडियों के आवागमन में हार्न एवं धीमी गति आदि की व्यवस्था हेतु मण्डलीय रेल प्रबन्धक बांदा को निर्देशित किया गया। दुरेडी रेलवे क्रासिंग से नटबली समाधि तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जायेगा। मेले परिसर में नगर पलिका/नगर पंचायत द्वारा तैनात किये गये सफाई कर्मी अपने परिचय पत्र एवं निर्धारित डेऊस पहनकर ही कार्य करें। उन्होंने स्थायी सामुदायिक शौचालय की स्थापना हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया तथा मेला परिसर पर कूडे के उठान एवं मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया।

---

**तीन राजस्व प्रकरणों का मौके पर निस्तारण, आशा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**



**मितौली (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

मितौली तहसील मुख्यालय पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 प्रार्थना पत्र फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 6, बिजली विभाग के 2, पुलिस विभाग के 3 तथा विकास विभाग के 2 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। इनमें से राजस्व विभाग से संबंधित 3 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए एसडीएम मितौली ने शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील दिवस में मुख्य रूप से कस्ता विधानसभा के विधायक सौरभ सिंह सोनू तथा पुलिस उपाधीक्षक यादवेंद्र यादव उपस्थित रहे। कड़ाके की ठंड को देखते हुए विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किया गया।

इसी दौरान उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की टीम ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मितौली तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और एसडीएम मितौली को ज्ञापन सौंपा। आशा कार्यकर्ताओं ने तहसील में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक सौरभ सिंह सोनू से भी अपनी समस्याएं साझा कीं। इस पर विधायक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से फोन पर वार्ता कर आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### गोला नगर पालिका लगाएगी 8 जनसमस्या समाधान कैंप, 6 से 16 जनवरी तक मिलेगी त्वरित राहत

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से गोला नगर पालिका परिषद द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी से 16 जनवरी तक नगर के विभिन्न स्थानों पर आठ जनसमस्या समाधान कैंप आयोजित किए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने बताया कि इन कैंपों के माध्यम से नागरिकों को मौके पर ही राहत प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा अलग-अलग तिथियों पर आयोजित होने वाले इन कैंपों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रत्येक कैंप में एक पर्यवेक्षक, एक कंप्यूटर ऑपरेटर सहित नगर पालिका के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। कैंपों में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन से संबंधित समस्याओं के साथ-साथ नगर पालिका से जुड़ी पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, मार्ग, नाला-नाली और साफ-सफाई जैसी जनसमस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। कैंपों का आयोजन 6 जनवरी को नीलकंठ मैदान, 7 जनवरी को गौशाला, 8 जनवरी को गांधी स्मारक विद्यालय, 9 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, 12 जनवरी को पब्लिक इंटर कॉलेज, 13 जनवरी को फूल बाबा आश्रम, 15 जनवरी को त्रिलोक गिरी मंदिर परिसर तथा 16 जनवरी को नगर पालिका परिषद कार्यालय में किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर कैंप में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और इस सुविधा का लाभ उठाए।

## वन एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च, ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




बेलरायां एवं उत्तर निघासन रेंज क्षेत्र में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च बेलरायां, तकियापुरवा, कुशाही, हरद्वाही सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च का आयोजन दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक के निर्देशन में किया गया। अभियान उत्तर खीरी वन विभाग के आदेशानुसार संचालित हुआ, जिसमें एसडीओ निघासन, एसडीओ दुधवा, रेंजर बेलरायां समेत बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं वन रक्षक शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने अवैध कटान, वन्यजीव शिकार एवं जंगल से जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग को दें। वन विभाग द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है तथा आमजन में वन एवं वन्यजीव संरक्षण को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## 17 संगीन मुकदमों वाला एक लाख का इनामी बदमाश तालिब का हुआ एनकाउंटर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी जिले के अपराध जगत में वर्षों से दहशत का दूसरा नाम बने कुख्यात अपराधी तालिब उर्फ आज़म खान का आखिरकार अंत हो गया। फरधान थाना क्षेत्र के गौरिया गांव निवासी तालिब पर हत्या के प्रयास, लूट-डकैती, अवैध हथियार, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 17 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। लंबे समय से फरार चल रहे इस अपराधी पर लखनऊ जोन पुलिस द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सुल्तानपुर जिले के लंभुआ क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में उसकी मौत को सभी के लिए बड़ी और निर्णायक सफलता माना जा रहा है।

तालिब उर्फ आज़म खान, पुत्र गफ्फार खान, ने लखीमपुर खीरी जिले के फरधान, गोला, मितौली, नीमगांव और सदर कोतवाली क्षेत्रों में अपराध की लंबी श्रृंखला को अंजाम दिया था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2018 से लेकर 2025 तक उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट व डकैती, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आयुध अधिनियम के तहत गंभीर मामले दर्ज थे। लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के चलते वह जिले की कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था।

लखीमपुर खीरी पुलिस द्वारा कई बार उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए गए, लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। इनाम घोषित होने के बाद जिले की पुलिस के साथ-साथ आसपास के जनपदों में भी उसकी तलाश तेज कर दी गई थी। बताया जाता है कि तालिब के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के बाद उसके अवैध नेटवर्क पर भी पुलिस की सख्त नजर थी।

इसी बीच सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दियरा पुल के पास देर रात पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश को गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे प्राथमिक उपचार के बाद सुल्तानपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ स्थल से हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। कुख्यात अपराधी तालिब का अंत लखीमपुर खीरी को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी और अहम उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

### भाकियू ने खाद केन्द्रों की अव्यवस्थाओं पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अतर्रा/बांदा।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने किसानो की समस्या को लेकर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत करके किसानों के साथ धान खरीद केंद्रों में धान खरीदने में लापरवाही बरतने व किसानों के लिए कोई व्यवस्था केंद्रो में न होने का आरोप लगाया है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने लड़ाई को आर पार लड़ने का ऐलान किया है। भारती किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में किसने की समस्याओं को लेकर सोमवार को नई तहसील में किसने की नौ मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत कर दी नई तहसील में जारी धरने में किसान यूनियन ने उप जिला अधिकारी को दिए मांग पत्र में कहां है कि व्यापारियों द्वारा किसानों का ध्यान कम कीमत में खरीदा जा रहा है भरोसा अप मंडी में खुले सरकारी धान खरीद केंद्र में किस महीना से पड़ा है खरीद नहीं हो रही अप मंडी कुरान में पांच धान खरीद केंद्र होने के बावजूद किसान धान नहीं खरीदा जा रहा है कृषक उत्पादन मंडी के अंतर्गत कई उप मंडी में सरकारी खरीद केंद्र खुले हैं प्रत्येक मंडी में सुरक्षा को लेकर गार्ड नियुक्त है लेकिन किसानों के आने-जाने की कोई एंट्री नहीं है जिससे कालाबाजारी हो रही है किसने की एंट्री किया जाना आवश्यक है इसके साथ ही प्रत्येक मंडी में किसानों के लिए टोकन की व्यवस्था की जाए। व्यापारियों का ध्यान खरीदने में रोक लगाई जाए किसानों के धान की सुरक्षा की जाए मंडी समिति में किसानों की शुभ सुविधा व अन्य व्यवस्थाओं को भी चुस्त दुरुस्त किया जाए भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा है कि धान खरीद केदो में केंद्र प्रभारी की साथ गांठ से बिचौलियों का धान खरीदा जा रहा है किसान दो सप्ताह से भी ज्यादा समय से अपने नंबर के इंतजार में खुले आसमान में पड़ा है जो बहुत ही दुखद है किसान इस देश का भाग्य विधाता है पर किसने के पीठ में खंजर भौंकने का काम लोग कर रहे हैं।

## जनता के खोए हुए करीब 130 मोबाइल फोन को बरामद कर मालिकों को सौंपा

**आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बरामद किये मोबाइल**



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा जनता के खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने हेतु चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना व कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जनता के खोए हुए 130 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए। गौरतलब हो कि साइबर क्राइम पुलिस थाना व थाना कोतवाली नगर की सयुंक्त पुलिस टीम ने कठिन परिश्रम करते हुए जनता के विभिन्न कम्पनियों के कुल 130 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है जिसमें साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा 70 मोबाइल फोन तथा थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम द्वारा 60 मोबाइल फोन बरामद किए गए । बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख रुपए है। आज पुलिस लाइन बांदा सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम मेविस टॉक द्वारा उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए।

## सख्ती, संवेदनशीलता और निष्पक्षता की मिसाल बने प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान



**मैगलगंज, खीरी।** अच्छे कार्यो, सशक्त नेतृत्व और प्रभावी कार्यशैली के बल पर प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज इंद्रजीत सिंह चौहान ने क्षेत्र में एक सख्त, निष्पक्ष और संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। उनके कार्यभार संभालने के बाद से ही मैगलगंज क्षेत्र की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है, वहीं अपराधियों में पुलिस का स्पष्ट भय व्याप्त है।

प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में मैगलगंज पुलिस पूरी तरह मुस्तैद और सक्रिय दिखाई दे रही है। अपराध नियंत्रण को लेकर जहां एक ओर अपराधियों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उन्हें त्वरित और न्यायसंगत समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। आम नागरिकों के साथ उनका व्यवहार संवेदनशील, सहयोगात्मक और भरोसेमंद रहता है, जिससे पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। क्षेत्र में गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। परिणामस्वरूप जहां एक ओर अपराधी तत्वों में दहशत का माहौल है, वहीं आमजन खुद को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। कुल मिलाकर प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान की कार्यशैली पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बनकर उभरी है। उनकी सक्रियता, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के चलते मैगलगंज क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति निरंतर सुदृढ़ हो रही है, जो निस्संदेह प्रशंसनीय है।

## जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये: डीएम

**जिलाधिकारी ने बबेरू तहसील में सुनी फरियादियों की समस्याएं**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को जिलाधिकारी बाँदा, श्रीमती जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील बबेरू में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में कुल 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, नगरपालिका, चकबन्दी, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से आज मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण, जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में मुरवल के एक फरियादी द्वारा पट्टे की जमीन पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। ग्राम रघुवरपुर के एक फरियादी द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल एवं कानूनगो को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। काजीपुर गॉव के एक फरियादी ने रास्ते में मिट्टी डलवाने एवं जल निकासी किये जाने के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने बीडीओ बबेरू को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम जामू के एक फरियादी द्वारा उसकी जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल जामू को पैमाइश कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिये। मर्का के एक फरियादी द्वारा सरकारी जमीन पर नल पर किसी व्यक्ति द्वारा अपने कब्जे में लेने की शिकायत पर एसएचओ मर्का को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण करने निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप जिलाधिकारी बबेरू अवनीश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनपद में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान



**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज जनपद बांदा में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया । चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना । अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया । बैंक/एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए । पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया तथा सहयोग बनाए रखने की अपील की गई । साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके । इस दौरान बैंकों व एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की भी जांच की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई ।

## नोडल शिक्षकों को दिया गया सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण

**शहर के बजरंग इण्टर कालेज में हुआ आयोजन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पाँचवें दिवस आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा में मंडलीय मास्टर ट्रेनर/ समन्वयक (सड़क सुरक्षा) डा. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के कालेज/ विद्यालयों से आए हुए नोडल सड़क सुरक्षा शिक्षकों का प्रशिक्षण दिलाया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स को विशेष रूप से जनपद बांदा के यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु डॉ मिश्रा द्वारा प्रशिक्षित किया गया। विशिष्ट अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार द्वारा उपस्थित नोडल शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने हेतु प्रहरी बनकर नेतृत्व देने की बात कही साथ ही अपेक्षा की कि शिक्षक समाज का आईना होते हैं इस महत्वपूर्ण विषय में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में मदद करेंगे। मंडलीय मास्टर ट्रेनर । समन्वयक डॉ पीयूष मिश्रा ने अतरराष्ट्रीय एव राष्ट्रीय आंकड़ों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए शिक्षकों को समाज में छात्रों का सहयोग लेते हुए दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु एक कडी बनाने का लक्ष्य दिया साथ ही एक नेक मददगार बन समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया तथा अपेक्षा की कि इस अभियान को आज से अपने घर से शुरू करेंगे। परिवहन विभाग से एआरटीओ श्री गुलाब चन्द्र ने स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने एवं समय-समय पर ड्राइवर के नेत्रों के परीक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया। यात्री कररामालकर अधिकारी वीरेंद्र नाथ राजभर ने सुविधाजनक लाइसेंस आवेदन के तौर तरीके बताएं तथा विभिन्न यातायात नियमों की जानकारी दी, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने स्टंट करने से बचने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं कोहरे के मौसम में निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की हिदायत दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज बांदा मिथिलेश पांडे ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने का संकल्प दोहराया। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सुनील सक्सेना ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया, अंत में संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई इस अवसर पर विभिन्न कालेजों/विद्यालयों से आए हुए नोडल शिक्षक/ शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।